ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 34, अंक 144, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड ने जीता 13

जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 14



एक नजर

फोन पर भी ले सकते हैं बसों की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लखनऊ क्षेत्र के प्रमुख बस स्टेशनों के फोन नंबर और हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। हेल्पलाइन 18001802877 के साथ ही यात्री परिवहन निगम की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बसों की जानकारी के लिए बस अड्डों के नंबरों पर फोन कर सकते हैं। आलमबाग बस टर्मिनल के लिए 8726005891, चारबाग बस स्टेशन के लिए 8726005892, कैसरबाग बस स्टेशन के लिए 8726005893 और अवध बस स्टेशन (कमता) 8726005858 पर संपर्क हासिल कर सकते हैं। अधकारियों ने यात्री सुविधा को और भी बेहतर बनाने के लिए अन्य योजनाओं पर कार्य चल रहा है।

लापरवाही में फंसी 1962 सेवा तो बताई गाइडलाइन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पशुओं के उपचार की 1962 सेवा लापरवाही से घिरी तो पशुपालन विभाग को केंद्र की गाइडलाइन याद आई। शासन ने जवाब मांगा तो प्रदेश में संचालित 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) कैटिल यानी गाय, भैंस के उपचार के लिए बताई न कि अन्य पशुओं के लिए।

अन्य पशुओं का उपचार सरकारी अस्पतालों में करना बताया। जबकि संचालन करने वाली पांच कंपनियां डेढ़ वर्ष से गांव-गांव कैंप करके 1962 सेवा से पशुओं का उपचार करने की जानकारी दे रहीं हैं। एमवीयू हो या पोस्टर-बैनर या फिर विभागीय बैठक सिर्फ पशु उपचार की बात होती है। लेकिन, किन पशुओं का उपचार करने के लिए एमवीयू मौके पर जाएगी यह चिकित्सक और पशुपालकों को नहीं पता है। टोलफ्री नंबर 1962 लगाने पर टेलीकॉलर भी पशु हेल्पलाइन बोलकर स्वागत करते हैं। जो आकस्मिक स्थिति में एमवीयू नहीं भेजते हैं, यदि किसी तरह भेजते हैं तो पशु के मरने के बाद एमवीयू पहुंचती है। इस तरह की शिकायतों की जांच कराई गई लेकिन, गोलमोल कर कार्रवाई नहीं की गई।

- गाय-भैंस के लिए है मोबाइल वेटरनरी यूनिट, बाकी पशुओं के लिए नहीं
- डेढ़ साल से प्रचार में नहीं दी सही जानकारी, अभाव में दम तोड़ रहे पशु

5.20 करोड़ पशुओं पर 520 एमवीयू

1962 सेवा केंद्र की योजना है। जो प्रदेश में मार्च 2023 में संचालित हुई थी तब से तमाम शिकायतें हैं। एक लाख कैटिल पर एक एमवीयू मिली है। इस आधार पर कुल 520 एमवीयू 5.20 करोड़ गाय व भैंस की संख्या के आधार पर बांटी हैं। जो नियम के अनुसार दो किमी के दायरे में पशु अस्पताल या केंद्र होने पर वहां पशुओं उपचार करने नहीं जाती है। जो एमवीयू संचालित हैं उनमें ज्यादातर उपचार की सेवा का प्रचार करती हैं। फिर भी पशुपालक जागरूक नहीं हो पाए हैं।

> केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार एमवीयू गाय-भैंस के उपचार के लिए है। फिर भी कॉल आने पर अन्य पशुओं का उपचार करते हैं। लापरवाही की शिकायतों पर कंपनियों का कई बार बजट रोका गया है। जो कमियां हैं वर दूर कर रहे हैं।
>
> **-डॉ. पीएन सिंह,** निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग

ज्ञानवापी मामले की सुनवाई करने वाले जज की जान को खतरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर चुके जज रवि कुमार दिवाकर की जान को खतरा है। उनको इस्लामिक कट्टरपंथी द्वारा धमकी दी गई थी। इस मामले में एटीएस स्पेशल कोर्ट के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखा है। जिसमें रजिस्ट्रार जनरल से सुरक्षा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। वहीं इसे अतिसंवेदनशील बताते हुए पत्र की प्रति प्रमुख सचिव गृह ओर डीजीपी को भी भेजा है। जज रवि कुमार दिवाकर वर्तमान में बरेली सेशन कोर्ट में सेवारत हैं।

- एटीएस ने गोमतीनगर कोतवाली में दर्ज कराई है एफआईआर

उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को भेजे गए पत्र में एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने लिखा है कि ज्ञानवापी मस्जिद प्रकरण की सुनवाई करने वाले जज रवि कुमार दिवाकर को भोपाल के नवी बाग निवासी अदनान खान द्वारा जानमाल की धमकी दी गई है। जिसको लेकर एटीएस ने गोमतीनगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वर्तमान में बरेली सेशन कोर्ट में सेवारत जज की सुरक्षा के लिए भेजे गए पत्र में कहा गया है कि खिलजी नाम से आरोपी इंस्टाग्राम अकाउंट चला रहा है। जिसके द्वारा धमकी दी गई है। आरोपी ने अपनी विचारधारा से जुड़े लोगों को जज के खिलाफ दुष्प्रेरित किया है।

रच रहे षड़यंत्र

वहीं, विवेचना में सामने आया है कि कट्टरपंथी जज की हत्या का षडयंत्र रच रहे हैं। पुलिस रिमांड के दौरान अदनान की निशानदेही पर 14 जून को दो मोबाइल फोन और एक पेन ड्राइव बरामद की गई है, जिनसे पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

ललितपुर समेत तीन इकाइयां ठप बिजली संकट से राहत नहीं

बारा और हरदुआगंज की बिजली इकाइयां भी हुईं बंद, ग्रामीण क्षेत्रों में आपात बिजली कटौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मौसम में कुछ सुधार के बाद भी गुरुवार को बिजली कंपनियों को बिजली संकट से राहत नहीं मिल सकी। ललितपुर, बारा व हरदुआगंज बिजलीघरों की एक-एक इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र आपात बिजली कटौती का सामना करते रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ललितपुर की 660 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व हरदुआगंज की 110 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई। इससे राज्य के बिजलीघरों से बिजली की उपलब्धता प्रभावित हो गई। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति में काबू में की गई। बिजली अभियंता बारा इकाई के 22 जून व बाकी इकाइयों को देर रात तक हो जाने की उम्मीद जताते रहे। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,448 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता में अंतर होने के कारण करीब 845 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई। इस दौरान प्रदेश के ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली संकट बना रहा। गर्मी में बिजली न होने पर लोग परेशान रहे।

- बिजली की अधिकतम मांग 29,448 मेगावाट दर्ज हुई
- करीब 845 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई

विरोध के बीच शुरू किया स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना

अमृत विचार लखनऊ : प्रदेश में विरोध के बीच बिजली कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल कंपनियों ने बिजली ट्रांसफार्मर पर 31 मीटर लगाये हैं। कंपनियां उपभोक्ताओं के घरों में भी मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं। प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों की ओर से निजी घरानों को दिए गए लगभग 25 हजार करोड़ की लागत वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लगाने की शुरुआत हो गई है। पूर्वांचल, दक्षिणांचल व पश्चिमांचल निगमों में यूजर एक्सेप्टेंस टेस्ट (यूएटी) के लिए 31 स्मार्ट प्रीपेड मीटर वितरण ट्रांसफार्मर पर लगाए गए हैं। जल्द ही प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसका कड़ा विरोध करते हुए मीटर लगाने की कार्रवाई बंद करने की मांग की है।

स्मार्ट मीटर में लगाए जा रहे चायनीज उपकरण

विद्युत उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि निजी बिजली कंपनियां स्मार्ट प्रीपेड मीटर में चायनीज उपकरण लगा रही हैं। इसका विरोध किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर न लगाये जाने का निर्णय लिया है, ऐसे में प्रदेश सरकार को इस पर तत्काल रोक लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई है, जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने को विद्युत अधिनियम का उल्लंघन बताया गया है। साथ ही, याचिका में केंद्र सरकार की ओर से जारी नियम निरस्त करने की मांग की गई है।

16 प्रशिक्षु आईएएस ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

लोकभवन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के साथ प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: 2023 बैच के 16 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सफलता का मूलमंत्र दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि आज के दौर में जन आकांक्षाएं तेजी से बढ़ रही है। लोक सेवक के लिए आने वाले समय में बड़ी चुनौतियां आएंगी, जिनका उन्हें समाधान निकालना होगा। अधिकारियों को अपने कार्यों, निर्णयों व सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग की जवाबदेही खुद तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अंदर अहंकार न रखें। टीम भावना से कार्य करें। अधिकारियों का कार्य आम नागरिकों के चेहरे पर खुशियां लाना है। प्रशिक्षु अधिकारियों में इशिता किशोर, स्मृति मिश्रा, स्वाती शर्मा, शिशिर कुमार सिंह, वैशाली, गुंजिता अग्रवाल, नितिन सिंह, अनुभव सिंह, सई आश्रित शाखमुरी, नारायणी भाटिया, महेंद्र सिंह, चलुवराजु आर, काव्या सी, दीपक सिंघनवाल, साहिल कुमार व रिंकू सिंह राही शामिल थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की निदेशक नीना शर्मा, अपर निदेशक डॉक्टर गरिमा यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

- मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सफलता का दिया मूलमंत्र

1.25 लाख प्रशिक्षित युवाओं को मिला रोजगार

अमृत विचार, लखनऊ: व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत अब तक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दो लाख 35 हजार 334 ग्रामीण युवाओं में एक लाख 25 हजार 822 को रोजगार मिल चुका है। इस योजना में मुख्यतया बीपीएल परिवारों के साथ ही मनरेगा श्रमिक, बेरोजगार, अल्प शिक्षित व स्कूल ड्रॉपआउट करने वाले युवाओं को लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने गुरुवार को बताया कि युवाओं की क्षमताओं के आधार पर उन्हें रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को विभिन्न विषय अपैरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, डॉमेस्टिक वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, फूड प्रॉसेसिंग, ग्रीन जॉब्स, लेदर, आईटी-आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, पावर आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही हैं।

25 लाख घरों पर लगेंगे सोलर रूफटॉप

अमृत विचार, लखनऊ: केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों को लगाने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

प्रमुख सचिव ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत नरेंद्र भूषण ने अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को समितियां बनाकर इसे पूरा करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव गुरुवार को सचिवालय में सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में नगर निगमों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

केवाईसी न होने पर नहीं मिलेगा राशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सरकारी योजना के तहत मुफ्त में राशन पाने वाले लोग 25 जून से पहले 'ई-केवाईसी' करा लें। ऐसा न होने पर उन्हें मुफ्त का राशन नहीं मिल सकेगा। खाद्य विभाग की ओर से 21 जून से कार्ड धारकों का ई-केवाईसी अभियान शुरू होगा।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी की जिम्मेदारी कोटेदारों को सौंपी गई है। राशन कार्ड में जितने भी सदस्य होंगे, उन सभी की ई-केवाईसी होगी। 21 जून से शुरू इस अभियान के दौरान राशन का वितरण 25 जून तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी राशनकार्ड धारकों को ई-केवाईसी कराना जरूरी है। अगर ई-केवाईसी नहीं कराई गई तो राशन कार्ड से नाम हटा दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि ई-केवाईसी के लिए खाद्य एवं रसद आपूर्ति विभाग की और से विस्तृत गाइडलाइन और दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। ई-केवाईसी के जरिये पात्र लोगों का पता लगाया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में कुल 3,60,95,799 राशन कार्ड धारक हैं। प्रति यूनिट पांच किलो राशन दिया जाता है। ऐसे में कुल 18,04,78,995 लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है।

- 25 से पहले करानी होगी ई-केवाईसी
- आज से शुरू किया जाएगा अभियान

रेलवे कॉलोनियों में सुधार की मांग उठाई

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की दो दिवसीय 214 वीं स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक में रेलवे कालोनियों के आवासों में सुधार और रेलवे स्टेशन मास्टरों के कमरों को वातानुकूलित करने की मांग उठाई गई।

उद्घाटन डीआरएम एसएम शर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने मंडल की उपलब्धियों एवं भविष्य में क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री बीसी शर्मा, मंडल अध्यक्ष आरपी राव, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पीसीएस की गाड़ी से उतरवाई नीली बत्ती

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : शहर में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और एसडीएम लिखे वाहन पर लगी नीली बत्ती को उतरवाया। पुलिस की इस कार्रवाई का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो जिले के आलाधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए उन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया।

लखनऊ-अयोध्या मार्ग के पटेल तिराहे पर बुधवार शाम नगर कोतवाली की पुलिस टीम ने वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान उप्र. सरकार लिखी, नीली बत्ती लगी एक गाड़ी को पुलिस ने रोक लिया। सरकारी गाड़ी पर नीली बत्ती के साथ हूटर भी था। पुलिस कर्मियों ने ड्राइवर से जानकारी की तो पता चला कि गाड़ी पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह की है। उसके बाद भी पुलिसकर्मियों ने गाड़ी पर लगी बत्ती को ड्राइवर से उतरवा दिया। पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह बाराबंकी के रामनगर तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात हैं। इनके पास फतेहपुर तहसील का भी न्यायिक मजिस्ट्रेट का चार्ज है। कार्रवाई के समय उनकी बहन गाड़ी में बैठी थीं। घटनाक्रम की जानकारी मधुमिता ने जिलाधिकारी तक पहुंचाई। डीएम ने इसकी जानकारी एसपी दिनेश सिंह को दी। एसपी को पता चला कि यह कार्रवाई नगर कोतवाली के एसएसआई विष्णु कुमार शर्मा और आवास विकास चौकी इंचार्ज मनोज सिंह ने की थी।

- एसपी ने एसएसआई और चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

> गलत व्यवहार करने के कारण दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। **-दिनेश कुमार सिंह,** एसपी, बाराबंकी।

पुलिस के खिलाफ बन रहा नकारात्मक माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: यातायात पुलिस द्वारा लाल-नीली बत्ती व हूटर-सायरन के अवैध प्रयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान से अब सरकार के विभागों में पुलिस के खिलाफ नकारात्मक माहौल बनने लगा है। हालात देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इससे पुलिस को दूरगामी नुकसान हो सकता है। क्योंकि अन्य विभागों के अफसरों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है।

सर्वाधिक नाराजगी मजिस्ट्रेट स्तर के अफसरों में है। खासकर एडीएम और एसडीएम खासा नाराज हो रहे हैं। इसके अलावा जिले में डीएम के बाद सबसे महत्वपूर्ण पद मुख्य विकास अधिकारी भी इस अभियान की जद में आ रहे हैं। कई मुख्य चिकित्साधिकारी और संभागीय परिवहन अधिकारियों की बत्तियां भी उतारी गई हैं। परिणाम स्वरूप इन अफसरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है, जिसका खामियाजा पुलिस को भुगतना पड़ सकता है।

इन अधिकारियों पर कार्रवाई चर्चा में रहीं: बहराइच के मिहीपुरवा में नायब तहसील तहसीलदार अपनी गर्भवती पत्नी को अस्पताल भर्ती कराने ले जा रहे थे, उन्हें रोककर कार्रवाई की गई। मिर्जापुर में एडीएम के वाहन में लगी बत्ती बीच सड़क उतरवाई गई। सहारनपुर में तैनात महिला एसडीएम का हूटर सीओ ने उतरवाया। कासगंज में तैनात एसडीएम का हूटर उतरवाया गया। चर्चा यह भी रही कि पुलिस कर्मी जिन अफसरों से चिढ़ते थे, इसी अभियान की आंड़ में अपना खुन्नस भी निकाला।



गुरुवार को सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिष्टाचार भेंट के दौरान पुष्पगुच्छ देते मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला। अमृत विचार

बांस की कॉटेज में पर्यटक ले सकेंगे आनंद

अमृत विचार, लखनऊ: पीलीभीत टाइगर रिजर्व का मुख्य प्रवेश द्वार को भव्य बनाने के साथ अंदर बांस के कॉटेज (बैम्बू काटेज) बनाए गए हैं।

इसके अलावा टाइगर रिजर्व में एडवेंचर स्पोर्ट्स की सुविधा शुरू की गई है। इस तरह की कई सुविधाएं हैं जो पर्यटकों को लुभाने के साथ ही, पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। यह जानकारी गुरुवार को संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व उप्र. में जैव विविधता और बंगाल टाइगर के संरक्षित किए जाते हैं। जिसे 1.67 करोड़ रुपये की लागत से और सुविधा जनक बनाया गया है।

प्रदेश को 2027 तक मलेरिया मुक्त करने को जुटा विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: साल 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त होना है, इसके लिए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है। मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग पर विशेष बल दिया जा रहा है। सभी जिला मलेरिया अधिकारियों, संबंधित कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है और जिलों मे मलेरिया की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है। लखनऊ की जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि मच्छर नियत्रंण के लिए इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है।

- मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूरा इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश

बयानबाजी पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार का अब कोई भी अधिकारी, कर्मचारी मनमानी बयानबाजी मीडिया पर नहीं कर सकेगा। इसको लेकर शासन ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है।

आदेश के मुताबिक, मीडिया से बात करने के लिए पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। आदेश में कहा गया है कि अखबार में मनमाफिक लेख न लिखे और टीवी-रेडिओ में न बोले। वहीं सोशल मीडिया के लिए भी नियम तय किए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी द्वारा बुधवार को जारी आदेश में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 का हवाला दिया गया है। इस नियमावली के नियम-3(2) में यह प्रावधान है कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को सदैव आचरण एवं व्यवहार को विनियमित करने वाले विशिष्ट अथवा निहित सरकारी आदेशों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। आदेश में है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी बिना सरकार की पूर्व स्वीकृति के किसी भी समाचार पत्र या पत्रिका का स्वामित्व, संचालन या संपादन या प्रबंधन नहीं करेगा। यदि किसी प्रकार की शिकायत मिली तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

- सोशल मीडिया पर नीतियों को लेकर सवाल उठाना सरकारी कर्मियों पर पड़ सकता है भारी
- सरकारी सेवकों के संचार माध्यमों के उपयोग के नियम याद दिलाए

साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक लेखों पर अंकुश नहीं

आदेश में आगे कहा गया है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी सरकार या किसी अधिकृत अधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी रेडियो प्रसारण में भाग नहीं लेगा या किसी समाचार पत्र या पत्रिका को कोई लेख नहीं भेजेगा। यह प्रतिबंध अपने नाम से या गुमनाम रूप से समाचार पत्रों या पत्रिकाओं को पत्र लिखने पर भी लागू होता है। हालांकि, अगर ऐसे प्रसारण या लेख की प्रकृति पूरी तरह से साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक है, तो मंजूरी की कोई जरूरत नहीं है।

रिपोर्ट | पांच वर्ष में पहली बार लू के प्रकोप से गई जान, अल नीनो के प्रभाव से तापमान में हुई वृद्धि

प्रदेश में हीट वेव से अब तक केवल 44 मौत की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में हीट वेव से केवल 44 मौतों की पुष्टि हुई है। सरकारी रिकार्ड में इनती मौतें लू के प्रकोप से मानकर मुआवजा दिया गया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में सैकड़ों लोगों की जान जाने का दावा किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि पांच साल में पहली बार गर्मी का कहर ऐसा रहा कि लू के प्रकोप से मौतें हुई हैं।

आपदाओं की रोकथाम और उससे प्रभावित लोगों को राहत देने वाले आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार तक केवल 44 मौतें होने का दावा किया है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार का कहना है कि इस वर्ष गुरुवार तक आपदाओं में 570 मौतें हो चुकी हैं। 15 मौत बीते 24 घंटे में दर्ज की गई है। इसमें हीट वेव से एक भी मौत की पुष्टि नहीं हुई है। उनका कहना है कि मृतकों को नियमानुसार मुआवजा देने की कार्रवाई चल रही है। राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा दिया गया है।

- 15 मौत बीते 24 घंटे में दर्ज की गई हैं
- बचाव के लिए दो करोड़ रुपये का बजट जारी

लू से बचाव के लिए दो करोड़ बजट: राहत आयुक्त कार्यालय से इस साल लू से बचाव के लिए दो करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया था। इससे भीषण गर्मी में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करनी थी। बुंदेलखंड में पानी की समस्या को देखते हुए हमीरपुर, बांदा और झांसी को सबसे ज्यादा धन दिया गया था। हालांकि इसमें केवल झांसी ने ही इस मद से पेयजल के लिए रकम ली थी। बाकी जिलों ने अन्य स्रोतों और विभागों की मदद से पेयजल की व्यवस्था पूरी कर ली थी। विभागीय अफसरों का कहना है कि मद से पेयजल पर करीब 40 लाख रुपये ही खर्च हुए। बाकी रकम मृतकों को मुआवजे के तौर पर दी गई है।

आपदा में हुईं मौतें

वर्ष	मौत
2019-20	1435
2020-21	1402
2021-22	2642
2022-23	2244
2023-24	3399
2024-25	570

पांच साल में पहली बार गर्मी ने ली जान: वर्ष 2019 से अब तक के आंकड़े बताते हैं कि पहली बार लू के प्रभाव से प्रदेश में मौतें हुई हैं। पिछले वर्ष लू से केवल एक मौत दर्ज की गई थी। अधिकारियों का कहना है कि अल नीनो की वजह गर्म हुई समुद्री सतह ने इस बार तापमान में अनुमान से काफी अधिक वृद्धि करने के साथ लगातार गर्म हवा के प्रभाव को जारी रखा। इसकी वजह से पहली बार प्रदेश में लू के प्रकोप से इतनी मौतें हुईं।

आंधी, तूफान ने ली 6 लोगों की जान

झुलसाने वाली गर्मी और लू के बीच बुधवार को मौसम में हुआ बदलाव जानलेवा भी रहा। रात में अचानक आए आंधी-तूफान में अलग-अलग जिलों में 6 लोगों की जान चली गई। इसमें बलरामपुर, बरेली, बदायुं में एक-एक और लखीमपुर खीरी में 3 मौत हुई।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 34, अंक 144, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव 13

अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धि: प्रभास 14

मुख्य प्रबंधक, तीन सहायक प्रबंधक और बाबू निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एकेटीयू के 120 करोड़ रुपये की हेराफेरी का मामला
- डीसीपी पूर्वी ने कार्रवाई के लिए भेजी थी रिपोर्ट

अमृत विचार : एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ की हेराफेरी में डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर बैंक ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट के आधार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबन्धक अनुज सक्सेना, सहायक प्रबन्धक सौरभ श्रीवास्तव, सचिन कुमार रावत, नीलू और क्लर्क अमित गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने पत्र लिखकर बैंक के अधिकारियों को निलंबित करने की सिफारिश की थी। इनके खिलाफ आंतरिक जांच भी की जा रही है। बैंक की जांच पूरी होने के बाद पुलिस यहां के अन्य कर्मचारियों के बयान भी लेगी। पुलिस के मुताबिक अगर कोई गिरोह के साथ साठगांठ का आरोपी मिलता है तो उसका नाम एफआईआर में बढ़ा दिया जायेगा। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात पहले भी सामने आयी थी । लेकिन तब किसी ने निलंबित की पुष्टि नहीं की थी। इंस्पेक्टर बृजेश यादव के मुताबिक बैंक के रीजनल मैनेजर मार्केण्डेय कुमार ने इन चारों बैंक कर्मचारियों का निलम्बन किये जाने की पुष्टि की है।

बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने किया रद

सरकार ने एससी, एसटी और ओबीसी, ईबीसी आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% किया था, उप मुख्यमंत्री ने कहा- सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुए पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिए जाने वाले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने

आरक्षण पर आए पटना हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

इन याचिकाओं में नवंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण में वृद्धि को लेकर लाए गए कानूनों का विरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में से एक रितिका रानी ने कहा अदालत ने हमारी याचिका पर मार्च में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संशोधनों (आरक्षण में वृद्धि को लेकर) ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 20 का उल्लंघन किया है। आज अदालत ने हमारी याचिकाएं स्वीकार कर लीं। दरअसल नीतीश कुमार सरकार ने पिछले साल 21 नवंबर को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की सरकारी अधिसूचना जारी की थी। बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी की कुल आबादी 21 प्रतिशत से अधिक है।

भाजपा आरक्षण विरोधी : तेजस्वी

पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग आहत हुए हैं । उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे यह हम लोग शुरू से ही कहते रहे हैं और चुनाव के दौरान भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी हैं।

ईडब्ल्यूएस के कोटे से आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी

सरकार का मानना है कि आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन केंद्र द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के कारण पहले ही हो चुका है। इसलिए राज्य सरकार अपने आरक्षण कानूनों में संशोधन लेकर आई, जिसके तहत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं ईबीसी (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्ग के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस के लिए कोटा मिलाकर बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी।

जम्मू-कश्मीर के लोग चुनेंगे सरकार, चुनाव जल्द : मोदी

प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और वह दिन दूर नहीं जब केंद्र शासित प्रदेश के लोग अपनी सरकार का चुनाव करेंगे तथा अपना राज्य का दर्जा वापस हासिल करेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद घाटी के अपने पहले दौरे में मोदी ने श्रीनगर में 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।

जम्मू क्षेत्र में हाल की आतंकी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए उन्होंने हमलों को अंजाम देने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान और 35 साल का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जम्मू कश्मीर के लोगों को बधाई दी और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप अपने वोट के जरिए अपनी सरकार चुनेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा अब समय आ गया है कि जम्मू एवं कश्मीर के लोग अपने वोट के माध्यम से अपनी सरकार चुनें। इसके लिए विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है। मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा भी बहाल किया जाएगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भारी मतदान के लिए जम्मू-कश्मीर के युवाओं की

युवती का अभिवादन स्वीकार करते मोदी।

प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने लोकतंत्र की जीत सुनिश्चित की है। मोदी ने हाल के दिनों में जम्मू कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का उल्लेख करते हुए देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वे यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाले अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। उन्होंने कहा, अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है। आज वो आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर का विकास रुक सके।

2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है।

इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया

मोदी ने कहा अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू एवं कश्मीर की आवाम की, आपलोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है।

नीट काउंसलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए को नोटिस उच्च न्यायालयों में सुनवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 को रद करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट 2024 परीक्षा से संबंधित कुछ लंबित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जैसे ही पीठ ने एनटीए की याचिकाओं पर नोटिस जारी किए, एजेंसी की ओर से पेश वकील ने आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के समक्ष इन मामलों में कार्यवाही रोक

दी जाए। पीठ ने कहा नोटिस जारी किया जाता है, जिस पर 8 जुलाई तक जवाब दाखिल करना होगा। इस बीच, उच्च न्यायालयों के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने कई अन्य याचिकाओं पर भी विचार किया, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए उन 20 छात्रों की याचिका भी शामिल है, जो 5 मई को आयोजित परीक्षा रद करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने एनटीए और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने स्पष्ट किया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगा रही है। यह सब पहले दिन से ही चल रहा है और वे (कुछ याचिकाकर्ता) काउंसलिंग पर रोक चाहते हैं। हमने इससे इनकार किया है।

केंद्र के वकील बोले-कोचिंग संस्थान याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए

केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि कई बार कोचिंग संस्थान भी याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए हैं। पीठ ने कहा उन्हें आने का अधिकार है। क्योंकि उनका व्यवसाय केवल इन छात्रों से है और यदि आप उनके साथ खेलते हैं और उनके अधिकारों में दखल देते हैं, तो ये कोचिंग संस्थान आएंगे ही।

याची के वकील ने पीठ से कहा- बिहार और गुजरात में मिली अनियमितिता

याची के वकील ने पीठ को बताया कि परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बिहार में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अनियमितताओं के संबंध में बिहार और गुजरात में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और पुलिस से इन मामलों में अपनी जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। पीठ ने पाया कि मामले में याचिकाकर्ता भी इसी तरह की दलीलें दे रहे हैं।

एक नजर

पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और कर्नाटक के रणजी खिलाड़ी डेविड जॉनसन की गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। वह 52 वर्ष के थे। पूर्व क्रिकेटर के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है। स्थानीय पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है कि कही यह मामला अत्महत्या से जुड़ा तो नहीं।

भर्तृहरि महताब लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली। सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को गुरुवार को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने यह जानकारी दी। 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्य अस्थायी अध्यक्ष के समक्ष शपथ लेंगे।

संवेदनशील बने पुलिस, कोताही बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी का निर्देश- आमजन की पीड़ा सुनें और समय से निस्तारण करें

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को समय सीमा के अंदर न्याय मिले।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर जनता दर्शन में सामने आ रहीं पुलिस की प्रताड़ना से सम्बंधित शिकायतों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। बोले कि पीड़ितों के प्रति पुलिस संवेदनशील रहे और स्थानीय स्तर पर ही मामले निपटाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते और उनके निस्तारण का आदेश देते हुए।

किया। इस दौरान राज्य के विभिन्न कोनों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई।

योगी ने प्रत्येक पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उपचार के मद्देनजर आर्थिक सहायता के लिए आए प्रार्थना पत्रों पर मुख्यमंत्री ने कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी योगी ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए। वहीं योगी ने युवाओं की भी समस्याएं सुनीं, जिस पर उन्होंने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

राजभवन में मौजूदा पुलिस दल के साथ सुरक्षित नहीं : बोस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के मौजूदा दल की वजह से अपनी सुरक्षा को खतरा होने का अंदेशा है। बोस ने हाल ही में पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद यह बयान आया है। हालांकि, पुलिसकर्मी अभी भी राज्यपाल भवन में तैनात हैं। बोस ने कहा मेरे पास कारण हैं, जिनकी वजह से मुझे लगता है कि मौजूदा प्रभारी और उनका दल मेरी निजी सुरक्षा के लिए खतरा है।

बेसमेंट की खोदाई में एक की मौत

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

- तीन घायल, दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज,एसडीएम ने लेखपाल को जांच के दिये आदेश

अमृत विचार : बिना अनुमति निर्माणाधीन बिल्डिंग में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए बेसमेंट में की जा रही खोदाई के दौरान एक तरफ की मिट्टी ढह गई। गुरुवार सुबह हुए इस हादसे में चार मजदूर दब गए। पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने चारों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले की जांच एसडीएम ने लेखपाल को जांच सौंपी है, जो डीएम को भेजी जाएगी। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना सैरपुर थाना क्षेत्र के रैथा रोड पर सहाय एन्क्लेव कॉलोनी की है। यहां पर निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठेकेदार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करा रहा था। बेसमेंट की खोदाई में करीब 10 से 10 मजदूर लगे थे। सुबह करीब 9.40 बजे बेसमेंट की एक साइड की मिट्टी ढह गई। इसमें मजदूर सूर्यलाल (50) निवासी मरेठा लखीमपुर, तिवारी लाल (40) निवासी चक रेऊसा, थाना बिसवां, जिला सीतापुर, बचनेश (42) निवासी राम पाण्डेय पुरवा थाना धरौहरा, जिला लखीमपुर और जगमोहन (44) निवासी टिकरी, जिला सीतापुर दब गए। साथी मजदूरों ने पुलिस और बीकेटी फायर स्टेशन को सूचना देकर दबे मजदूरों को निकालने के लिए मिट्टी हटानी शुरू की। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने मिट्टी हटाकर चारों को निकाला। सभी को शाढ़ामऊ स्थित सौ शैय्या अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने सूर्यपाल को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में उप जिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी का कहना है कि बिना अनुमति खोदाई की जा रही थी। लेखपाल को भेजकर जांच कराई जा रही, रिपोर्ट जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

20 हजार करोड़ के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआर, मुंबई और नागपुर में ईडी द्वारा की गई छापेमारी
- एमटेक समूह और इसके निदेशकों के खिलाफ की जा रही है छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को एक कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की।

कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की हेराफेरी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि एमटेक समूह और इसके निदेशकों- अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीबीआई द्वारा एमटेक सूमह की एसीआईएल लिमिटेड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी इस मामले में धनशोधन की जांच कर रही है। सीबीआई की प्राथमिकी में कई सूचीबद्ध कंपनियों पर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की धोखाधड़ी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी इस मामले की ईडी से जांच की बात कही है।

पासबुक में होगी सरकारी योजनाओं के लाभ की एंट्री

फैमिली आईडी के साथ सभी का परिवार कल्याण पासबुक भी होगा तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार नागरिकों को फैमिली आईडी के साथ एक विशेष पासबुक भी देने की तैयारी में है। फैमिली आईडी का उद्देश्य जहां लोगों को नौकरी-रोजगार समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने का है तो वहीं, परिवार कल्याण नाम की पासबुक में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की इंट्री की जाएगी। फिलहाल एक लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को भी फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है। जबकि वर्तमान में लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ सदस्य फ्री राशन योजना का लाभ पा रहे हैं।

ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए भी https://familyid.up.gov.in पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। सरकार की योजना है कि, राज्य का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव डेटाबेस भी तैयार होगा।

25 करोड़ जनता को मिले लाभ: योगी

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में परिवार आईडी प्रक्रिया की समीक्षा की और इस योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, परिवार आईडी सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। इसके जरिए प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों को रोजगार प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि, जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी न हो। इस प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। हर एक परिवार को मिल रहे शासकीय योजनाओं के लाभ का पूरा विवरण दर्शाते हुए परिवार का पासबुक भी तैयार कराया जाए। पासबुक और परिवार आईडी जारी करने से पूर्व परिवार के संबंध में सभी जानकारी को प्रमाणित किया जाए। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नए प्रवेश के समय आधार ऑथेंटिकेशन कराएं, बाद में परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए।

ईडी की दलीलें दरकिनार कर कोर्ट ने दी केजरीवाल को जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

संकट में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देते हुए एक स्थानीय अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को उन्हें जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आग्रह भी खारिज कर दिया। ईडी 48 घंटे की रोक के दौरान ऊपरी अदालत जा सकती थी। विशेष न्यायाधीश ने एक लाख रुपये के

- ईडी ने कोर्ट से कहा- जमानत बांड पर हस्ताक्षर को 48 घंटे के लिए टाला जा सकता है

निजी मुचलके पर आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल को रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने साथ ही आप नेता पर कई शर्तें भी लगायीं जिनमें यह भी शामिल है कि वह जांच को बाधित करने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। कोर्ट ने केजरीवाल को यह भी निर्देश दिया कि जब भी जरूरी होगा, वह अदालत में पेश होंगे

एक नजर

गोमती नगर में दोबारा सील किए दो व्यावसायिक भवन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गोमती नगर में नियम विरुद्ध तीन व्यवसायिक भवन सील कर दिए। इनमें दो पूर्व में सील किए गए थे। गुरुवार को जोनल अधिकारी वंदना पांडेय के निर्देश पर टीम ने विवेक खंड में 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड में संचालित शोरूम सील कर दिया। जो रमेश गुप्ता व अन्य द्वारा नियम विरुद्ध बनाया गया था। दूसरी तरफ, विनय खंड में सुलभ ग्रोवर व अन्य द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर व्यावसायिक भवन में कार बाजार संचालित पाया। इसी तरह विराम खंड में 350 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर डॉ. अनुपमा गुप्ता व अन्य द्वारा नियम विरुद्ध व्यावसायिक भवन बनाया गया था। यह दोनों भवन पूर्व में सील किए गए थे। कार्रवाई सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, अवर अभियंता संजय भाटी ने प्राधिकरण व स्थानीय थाने के पुलिस के साथ की।

छात्र को मिली अमेरिकी स्कॉलरशिप

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र विक्रांत सिंह को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 87,600 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप मिली है। विक्रांत को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जोनल अधिकारी और अधिशासी अभियंता को घेरा

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम जोन आठ के रायबरेली रोड स्थित उतरेटिया में निवासियों ने जोनल अधिकारी और अधिशासी अभियंता को घेर लिया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नाले और सीवर चोक पड़े हैं। शिकायत के बाद भी सीवर और नालियों की सफाई नहीं होती है। अधिकारियों ने जल्द समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। जोनल अधिकारी अजीत राय और अधिशासी अभियंता एससी सिंह ने बताया कि एनएचआई ने नाला ऊंचा बनाया था और थोड़ी दूर पर ही बंद कर दिया जिसकी वजह से पानी की निकासी नही हो पा रही है। आवास विकास से भी रास्ता नहीं मिल पा रहा है। दोनों विभागों से बातचीत करके समस्या का हल निकाला जाएगा।

योग दिवस पर आज राज्यपाल- मुख्यमंत्री के साथ मंत्री और अधिकारी करेंगे योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजधानी के 190 पार्कों में सुबह छह से आठ बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा।

राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम समेत कई मंत्री योग करेंगे। आयुर्वेद विभाग व उप्र.पर्यटन विभाग द्वारा प्रातः छह बजे से शुरू होने वाले योग शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस योग दिवस में 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

गोमती नगर स्थित उच्च न्यायालय में योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति में योगाभ्यास कराया जाएगा। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने गुरुवार को रेजीडेंसी में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

रेजीडेंसी में योग दिवस की तैयारियों का जायजा लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

तहसीलों, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायतों मना योग सप्ताह : आयुर्वेद निदेशक ने बताया कि पूरे राज्य में 15 से 21 जून तक हर जिले में योग सप्ताह का आयोजन किया गया है।

सभी जिला मुख्यालय के अलावा तहसीलों, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम आयोजित हुए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक स्थान, नदियों, झीलों, तालाबों, अमृत सरोवरों आदि में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी जिलों में आयुर्वेदिक कॉलेज व अस्पतालों में आयुर्वेदिक अधिकारी व चिकित्सक योग कराएंगे।

अस्थमा के रोगी इनहेलर के साथ ही करें योग

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त बताते हैं कि अस्थमा के रोगी इनहेलर के साथ-साथ योग व प्राणायाम भी करें। उन्होंने कहा कि यदि आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ योग, प्राणायाम व ध्यान का नियमित रूप से प्रतिदिन 30 मिनट भी अभ्यास किया जाए तो रोगी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इनहेलर की मात्रा कम की जा सकती है। दौरों को नियंत्रित किया जा सकता है और फेफड़ों की कार्य क्षमता बढ़ती है।

आर्ट ऑफ लिविंग सिखाएगा कॉमन योग प्रोटोकाल

अमृत विचार, लखनऊ : आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक और विशेषज्ञ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी के कुछ विशेष स्थानों पर कॉमन योग प्रोटोकाल सिखाने जा रहे हैं।

राज्य समन्वयक शिवकुमार श्रीवास्तव और नीरू शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक राजधानी के 25 स्थानों पर कामन योग प्रोटोकाल सिखाएंगे। इन 25 स्थानों पर पांच हजार लोग योग करेंगे। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा चयनित अलीगंज स्थित मिडिल गंगा डिवीजन-वन में 250 अधिकारी और इंजीनियर योग करेंगे। झंडे वाला पार्क में 1,000 लोगों के योग करने की व्यवस्था की गई है। शहीद पथ स्थित मेदांता अस्पताल में 250 लोग योग करेंगे। देवा रोड स्थित विशंभर नाथ इन्स्टीट्यूट में 250 लोग योग करेंगे। इसके अलावा देवा रोड स्थित समर्पण कॉलेज एंड फार्मा में 250 विद्यार्थी और शिक्षक, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में 200 लोग, पीजीआई में 200 लोग और विभूतिखंड स्थित एकाउंटेंट जनरल कार्यालय में 150 लोग योग करेंगे। उन्होंने बताया कि कई आईएएस, पीसीएस अधिकारी, इंजीनियर और बुजुर्गों में कॉमन योग प्रोटोकैल को लेकर काफी जोश है।

पांच साल में ढाई मीटर तक गिर गया राजधानी का भूजल स्तर

एक लाख सबमर्सिबल पंप से रोजाना किया जा रहा 450 करोड़ लीटर भूजल का दोहन

गोपाल सिंह, लखनऊ

▸▸ लखनऊ का जलस्तर अब 31 मीटर के नीचे पहुंच गया है

▸▸ अलीगंज, राजाजीपुरम, जेल रोड, महानगर में स्थिति चिंताजनक

अमृत विचार : राजधानी में प्रतिदिन एक लाख सबमर्सिबल पंप से लगभग 450 करोड़ लीटर भूजल का दोहन किया जा रहा है। इसके अलावा जलकल विभाग भी रोजाना 750 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति कर रहा है।

अंधाधुंध दोहन से प्रतिवर्ष आधा मीटर की औसत से पांच साल में भू-जल स्तर ढाई मीटर नीचे चला गया है। इस समय भूजल का स्तर 31 मीटर पर है। विशेषज्ञों का कहना है भूजल के अंधाधुंध दोहन पर रोक नहीं लगाई गई तो पेयजल का भारी संकट खड़ा हो जाएगा।

2019 से 2023 के बीच किए गए भू-गर्भ विभाग के सर्वे में पाया गया कि पांच साल में भू-जल स्तर ढाई मीटर तक गिर गया है। शहरी इलाकों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। अलीगंज, जेल रोड, जलालपुर क्रासिंग राजाजीपुरम, पुरनिया सीतापुर रोड, महानगर, लालकुर्ती, नौबस्ता आदि क्षेत्रों में जलस्तर सबसे ज्यादा गिरा है। कैंट, सदर में पिछले पांच वर्षों में जलस्तर बढ़ा है। यह 2019 में जलस्तर 46.07 मीटर पर था जो 2023 में 44.2 मीटर हो गया है।

आरओ प्लांट व्यवसाय खींच रहा जमीन से पानी : पानी के स्तर की निगरानी करने वाले भू-गर्भ विभाग का कहना है कि शहर में बोतल बंद पानी का व्यवसाय जल स्तर को गिराने में अहम भूमिका निभा रहा है। अवैध रूप से चलने वाले आरओ प्लांट बेहिसाब पानी निकाल रहे हैं। इसके अलावा करीब एक लाख सबमर्सिबल पंप घरों और प्रतिष्ठानों में लगे हैं। गाड़ियों की धुलाई से फर्श की सफाई तक पानी का दोहन हो रहा है।

प्रभावी नहीं हो पाया भूजल प्रबंधन अधिनियम 2019

सरकार ने भूजल प्रबंधन अधिनियम 2019 बनाया। इसे 2020 में लागू कर दिया लेकिन आज भी प्रभावी नहीं हो पाया है। इसमें कार्रवाई का अधिकार किस विभाग को है यह नहीं बताया गया। भूगर्भ जल विभाग केवल एनओसी देने तक सीमित है। नियमों के उल्लंघन पर नोटिस दे सकता है। प्रतिष्ठान को सील करने का उन्हें अधिकार नहीं है।

बारिश का पानी नहीं हो रहा रिचार्ज

शहर के कई ऐसे इलाके हैं जहां बारिश के बाद भी जलस्तर बढ़ने की जगह घट रहा है। इसका मुख्य कारण शहरीकरण के कारण कंक्रीट की इमारतें खड़ी होना बताया जा रहा है। पक्की सड़कें और इंटरलाकिंग टाइल्स लगी होने से बारिश का पानी जमीन में रिचार्ज नहीं हो पा रहा। इससे बारिश के बाद भी सीतापुर रोड, कैंट सदर, जलालपुर क्रासिंग और चिनहट इलाके में जलस्तर घट गया है।

कहां कितना गहरा स्रोत

स्थान	2023
अलीगंज	45.6
जेल रोड	43.54
जलालपुर क्रासिंग	42.95
पुरनिया	40.96
लालकुर्ती	40.42
नौबस्ता	40.07
फैजुल्लागंज	39.88
इन्दिरा नगर	37.99
गोमती नगर	35.92

नौकरी के लिए अनशन पर बैठे युवा की हालत बिगड़ी

अमृत विचार, लखनऊ: मृतक आश्रित कोटे में भर्ती की मांग को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बाहर चल रहा धरना गुरुवार को आमरण अनशन में तब्दील हो गया। दोपहर में एक प्रदर्शनकारी की तबीयत बिगड़ गई, उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। प्रदर्शनकारियों को समझाने गए एआरएम बैरंग लौटे।

नौकरी की मांग को लेकर धरना बुधवार को शुरू किया गया था। गुरुवार को धरना आमरण अनशन में बदल दिया गया। कैसरबाग बस डिपो के एआरएम ने प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे और उनसे जल्द मांगें पूरी करने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारी नहीं माने। शुक्रवार को भी प्रदर्शन जारी रहेगा।क मासूम अली सरवर के अनुसार वर्ष 2004 में शासन ने नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके अनुसार सभी निगमों को आदेश दिया था कि मृतक आश्रितों की भर्ती तभी होगी जब निगम फायदे में रहेंगे। वर्ष 2018 में निगम फायदे में रहा तब 588 मृतक आश्रितों की भर्ती की गई थी। इसके बाद से निगम घाटे में चल रहा है।

आरटीओ परिसर में डिप्टी कमिश्नर को देख भागे दलाल

आरटीओ कार्यालय में निरीक्षण करते डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सुरेंद्र कुमार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में जैसे ही डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर (डीटीसी) सुरेंद्र कुमार पहुंचे, यहां पर हड़कंप मच गया। बिना किसी सूचना के यहां पहुंचे डीटीसी ने सबसे पहले यहां अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी देखी। मात्र एक कर्मचारी के अतिरिक्त सभी अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मिले। विभाग के सभी अधिकारियों को परिसर में घूमते देख यहां से दलाल भाग निकले।

इसके बाद यहां भीड़ भाड़ देख कर डीटीसी ने आवेदकों से पूछताछ कर कार्यालय का फीड बैक लिया। उन्होंने आवेदकों से यहां आने वाली समस्याओं के बारे में जब जानकारी मांगी तो आवेदकों ने ऑनलाइन व्यवस्था को सही बताया। इसके बाद डीटीसी ने स्थानीय भवन और परिसर का घूम कर निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। परिसर गंदगी मिलने पर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई और सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वसूली लक्ष्य की समीक्षा कर सड़क पर रोज दो घंटे वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए।

19 जून परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने विभागीय अधिकारियों के पेंच कसे थे। दूसरे दिन ही विभागीय अधिकारी सड़कों पर निकल पड़े। उन्होंने आरटीओ कार्यालय में सभी अधिकारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए।

बर्तन- कूलर में मिला गंदा पानी तो पड़ेगा 500 रुपये जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डेंगू के लार्वा की ड्रोन से की जाएगी निगरानी

अमृत विचार : डेंगू के लार्वा की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। घरों में यदि किसी भी बर्तन या कूलर में गंदा पानी मिला तो 5,00 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजधानी में 1 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन जोन में पिछले पांच वर्षों में जल जनित रोग बढ़े हैं वहां स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम एक-एक प्रतिनिधि की टीम बनाकर उन्हें प्रशिक्षित करे। रोजाना वहां के पानी का नमूना लेकर गुणवत्ता की जांच की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान में पहली बार एफएसडीए भी शामिल होगा। उन्होंने खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.विजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आरएन सिंह, संचारी रोग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. गोपी लाल सहित अन्य अधिकारी और यूनिसेफ व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बढ़ाता है ऑटिज्म की समस्या

अमृत विचार, लखनऊः बच्चों में ऑटिज्म की समस्या बढ़ रही है। इसकी बड़ी वजह अत्यधिक मोबाइल का इस्तेमाल है। पहले 36 बच्चों में एक में ऑटिज्म के लक्षण नजर आते थे। वर्ष 2021 में आईसीएमआरके सर्वे में 68 बच्चों में एक में यह संकट आने लगा। यह जानकारी केजीएमयू मानसिक रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. विवेक अग्रवाल ने दी।

केजीएमयू के मानसिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से ऑटिज्म पर जागरुकता कार्यक्रम में डॉ. विवेक अग्रवाल ने पीड़ित व्यक्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए सेवा को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। कहा, ऑटिज्म पीड़ित बच्चों को समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। इससे बच्चों की सेहत में सुधार की उम्मीद बढ़ जाती है।

अपने सेवानिवृत्त कर्मचारी को आवास नहीं दे पाया एलडीए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की एक सेवानिवृत्त महिला कर्मी का मकान तोड़ दिया गया और बदले में विभाग उसे आवास नहीं दे सका।

करीब तीन माह बाद गुरुवार को लगे प्राधिकरण दिवस में उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सचिव विवेक श्रीवास्तव और अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा को बेटे राम बिलास के साथ आईं रामलली मौर्या ने बताया कि वह एलडीए की सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। पति राम प्रताप ने अकबर नगर प्रथम में 480 स्क्वायर फीट जगह खरीदी थी। उनकी मृत्यु के बाद पिछले वर्ष 10 लाख रुपये खर्च करके दो मंजिला मकान बनाया था। उनका मकान भी ध्वस्त कर दिया गया। उनके पास आधार कार्ड नहीं था। इस वजह से न नोटिस मिला न शहरी आवास में चयन किया। उन्हें समाधान का आश्वासन दिया गया।

दिवस में नामांतरण, फ्री-होल्ड, रजिस्ट्री व अवैध निर्माण सम्बंधित कुल 45 शिकायतों में मौके पर 22 का निस्तारण किया गया।

महानगर निवासी कृष्ण प्रताप सिंह ने शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अंतर्गत जगरानी अस्पताल के पास कुछ लोगों द्वारा नियमविरुद्ध होटल निर्माण की शिकायत की। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार को निरीक्षण व कार्रवाई करते हुए सात दिन में रिपोर्ट मांगी है। इसी तरह पुराना हैदरगंज निवासी राम विलास श्रीवास्तव ने बिजनौर के ग्राम-मौदा में रो-हाउस भवनों के निर्माण की शिकायत की। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन-3 के सहायक अभियंता से रिपोर्ट तलब करते ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए।

शारदा नगर विस्तार योजना में प्रधानमंत्री आवास कालोनी से आए जय सिंह, राम शंकर पांडेय, शैलेश वाजपेयी व मनोज ने ठेकेदार पर कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया। उपाध्यक्ष ने सर्वे करके समस्या दूर कराने के निर्देश दिए।

केस 1 : रजिस्ट्री न होने पर रोई महिला

सोनी गुप्ता ने बताया कि पति ने अलीगंज योजना में कॉलोनी ईडी 608 खरीदी थी। उनकी मृत्यु हो गई और बेटे को बेडसोर हो गया। इस वजह से एक साल से रजिस्ट्री नहीं करा पाए। बाबू राजेश शुक्ला भी टरकाते रहे। ओएसडी देवांश त्रिवेदी ने जानकारी की तो पता तब से छह बाबू बदल चुके हैं।

केस 2 : बड़े भाई को मिला आवास, भटक रहे छोटे भाई

एक परिवार के चार भाई शिकायतें करने पहुंचे। बड़े भाई सुहैल ने बताया कि अकबर नगर में सभी एक मकान में रहते थे। लेकिन, शहरी आवास सिर्फ उन्हें मिला है। जबकि छोटे तीन भाइयों ने फार्म भरे थे पर आवास नहीं दिया गया।

केस 3 : ट्रांसपोर्ट नगर योजना में नियमविरुद्ध निर्माण

एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड से आए हरप्रीत सिंह भाटिया ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना के भूखंडों में नियमविरुद्ध निर्माण की शिकायत की। बताया कि इस वजह से आवंटी को कब्जा नहीं मिला है।

"योग एक स्वस्थ और शक्तिशाली समाज बनाता है, जहां सामूहिक ऊर्जा बहुत अधिक होती है।"

– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री





International day of yoga 21st June

तस्माद्योगाय युज्यस्व
योगः कर्मसु कौशलम्

'योग-स्वयं एवं समाज के लिए'

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून, 2024

के अवसर पर

सामूहिक योगाभ्यास

गरिमामयी उपस्थिति

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एम.ओ.एस.), उत्तर प्रदेश

दिनांक : 21 जून, 2024 | समय : प्रातः 6:00 बजे | स्थान : राजभवन प्रांगण, लखनऊ

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

खुर्रम नगर व अबरार नगर समेत पांच और मोहल्लों पर चल सकता है बुलडोजर

कुकरैल नदी किनारे बसावट का तीन विभागों की संयुक्त टीम ने किया सर्वे, जल्द किया जाएगा चिह्नीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कुकरैल नदी पर अतिक्रमण कर बसे पांच और मोहल्लों में भी बुलडोजर चलाया जा सकता है। नदी की जमीन पर बसे खुर्रम नगर, अबरार नगर, रहीम नगर, इंद्रप्रस्थ नगर और पंत नगर का गुरुवार को तीन विभागों की संयुक्त टीम ने सर्वे किया। जिसमें आवासीय के साथ व्यवसायिक भवन अवैध पाए गए।

सिंचाई विभाग, नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी व अभियंता गुरुवार शाम को खुर्रम नगर पहुंचे और कुकरैल नदी की जमीन पर बने मकान देखे। टीम ने अबरार नगर, रहीम नगर, इंद्रप्रस्थ नगर व पंत नगर में भी मकानों का सर्वे किया। टीम ने पाया कि पांचों मोहल्लों में सैकड़ों मकानों के साथ अपार्टमेंट व अन्य व्यावसायिक भवन भी कुकरैल नदी के 50 मीटर के दायरे में बने हैं। इन अवैध मकानों की संख्या 600 से अधिक है। सभी मकान बड़े और पक्के बने हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नदी के दायरे में बने मकानों का जल्द चिह्नांकन कराया जाएगा। उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट देने के बाद भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। अकबर नगर की तरह इन पांच मोहल्लों के मकानों का भी ध्वस्तीकरण किया जा सकता है। ध्वस्तीकरण की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण को मिल सकती है। ध्वस्तीकरण के बाद नगर निगम विकास कराएगा।

50 मीटर नदी के दायरे में बसे हैं पांचों मोहल्ले

मलबा उठाने के लिए 25 को लगेगी बोली

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अकबर नगर में ध्वस्त किए निर्माण का मलबा उठाने के लिए ऑनलाइन टेंडर अपलोड कर दिया है। जो 25 जून को खुलेगा। मलबा की कोई निर्धारित दर तय नहीं है। वैसे एलडीए के अभियंताओं ने 17 जून को सर्वे कर 40 लाख रुपये राशि निर्धारित की थी। लेकिन, अकबर नगर प्रथम और द्वितीय में मलबा निर्धारित दर से अधिक होना बताया गया। मुख्य अभियंता एके सिंह ने बताया कि आगे सर्वे करके मलबा का आकलन भी किया जा सकता है।

कुकरैल नदी के किनारे ध्वस्त किए गए अकबर नगर में फैला मलबा। अमृत विचार

पुनर्जीवन : सौतल झील और शारदा कैनाल से लाएंगे नदी में पानी

▸▸ बंधा पर बनाई जाएगी डेढ़ किमी सड़क, लगेंगे पौधे और लाइटें

अमृत विचार, लखनऊ : अकबर नगर में मलबा साफ होने के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) कुकरैल नदी पर रिवर फ्रंट बनाएगा। पहले चरण में बंधा पर रोड बनाने के साथ दोनों तरफ पौधे व लाइटें लगेंगी। इसके बाद शारदा कैनाल और सौतल झील से नदी में पानी लाए जाएगा। कुकरैल नदी और बंधे पर बसे अकबर नगर का ध्वस्तीकरण करने के बाद एलडीए रिवर फ्रंट बनाने की तैयारी में लग गया है। पहले चरण में नदी को पुनर्जीवन का काम किया जाएगा। मलबा हटने के बाद बंधा पर डेढ़ किमी सड़क बनाई जाएगी। इसके अलावा नदी से 50 मीटर दूर दोनों तरफ पौधे लगाए जाएंगे। चारों तरफ लाइटें भी लगेंगी। शुरुआत रेलवे लाइन से मेट्रो लाइन की तरफ का क्षेत्र विकसित करने से की जाएगी। इसके बाद नदी अबरार नगर, खुर्रम नगर, रहीम नगर, अकबर नगर होते हुए गोमती नदी तक कार्य होंगे। कुकरैल नदी में शारदा कैनाल से पानी आएगा और सौतल झील में बारिश का पानी संरक्षण कर छोड़ा जाएगा। अकबर नगर के आगे गोमती नदी के पास कुकरैल को ब्लॉक कर दिया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में अन्य कार्य किए जाएंगे।

केजीएमयू में वैक्सीन लगने के बाद बच्ची की हालत बिगड़ी, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिजन ने गलत वैक्सीन लगाने का आरोप लगाकर ओपीडी में किया हंगामा
▸▸ समझाने गई पुलिस से हुई नोकझोंक डॉक्टर के खिलाफ प्रार्थनापत्र दिया

अमृत विचारः केजीएमयू में वैक्सीन लगने के कुछ देर बाद डेढ़ माह की बच्ची हालत बिगड़ गई। परिजन उसे ट्रांमा सेंटर ले गए, जहां रात करीब 11 बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया। गुरुवार सुबह शव लेकर पहुंचे परिजन ने डॉक्टर पर गलत वैक्सीन लगाने का आरोप लगाकर ओपीडी में हंगामा कर दिया। समझाने पहुंची पुलिस ने उनकी नोकझोंक भी हो गई। किसी तरह परिजन को समझाकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए थे। परिजन पुलिस को डॉक्टर के खिलाफ प्रार्थनापत्र दिया है।

त्रिवेणी नगर साठ फीट रोड निवासी पवित्र श्रीवास्तव ने बुधवार दोपहर केजीएमयू ओपीडी में अपनी डेढ़ माह की बच्ची को वैक्सीन लगवाई थी। परिजन बच्ची को लेकर घर चले गए। कुछ ही देर बाद बच्ची को उल्टियां होने के साथ नाक से खून आने लगा। परिजन बच्ची को ट्रॉमा ले गए, रात करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर चले गए। गुरुवार सुबह शव लेकर केजीएमयू की ओपीडी पहुंचे और डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने परिजन को शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान परिजन की पुलिस से नोकझोंक भी हो गई। किसी तरह पुलिस ने उन्हें शांत कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

हैवेन हॉस्पिटल के संचालन पर लगाई गई रोक

अमृत विचार, लखनऊ : दुबग्गा सीतापुर बाइपास बेगरिया रोड स्थित हैवेन हॉस्पिटल का नवीनीकरण न होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को छापा मारा। वहां एक मरीज भर्ती मिला। टीम ने नोटिस जारी कर अस्पताल संचालन पर रोक लगा दी है। नोडल डॉ. एपी सिंह ने बताया अस्पताल का नवीनीकरण 2023 तक ही कराया गया। बिना नवीनीकरण अस्पताल संचालन की शिकायत पर जांच कराई गई। संचालक नवीनीकरण के कागजात नहीं दिखा पाए। कई अन्य कमियां भी मिलीं। मरीज को सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

बिना पंजीकरण मिले अस्पताल में नहीं लगा जुर्माना : बीते दिनों गुडंबा के विष्णु हॉस्पिटल का संचालन अवैध मिला था। जांच दौरान ओटी-आईसीयू में काफी गंदगी मिली थी। टीम ने अस्पताल संचालन पर रोक लगाई थी। अहम बात यह है कि अभी तक अस्पताल पर जुर्माना तक नहीं लगाया गया है।

मौसम

लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है आसमान साफ रहेगा।

40.8°	31.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में कबीर पर चर्चा और डॉ. हरिओम का गायन शाम - 5:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में बाल महोत्सव उत्साह का आयोजन- 5:00 बजे।
- अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में सातवीं अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी "कण कण में राम" का उद्घाटन - 5:00 बजे.
- गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में गोमती महाआरती और योग शिक्षकों का सम्मान- 6:30 बजे।

एक नजर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ आएंगे

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ आएगें। राजधनी से तीसरी बार सांसद चुने जाने के साथ दोबारा रक्षा मंत्री का भी पदभार संभालने के बाद उनका यह पहला लखनऊ दौरा होगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि वे शुक्रवार शाम लखनऊ हनुमान सेतु मंदिर जाएंगे और वहां से कालीदास मार्ग आवास जाएंगे। शनिवार शाम को रक्षा मंत्री सिटी मोंटेसरी स्कूल, गोमती नगर विस्तार में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे।

माध्यमिक शिक्षक संघ का सम्मेलन कल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शुक्रवार को गांधी भवन प्रेक्षागृह में ग्रीष्मकालीन सम्मेलन एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी का आयोजन करेगा। सुबह 11 बजे इसका उद्घाटन शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव करेंगे। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. आरपी मिश्र ने बताया कि सम्मेलन में सरकार से पहले से की जा रही पुरानी पेंशन की बहाली, नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा आदि मांगों के अलावा शिक्षकों के समायोजन, विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजे जाएंगे।

चारबाग रेलवे स्टेशन पर हुई संरक्षा संगोष्ठी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने गुरुवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को संरक्षा संगोष्ठी आयोजित की। इसमें डीआरएम एसएम शर्मा ने ट्रेन मैनेजर एवं लोको पॉयलेट से सिग्नलिंग प्रणाली पर संवाद किया। इस दौरान एक प्रश्नकाल भी रखा गया, जिसमें संरक्षित रेल परिचालन के संबंध में कर्मचारियों ने प्रश्न पूछे और अधिकारियों ने उनका जवाब दिया। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, कुलदीप तिवारी सहित संरक्षा एवं परिचालन विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

26 जून तक निरस्त रहेंगी कई ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ से गोरखपुर लाइन पर स्थित टिनिच रेलवे स्टेशन गतिशक्ति साइडिंग कनेक्टिविटी से संबंधित कार्य चल रहा है। इस दौरान 21 से 26 जून तक लखनऊ से रवाना होने की लखनऊ-पाटलिपुत्र समेत कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी तो कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलाई जाएंगी।

लखनऊ से गुजरने वाली आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस (04058) 24 जून को, मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस (04057) 25 जून को, दरभंगा-दिल्ली एक्सप्रेस (04067) 24 जून को और दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस (04068) 25 जून को निरस्त रहेगी। वहीं दूसरी ओर 24 और 25 जून को जून को छपरा कचहरी एक्सप्रेस (15114/15113) निरस्त रहेगी। वहीं 12530/12529 लखनऊ जंक्शन व पाटलीपुत्र से 26 जून को निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 15081/15082 अप डाउन नकहा जंगल-गोमतीनगर दोनों ओर से 25 व 26 जून को निरस्त रहेगी।

वडोदरा से 24 जून को ट्रेन नंबर 09111 बड़ोदरा-गोरखपुर विशेष गाड़ी तय मार्ग मानकनगर- लखनऊ-बाराबंकी के स्थान पर बदले मार्ग मानकनगर-ऐशबाग-गोमतीनगर के रास्ते गोमतीनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह ट्रेन लखनऊ, और गोरखपुर स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। इसी तरह गोरखपुर से 26 जून को ट्रेन नंबर 09112 गोरखपुर-वडोदरा भी गोमतीनगर तक आएगी।

लखनऊ मेल सहित कई ट्रेनें लेट : मुरादाबाद रेलमंडल के रामपुर-बरेली सेक्शन के बीच बीते बुधवार को तेज हवाओं के चलते कई पेड़ रेलवे ट्रैक पर गिए गए। इसके चलते नई दिल्ली से आने वाली लखनऊ मेल गुरुवार सुबह तीन घंटे देरी से आई। पंजाब मेल तीन घंटे, एसी एक्सप्रेस दो घंटे, चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस चार घंटे, दून एक्सप्रेस 3:16 घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस 5:35 घंटे देरी से लखनऊ पहुंची।

लखनऊ होकर मुंबई से वाराणसी चलेगी विशेष ट्रेन

अमृत विचार, लखनऊ : गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने से रेलवे मुंबई से वाराणसी वाया लखनऊ विशेष ट्रेन चलाएगा। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नंबर-01057 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल-वाराणसी जंक्शन स्पेशल 21 जून को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से शुक्रवार सुबह 5:50 बजे रवाना होगी। नासिक, भुसावल, भोपाल कानपुर होते हुए सुबह 8 बजे लखनऊ पहुंचेगी, यहां 10 मिनट के ठहराव के बाद सुल्तानपुर होते हुए अगले दिन दोपहर 12:30 बजे वाराणसी पहुंचने का समय है। वापसी में 01058 वाराणसी जं- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल वाराणसी से 22 जून को दोपहर 3:30 बजे चलकर रात 7:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। तीसरे दिन मध्यरात्रि 12:25 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल पहुंचेगी।

वाराणसी जं-चंडीगढ़ जं. विशेष ट्रेन का संचालन कल

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रेन नंबर 04211 वाराणसी जं से शनिवार 22 जून से 13 जुलाई तक दोपहर 2:40 बजे रवाना होगी जो मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं, रायबरेली जं होकर लखनऊ रात्रि 8:20 बजे पहुंचेगी। यहां दस मिनट ठहराव के बाद रवाना होकर बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुना नगर-जगाधरी, अम्बाला छावनी होकर चंडीगढ़ जं शाम 7:20 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04212 चंडीगढ़ जं. - वाराणसी जं. समर स्पेशल 23 जून से 14 जुलाई तक सुबह 9:30 बजे रवाना होगी, जो लखनऊ रात्रि 8:05 बजे और वाराणसी दोपहर 1:20 बजे पहुंचेगी।

यूजीसी नेट रद करने पर भड़के छात्र संगठन

विश्वविद्यालय में केंद्रीय शिक्षामंत्री का पोस्टर जलाया, हजरतगंज चौराहे पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूजीसी नेट रद करने के विरोध में छात्रों ने जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षा मंत्री का पोस्टर फूंका, प्रधानमंत्री का जलाने का प्रयास किया। विश्वविद्यालय परिसर और हजरतगंज चौराहे पर सरकार विरोधी नारेबाजी भी की गई। बढ़ते आक्रोश के बीच पुलिस ने करीब एक दर्जन छात्रों को मौके से बल पूर्वक ले जाकर इकोगार्डन में देर तक रोके रखा। विरोध - प्रदर्शन करने वालों में समाजवादी छात्र सभा, एनएसयूआई, आईसा संगठन, एसएफआई संगठन शामिल रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में दोपहर करीब 12 बजे समाजवादी छात्र सभा के तौकीर गाजी के नेतृत्व में कांशी यादव सहित अन्य छात्र जमा हुए। एनएसयूआई की लखनऊ विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष शुभम खरवार, विशाल सिंह, सुधांशु शर्मा समेत अन्य छात्र, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) के निखिल राज, समर गौतम और स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के छात्र भी वहां पहुंच गए।

छात्र संगठनों से जुड़े इन पदाधिकारियों, सदस्यों व छात्रों ने नेट रद होने के विरोध में शिक्षा मंत्री और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विश्वविद्यालय गेट के निकट पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका तो धक्कामुक्की और हंगामा होने लगा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने शिक्षा मंत्री के पोस्टर को आग के हवाले कर दिया। प्रधानमंत्री के चित्र में में भी आग लगा दी, लेकिन पोस्टर पूरी तरह से जल नहीं सका। पुलिस ने बलपूर्वक छात्रों को बस में बैठाकर इकोगार्डन ले गई। उधर, हजरतगंज चौराहे पर समाजवादी छात्र सभा से जुड़े पदाधिकारी और सदस्यों ने जमा होकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस से उनकी झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे, एनटीए संस्था को रद करने, परीक्षा कराने की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्रालय को सौंपने की मांग की।

यूजीसी नेट रद करने के विरोध में हजरतगंज में प्रदर्शन करते सपाइयों को सड़क से हटाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

विवि में बैरिकेडिंग पार करते प्रदर्शनकारी को रोकता पुलिसकर्मी।

प्रदर्शनकारियों को पकड़कर बस में बैठाते पुलिसकर्मी।

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर और हजरतगंज चौराहे पर किए गए प्रदर्शन
▸▸ समाजवादी छात्र सभा, एनएसयूआई, आईसा और एसएफआई हुए शामिल

पुलिस का खुफिया तंत्र फेल

विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए लखनऊ विवि में पर्याप्त पुलिस बल तो समय से पहुंचा। लेकिन छात्रों की योजना को खुफिया विभाग पता नहीं लगा सका। छात्रों ने पहले से ही कागजों पर शिक्षा मंत्री की तस्वीर बना रखी थी। पट्टियों पर विरोध के स्वर भी अंकित थे। जैसे ही छात्र गेट पर पहुंचे तो पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन सादी वर्दी में मौजूद पुलिसकर्मी छात्रों की जेब टटोलने लगे। इसी बीच कुछ छात्रों ने पुलिस की बस पर चढ़कर शिक्षा मंत्री के चित्रों को आग के हवाले कर दिया।

देर तक चला पुलिस-छात्रों के बीच संघर्ष

छात्र संगठन देर तक विरोध प्रदर्शन के मूड में थे। इसलिए वे लोग प्रदर्शन करते हुए कई समूहों में बंट गए। अलग-अलग स्थानों पर जमा छात्रों को रोकने में पुलिस को मशक्कत का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई बार छात्रों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई।

ऐसा रहा तो छात्र हो जाएंगे हताश

यूजीसी नेट दे चुके छात्र सुधांशू का कहना है कि जबसे परीक्षा रद होने की सूचना मिली है, कुछ अच्छा नहीं लग रहा। बड़ी मेहनत से परीक्षा दी थी, लेकिन किये धरे पर पानी फिर गया। छात्रा रूपाली बताती हैं कि ऐसा ही रहा तो छात्र हताश होकर अवसाद में चले जाएंगे। आरती का कहना है कि हर परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत के साथ पैसा भी खर्च होता है। लगातार लीक हो रही परीक्षाओं को लेकर सरकार को सख्ती बरतनी चाहिए। हृदयांश वर्मा ने कहा कि जब देशव्यापी परीक्षाओं का ये हाल है, तो राज्य स्तरीय परीक्षाओं में सोच विचार कर आवेदन करना होगा।

नीट 2024 दोबारा कराने की मांग

स्वराज आन्दोलन ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव और हजरतगंज कोचिंग टीचर्स के डॉ. आरके विश्नोई ने कहा कि नीट की दोबारा परीक्षा एनटीए के अलावा किसी दूसरी एजेंसी से कराई जाए। प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित छात्रों ने कहा कि पटना और गोधरा में पेपर लीक की प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। कुछ छात्रों के 718 और 719 नंबर तक आए हैं। इतना ही नहीं एक ही सेंटर पर छह छात्रों के एक ही रैंक आना और 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क देना अनियमितताओं को दर्शा रहा है।

मौसम | रात में 1.5 मिमी हुई बारिश, प्री- मानसून के बाद 24 घंटे बाद आएगा मानसून

आंधी-बारिश ने दी गर्मी से राहत, पारा लुढ़का

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बुधवार रात मौसम ने करवट ली, अचानक छाए बादलों के बाद आंधी आई और बारिश हुई। इससे तापमान गिरकर 40.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। न्यूनतम पारे में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि रात में हुई बारिश 1.5 मिमी रिकार्ड की गई। प्री-मानसून के बाद मानसून आएगा, जिसको मध्य तक पहुंचने में 24 घंटा से अधिक का समय लगेगा।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, बुधवार रात हुई वर्षा प्री मानसून के कारण हुई, जो शहर में 1.5 मिमी रिकार्ड की गई। बारिश और आंधी के कारण तापमान में 5 डिग्री से अधिक गिरावट आई, ऐसे में अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 31.0 रहा। हवाओं की तीव्रता 45-50 किमी प्रति घण्टा से दर्ज की गई। बताया कि फिलहाल मानसून को आने में अभी 24 घण्टा से अधिक का समय है।

मौसम में बदलाव से आसमान में छाई लालिमा।

नम पुरवा हवाओं के कारण बदला मौसम

मध्य क्षोभमंडल में जम्मू कश्मीर के ऊपर संकेंद्रित पश्चिमी विक्षोभ तथा निचले क्षोभमंडल में बंगाल की खाड़ी से आ रही नम पुरवा हवाओं की प्रतिक्रिया के कारण ही प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए, फिर तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश हुई।

प्रयागराज सबसे गर्म

प्रयागराज सबसे गर्म रहा, यहां का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। दूसरे स्थान पर उरई जनपद रहा, यहां का पारा 43.2 रहा। इसी तरह सबसे गर्म रात मेरठ की 23.1 रही। इससे कम तापमान 22.5 डिग्री गाजीपुर का रहा।

सिद्धार्थनगर-अंबेडकर नगर में हुई भारी वर्षा

सिद्धार्थनगर और अंबेडकर नगर में सबसे अधिक वर्षा हुई। सिद्धार्थनगर में वर्षा की मात्रा 11 सेमी, अंबेडकर नगर में वर्षा 7 सेमी बारिश हुई।

90 मिनट तक 30 फीट गहरे गड्ढे में दबे रहे मजदूर

प्रत्यक्षदर्शी शत्रुघन बोले, खड़े-खड़े ही सूर्यपाल ने तोड़ दिया दम, चोरी छिपे कराया जा रहा था बेसमेंट निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसमेंट की खोदाई के लिये गुरुवार सुबह करीब 9 बजे ठेकेदार इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित मजदूर अड्डा से सूर्यपाल समेत करीब 10 से 12 मजदूरों को लाया था। मिट्टी ढहने से करीब सात से आठ मजदूर दबे थे, लेकिन चार मजदूर थोड़ा ऊंचाई पर थे, इससे वह खुद ही निकल आये। जबकि चार करीब 30 फीट नीचे काम कर रहे सूर्यपाल समेत चार मजदूरों पर करीब 15 फीट मिट्टी आ गिरी। इससे वह पूरी तरह दब गये। प्रत्यक्षदर्शी मजदूर शत्रुघन के अनुसार लगभग 90 मिनट में मिट्टी हटाकर सूर्यपाल को निकाला गया तो वह सीधा खड़ा था।

हादसे को लेकर आसपास के लोगों व साथी मजदूरों का कहना है कि सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में बिना अनुमति सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा था। करीब 40 फीट के दायरे में 30 फीट गहरा गड्ढा खोदा जा चुका था। एक तरफ दीवारें खड़ी कर निर्माण करा दिया गया था। जिस ओर से मिट्टी ढही वह दूसरे मकान की नींव की साइड थी। जो मिट्टी ढही उसके ऊपर से इसी मकान की नाली निकली थी। नाली के पानी की निकासी के लिये कुछ दिन पहले ही पाइप डाली गई थी। यह जानकारी इसी मकान में किराये पर रहने वाले विनोद की पत्नी पिंकी ने दी। पिंकी का कहना मकान ढहने की आशंका है, इसलिये वह कमरा खाली कर रही हैं। जिस समय हादसा हुआ पिंकी व उनके पति काम पर गये थे। कमरे में 12 वर्ष का बेटा और 10 वर्षीया बेटी थी। दोनों काफी डर गये थे।

हादसे से पहले बेसमेंट के लिए खोदे गये गड्ढे में काम करते मजदूर। अमृत विचार

मिट्टी में दबे मजदूर को निकालते बचाव दल के सदस्य, घेरे में दिखता मजदूर का सिर।

मजदूर को कंधे पर लादकर गड्ढे से बाहर ले जाते बचाव कर्मी। अमृत विचार

तीन मजदूर गंभीर

रैथा रोड स्थित सहाय एन्क्लेव में गड्ढे में मिट्टी ढहने से आठ मजदूर दब गए। साथी मजदूरों ने तीन को तो निकाल लिया। जबकि अन्य को दमकल कर्मियों ने किसी तरह बाहर निकाला, चार गंभीर रूप से घायल थे। उन्हें पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां सूर्यलाल यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन मजदूरों का इलाज चल रहा है।

सुरक्षा के इंतजाम नहीं

निर्माणाधीप बेसमेंट में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के ठेकेदार ने कोई इंतजाम नहीं किये थे। चारों तरफ बेसमेंट से खोदकर निकाली गई मिट्टी डाली गई थी। अन्य तरफ की मिट्टी में भी बड़ी-बड़ी दरारें पड़ी मिलीं। ऐसे में यदि बिना रोकथाम के दोबारा निर्माण शुरू हुआ तो हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

कालोनी मालिक व ठेकेदार लापता

आसपास के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कॉलोनी का मालिक बेसमेंट का निर्माण करा रहा है। हादसे के बाद से वह लापता हैं। ठेकेदार भी मौके से लापता था। काम पर लाए गए मजदूर मजदूरी के लिये इधर-उधर भटकते मिले। वह ठेकेदार को मजदूरी लेने के लिए तलाश कर रहे थे।

रैथा रोड की जिस आवासीय प्लाटिंग में घटना हुई है। जांच कर करवाई जा रही है। साथ ही बिल्डर से मानचित्र स्वीकृत, रेरा पंजीकरण, भू-उपयोग परिवर्तन समेत अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं। जांच में जो भी सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

–सतीश चंद्र त्रिपाठी, एसडीएम बीकेटी

जेसीबी से खोदी मिट्टी निकालने को लगाये थे मजदूर

अलीगंज निवासी बिल्डर मयूर जायसवाल रैथा रोड पर सहाय एन्क्लेव के नाम से रो-हाउसिंग की प्लानिंग बनवा रहे हैं। उसी प्लानिंग में आगे की तरफ पिछले 20 दिनों से बिना अनुमति के चोरी छिपे खोदाई चल रही थी। बुधवार देर रात जेसीबी से करीब गड्ढा खोदवा दिया। गड्ढे में भरी मिट्टी निकालने के लिए गुरुवार सुबह मजदूरों को लगाया था।

ऑपरेशन के दौरान भिड़े डॉक्टर-नर्सिंग ऑफिसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पीजीआई अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में मरीज के हॉर्ट के ऑपरेशन के बीच महिला डॉक्टर और नर्सिंग ऑफिसर भिड़ गए। वजह सिर्फ यह थी कि नर्सिंग ऑफिसर से धागा लाने में थोड़ी देरी हो गई। फिर दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि महिला डॉक्टर ने नर्सिंग ऑफिसर को थप्पड़ जड़ दिया। घटना के विरोध के चलते मरीज को 20 मिनट बाद टांके लगाए गए।

मामले की सूचना मिलते ही नर्सिंग स्टाफ कामकाज ठप कर विरोध प्रदर्शन करने लगा। तीन घंटे तक हंगामा चला। नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि जब तक डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। डायरेक्टर ने जांच के लिए 8 सदस्यों की कमेटी गठित की है।

ओटी में टांके लगाने को लेकर कहासुनी की आरोपी डॉक्टर का नाम वरुणा वर्मा है। पीजीआई के कार्डियोवैस्कुलर डिपार्टमेंट में गुरुवार को एक पेसेंट का ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर वरुणा वर्मा के साथ दो अन्य डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ था। नर्सिंग ऑफिसर धर्मेंद्र सिंह भी मौजूद थे। मरीज के हॉर्ट का ऑपरेशन हो चुका था। सिर्फ टांके लगने बाकी थी। डॉक्टर ने नर्सिंग ऑफिसर से धागा लाने के लिए कहा। नर्सिंग ऑफिसर धागे लेकर आए, लेकिन उन्हें थोड़ी देरी हो गई।

इस पर महिला डॉक्टर भड़क गई और धर्मेंद्र सिंह को थप्पड़ जड़ दिया। धर्मेंद्र ओटी से बाहर आए। उन्होंने स्टाफ के सीनियर्स को घटना की जानकारी दी। सूचना पर सैकड़ों की संख्या में नर्सिंग स्टाफ जुट गया और विरोध प्रदर्शन करने लगा और डॉक्टर को टर्मिनेट करने की मांग की। धरने की सूचना पर डायरेक्टर आरके धीमान समझाने पहुंचे, लेकिन कर्मचारी कार्रवाई की मांग पर अड़े गए। कर्मचारियों का कहना है कि डॉक्टर ने अपमानित करने का काम किया है। उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

- पीजीआई में महिला डॉक्टर ने जड़ा थप्पड़, नर्सिंग स्टाफ का हंगामा

कमेटी करेगी जांच

संस्थान निदेशक डॉ. आरके धीमान ने मामले की जांच के लिए कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. आदित्य कपूर की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनायी गई है। इसके अलावा कमेटी के सदस्यों में संस्थान के डॉ. वीके पालीवाल, डॉ. अनुपमा कौल, डॉ. बिपिन चंद्रा साथ ही नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की ओर से नामित नर्सिंग आफीसर अजय कुमार सिंह, नव रतन सिंह, मंजू लता कमल और शिव दयाल शर्मा हैं। निदेशक ने कमेटी से जांच पूरी कर 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है।

तीन वारंटी गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी पुलिस ने गुरुवार को तीन वारंटी गिरफ्तार किये हैं। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया वारंटी सुशील, सुनील निवासी ग्राम गौरी सकरा और रज्जन निवासी ग्राम फलेहन्दा के खिलाफ थाने में मामला दर्ज था। उनके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। पुलिस तलाश कर रही थी।

सूचना

सूचित किया जाता है मेरा नाम राहुल व राहुल कुमार है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, मेरे पहचान अभिलेख में राहुल कुमार नाम अंकित है। मुझे भविष्य में राहुल कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।राहुल कुमार पुत्र सुनील निवासी नरायनपुर ग्रंट पोस्ट लमती उकरहवा तहसील व थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

सूचना

सूचित किया जाता है कि शपथी रईस अहमद सिद्दिकी पुत्र स्व रफीक अहमद निवासी ग्राम जिन्दौर मलिहाबाद के मूल निवासी हैं शपथी को रईस अहमद नाम से जाना पहचाना जाता था आज दिनांक 20/06/2024 से शपथी को रईस अहमद सिद्दिकी के नाम से जाना पहचाना जाए।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ
पत्रांक : 603/ई0ई0(एच0क्यू0)/2024-25 दि0: 20.06.2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग मे पंजीत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.06.24 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं । सील्ड निविदायें दिनांक 27.06.24 को अधिशासी अभियन्ता गुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 27.06.24 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय मे खोली जायेंगी ।

1. जलकल विभाग, ऐशबाग, मुख्यालय में इलेक्ट्रिक शॉप के कोने 300 एम0एम0 डाया स्लूस वाल्व की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00

2. जलकल विभाग ऐशबाग मुख्यालय क्लोरीन प्लान्ट और वाटरट्रीटमेन्ट प्लान्ट से न्यू सी0डब्लू0आर0 तक 400 स्क्वायर एम0एम0 3.5 कोर एल्युमिनियम अरगर्ड केबिल के बिछाये जाने इत्यादि का कार्य धरोहर धनराशि 6,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 300.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे घायल, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कृष्णानगर के पंडित खेड़ा में गुरुवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में बाइक सवार दो लुटेरे घायल हो गए। जिनको पुलिस ने लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक इन दोनों 14 जून को लॉन्ड्री संचालक को असलहा दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह के मुताबिक घायल बदमाशों में पीलीभीत पूरनपुर का रहने वाला आरिफ और इटावा भरथना का अभिनय उर्फ अभिनव है। दोनों ने 14 जून को दिनदहाड़े कृष्णानगर में लॉन्ड्री संचालक को असलहा दिखाकर नकदी लूटी थी। संचालक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की।

वारदात के चार दिन पहले पहुंचे थे लखनऊः एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह के मुताबिक मुठभेड़ में घायल आरिफ और अभिनव गिरोह चलाते हैं। उनके गिरोह में दो दर्जन से अधिक लुटेरे शामिल है। यह गिरोह पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, इटावा, मैनपुरी के आसपास के इलाकों में वारदात को अंजाम देता है। इन सभी स्थानों से गिरोह के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया वह वारदात से चार दिन पहले लखनऊ आए थे। यहां आलमबाग इलाके के एक होटल में ठहरे थे। वहीं से लॉन्ड्री संचालक की रेकी की। इसके बाद 14 जून को वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद भागते समय दोनों लुटेरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। इसी फुटेज के आधार पर दोनों की पहचान की गई।

पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल बदमाश। अमृत विचार

सौभाग्य लॉन के पास हुई मुठभेड़

डीसीपी दक्षिणी ने बताया कि गुरुवार तड़के 3 बजे इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह टीम के साथ गश्त कर रहे थे। पंडित खेड़ा के सौभाग्य लॉन के पास पहुंचे। वहां एक बिना नंबर की बाइक से दो युवक जाते दिखे। पुलिस ने रुकने को कहा तो झाड़ियों की तरफ भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी शुरू की तो फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लग गई। घायल लुटेरों को पुलिस ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया।

कर्ज बढ़ा तो करने लगा लूट

एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी आरिफ 70 प्रतिशत नंबर से स्नातक की डिग्री हासिल की है। एक निजी कंपनी में काम करता है। जांच में सामने आया कि उसे महंगे शौक लगे तो खर्च बढ़ने लगा। इसे पूरा करने के लिए आरिफ ने काफी कर्ज ले लिया। इसे चुकाने के लिए कोई साधन नहीं मिला तो गिरोह बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देने लगा। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक दोनों आरोपी पकड़े जाने से पहले चोरी की वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। आरोपियों के पास से दो तमंचा, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद हुई। इस बाइक का प्रयोग वारदात में किया था।

- कृष्णानगर के पंडित खेड़ा में गुरुवार तड़के हुई मुठभेड़
- लॉन्ड्री संचालक को असलहा दिखाकर 14 जून को की थी वारदात

ACHIEVERS MODERN SCHOOL
Achieving Academic Excellence...
AMS

REQUIRE

- Teachers
- PGTs/TGTs/PRTs All Subject
- Front Desk Executive
- Admin Officers
- Accountant
- Office Assistant
- LAB Assistant
- Student Counsellor

Send your CV mentioning post to amseducationlko@gmail.com
Khasra No. 20, 24, Dasauli, Kursi Road, Lucknow
9565388840, 8808300841

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट / जोन	लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य / उ0रे0
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	MSS-LKO-LKO-SIPod-25-24-1 (Misc static services sleeping pods at station)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 10:30 बजे
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1858/2024

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना - वाराणसी मण्डल

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्र.सं.: 1- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-46, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 1 (सेइ/कार्य/उत्तर/ वाराणसी अनुभाग में आवासीय भवन आदि) समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,59,16,452/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 2,29,600/-, **क्र.सं.: 2- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-47, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 2 (सेइ/कार्य/दक्षिण/वाराणसीअनुभाग में आवासीय भवन आदि) समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 67,63,960/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 1,35,300/-, **क्र.सं.: 3- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-48, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 3 (सेइ/कार्य/दक्षिण/वाराणसीअनुभाग में न्यू लोको कालोनी के पूर्व तरफ आवासीय भवन आदि) समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 37,95,041/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 75,900/-, **क्र.सं.: 4- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-49, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 4 (समनइ/वाराणसी अनुभाग के सर्विस भवन आदि) समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 95,50,062/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 1,91,000/-, **क्र.सं.: 5- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-50, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 5 (सेइ/कार्य/बनारस के अन्तर्गत आवासीय भवन व सर्विस भवन आदि) समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,99,04,192/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 2,49,500/-, **क्र.सं.: 6- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-51, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 6 (सेइ/कार्य/दक्षिण/वाराणसीअनुभाग में न्यू लोको कालोनी के पश्चिम तरफ आवासीय भवन आदि) समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 65,51,002/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 1,31,000/-, **क्र.सं.: 7- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-52, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्यः- वाराणसी (रहित)-औड़िहार (रहित)-जौनपुर (रहित) (समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,13,36,163/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 2,06,700/-, **क्र.सं.: 8- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-53, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्यः- बनारस (रहित)-प्रयागराज रामबाग (सहित) (समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,80,06,044/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 2,40,000/-, **क्र.सं.: 9- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-54, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्यः- समइं/लाइन/वाराणसी के अन्तर्गत समपार का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 63,87,588/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 1,27,800/-, **क्र.सं.: 10- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-55, **कार्य का नामः** क्षेत्रीय कार्यः- समइं/लाइन/वाराणसी के अन्तर्गत पुलों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2025), **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 63,87,589/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 1,27,800/-, **निविदा बन्द होने की तिथिः क्र.सं.: 1 से 10 के लियेः-** 12.07.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः क्र.से.: 1 से 10 के लियेः-** 30.06.2025, **नोटः** • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-46 से एनईआर-बीएसबी-2024-55 दिनांक 12.07.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-126 **वाराणसी**

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक समेत सात पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर गोमतीनगर विस्तार थाने में एक्सिस बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक और बीमा कंपनी के मैनेजर व पांच अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

गोमतीनगर पुलिस के मुताबिक, बाघामऊ निवासी लॉ के छात्र संजीव राजपूत ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि एक्सिस बैंक की भरवारा शाखा में उनका व पिता का खाता है। आठ साल पहले तत्कालीन शाखा प्रबंधक ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजर व एजेंट से सांठगांठ कर जाली दस्तावेजों पर उनके व पिता के फर्जी हस्ताक्षर कर दो पॉलिसी उनके नाम पर जारी कर दी। पीड़ित को इसकी जानकारी खाते से किस्त कटने पर हुई। संजीव ने पॉलिसी बंद करने को कहा तो शाखा प्रबंधक न तीन साल तक चलाने की बात कही। निर्धारित समय के बाद पीड़ित ने दोनों पॉलिसी सरेंडर कर दीं। इसके बाद इंश्योरेंस कंपनी से कर्मचारी ने कॉल कर पॉलिसी की रकम के साथ बोनस देने के लिए पीड़ित से दस्तावेज मंगाये। इसके बाद संजीव के पास बीमा लोकपाल कार्यालय से कॉल आई। फोनकर्ता ने उनसे बीच किस्त के 23 लाख 50 हजार देने को कहा। आरोप है कि उक्त राशि भुगतान करने के बाद भी पीड़ित को पॉलिसी की रकम व बोनस नहीं मिला। संजीव जब विभूतिखंड स्थित सिल्वर हाइट्स बिल्डिंग स्थित इंश्योरेंस कंपनी के दफ्तर पहुंचे तब ठगी का पता चला। वह हजरतगंज स्थित बीमा लोकपाल कार्यालय गए तो पता चला कि कोई किस्त जमा ही नहीं हुई है। पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने एक्सिस बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक, इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर व पांच अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

- गोमतीनगर विस्तार पुलिस कर रही मामले की जांच

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, मलिहाबादः माल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, पीड़ित महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया था। बताया कि 25 मई की रात वह घर के बाहर सो रही थी। इसी बीच रवी साहू निवासी माल ने दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर मारपीट की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पार्टी में गाने पर की फायरिंग, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आशियाना इलाके के एक मकान में पार्टी चल रही थी। तेज आवाज में युवक गाने सुन रहे थे। इसी बीच एक ने पिस्टल से दनादन तीन राउंड फायरिंग कर दी। इसका वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने इसमें शामिल दो युवकों की पहचान कर ली है। सभी फरार बताए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है कि कहां की है और कब पार्टी हो रही थी। पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। अमृत विचार इस तरह के वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि वीडियो में दिख रहे रिक्शा कॉलोनी के दो युवकों सत्यम प्रजापति और शुभम की पहचान हो गई है। पुलिस घर पर पहुंची तो दोनों फरार थे। वीडियो में पांच-छह लड़के पार्टी करते दिख रहे हैं। इसमें बीच में बैठा युवक ने पिस्टल से ताबड़तोड़ तीन फायर किये। इंस्पेक्टर ने बताया कि अभी नहीं पता चल सका है कि वीडियो लखनऊ का है या बाहर का है। दोनों लड़कों के पकड़े जाने के बाद ही यह पता चलेगा।

इंस्पेक्टर ने बताया कि कॉलोनी में पार्टी करते दिख रहे युवकों की दबंगई के बारे में कई लोगों ने बताया। लोगों ने ही बताया कि 18 जून को इन लड़कों ने मामूली बात पर एक परिवार के तीन लोगों पर हमला कर दिया था। इन तीनों के सिर में कई टांके लगे थे। बताया जाता है कि उस समय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

वीडियों में नजर आई युवक के हाथ में बंदूक।

- आशियाना इलाके में हो रही थी पार्टी
- युवकों की शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ

पत्रांकः 447/EE-3/जीएल 7/23-24 दिनांकः 20/06/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदद्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन-3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से पृथक-पृथक निविदाएं दिनांक 28/06/2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की किया जायेगा। जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 28/06/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्ते तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र मे उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती हैं-

क्र0 सं0	कार्य	निविदा शुल्क	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Repairing of 450 mm pipe line leakage at Faizabad road, babuganj, Aliganj, Lucknow.	Rs. 200/-	2800.00	7 days
2	Repairing of 450 mm dia Sluice valve making of New S.S. spendile & G.M. Nut at Babuganj, OHT, Lucknow.	Rs. 150/-	2400.00	7 days

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग नगर निगम

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

दि0 29-03-2014 को उपडाकघर ग्राम व पोस्ट अमरेथु डड़िया, तहसील कादीपुर, जिला सुलतानपुर में कु0 अंशिका पुत्री प्रमोद कुमार सिंह के नाम से रू0 पचास हजार 50,000/ का वर्षीय राष्ट्रीय बचत-पत्र कय किया था आगे चलकर विद्यालय में प्रवेश के समय आधार कार्ड में अंशिका के स्थान पर शिखा सिंह लिखा दिया गया जिसके कारण राष्ट्रीय बचत पत्र का भुगतान नहीं हो पा रहा है। अंशिका एवं शिखा सिंह दोनों एक ही लड़की का नाम है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **शाहीन बानो पत्नी नवाज अहमद पुत्री शहजहाँ अली, निवासिनी मो0 पुराना बाजार वार्ड नं0 8 मैलानी परगना कुकरा तहसील गोला जिला खीरी।** शादी से पूर्व मैं शाहनारा खातून के नाम जानी जाती थी। शादी के बाद मेरे अभिलेखों में शाहीन बानो अंकित है। मेरे पास कोई शैक्षिक अभिलेख नहीं मैं केवल साक्षर हूँ। यहकि शाहनारा खातून व शाहीन बानो दोनों नाम एक ही महिला के अर्थात मेरे है। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ। भविष्य में मुझे शाहीन बानो नाम से ही जाना पहचाना जाए

सूचना

सर्वसाधारण सूचित को किया जाता है। की भूमि प्रबन्धक समिति छीछेमऊ की खुली बैठक दिनांक 24-06-2024 दिन सोमवार को की जाएगी। जिसमें आवास के लिए भूमि आवंटन व अन्य विषयों पर विचार किया जाएगा। यह सूचना ग्राम प्रधान श्रीमती राधा सोनी व लेखपाल वकार अहमद द्वारा दी गई है।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हसीव पुत्र सलीम व पुत्रबधू शवनम के अलावा उसके बच्चों अय्यान, अदनान व खतीजा से संबंध विच्छेद कर रहीं हूं। इन सभी को मै अपनी चल व अचल संपत्ती से बेदखल करती हूं। उक्त सभी के कृत्यों व लेनदेन के लिए वे खुद जिम्मेदार होगें। इससे मेरा कोई वास्ता नहीं है। **-रुखसाना वेगम पुत्नी सलीम निवासी मोहल्ला काजीपुरा थाना व जिला कन्नौज।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **जैनब रिजवी पुत्री सैय्यद हसन आबिद रिजवी, निवासी- 185/16/1खकान मंजिल (बगिया) वजीरगंज, लखनऊ** मेरे हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट व आधार कार्ड में मेरा नाम जैनब रिजवी तथा जन्मतिथि 17.05.2003 दर्ज है जो सत्य एवं सही है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश सैय्यद जैनब आबिद रिजवी व जन्मतिथि 18.05.2002 दर्ज जो गलत है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम व जन्मतिथि मेरे शैक्षिक अभिलेखों व आधार कार्ड के आधार पर जैनब रिजवी व जन्मतिथि 17.05.2003 दर्ज किया जाय।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम हमजा हसन HMZA HASAN था। अब मैंने अपना नाम हमजा अंसार HAMZA ANSAR रख लिया है। मुझे भविष्य में हमजा अंसार HAMZA ANSAR के नाम से ही जाना जाए। **हमजा अंसार पुत्र हाजी अंसार अहमद, निवासी- 279/D भीमसेन मंदिर के सामने वाली गली, आगरा रोड, मैंनपुरी।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन, नि0 मो0 पठान-4, कस्बा व तह0 पलिया जिला खीरी।** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं0 यू.पी. 31 20140008349 में मेरा नाम इखलाख हुसैन (IKLAKH HUSAIN) अंकित हो गया है जोकि गलत है। मेरा सही नाम इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन है जो कि सही है अतः मेरा सही नाम IKLAK S/O ISTIYAK HUSAIN ड्राइविंग लाइसेन्स पर अंकित किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम FATIMA KHAN था अब मैंने बदलकर अपना नाम FATIMA रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये ।- D/O: RASHEED AHMAD, R/O: MIRZAGANJ PO MALIHABAD, LUCKNOW

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम पंकज कुमार लिखा है जबकि मेरा सही नाम पंकज कुमार सिंह है मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाय तथा अभिलेखों में यही दर्ज हो। **-प्राथी पंकज कुमार सिंह पिता श्री ईश्वर प्रताप सिंह जन्मतिथि 08/08/1980, पता-ग्राम शिवरहा पोस्ट हुजूरपुर जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश पिन नं-271872**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पहले पति स्व. नसीमुद्दीन से उत्पन्न पुत्र मोहम्मद अरशद और पुत्रवधू अफसाना खान का चाल-चलन अच्छा न होने के कारण संबद्ध विच्छेद कर लिया है तथा चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी नैतिक-अनैतिक समेत अन्य सभी कार्यो से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। कामिनी परवीन पत्नी नफीसुल हसन निवासी- जवाहर नगर पुखरायां कानपुर देहात।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

एक नजर

भाषा विवि के सात छात्रों को 6 लाख का पैकेज

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बीटेक के 7 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ। सभी छात्र कम्प्यूटर सांइस एवं अभियांत्रिकी विभाग के थे। इसमें 6 छात्र मो. फैसल, दानिश खान, आंनन्द प्रधान, तनिष्क गुप्ता, अनन रमन और अब्दुल्ला अफजल का चयन ब्लूबुक सॉल्यूशन और एक छात्र विवेक कुमार यादव का चयन थ्रूमूलर सॉफ्टवेयर कम्पनी द्वारा किया गया। इसमें ब्लूबुक सॉल्यूशन में छात्रों का चयन 4.10 लाख एवं थ्रूमूलर सॉफ्टवेयर कम्पनी 6.00 लाख रुपये वार्षिक वेतन पर किया गया।

प्रो. राम मिलन बने निदेशक

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक भाऊराव देवरस शोध पीठ, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के निदेशक के पद पर कार्य करने के लिए नियुक्त किया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह का कहना है कि नियुक्ति आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी किया गया है।

बीफार्मा और एमएससी का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीफार्मा और एमएससी का परीक्षाफल घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि बीफार्मा में बैचलर ऑफ फार्मेसी और एमएससी के मॉल्यूक्यूलर एण्ड ह्यमेन जेनेटिक्स का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

8 हजार छात्रों ने दी परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में गुरुवार को परीक्षा के आयोजन हुए। तीन पालियों में आयोजित परीक्षा के दौरान 8 हजार छात्र उपस्थित रहे। पहली पाली में छात्रों की उपस्थिति 4382 रही। दूसरी में एक भी छात्र भी नहीं था। अंतिम पाली में 3666 छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।

आरटीई : चौथे चरण में आए 500 आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आज से शुरू होगा सत्यापन 28 को खुलेगी लॉटरी

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए चल रही चौथे चरण की आवेदन प्रक्रिया गुरुवार को समाप्त हो गई। अभी तक आये आवेदनों का सत्यापन 21 जून से शुरू हो जायेगा। सत्यापन के बाद चयनित बच्चों का नाम लाटरी सिस्टम से घोषित किया जायेगा। इसके लिए 28 जून की तिथि निर्धारित की गई है।

आरटीई जिला समन्वयक अखिलेश अवस्थी ने बताया कि चौथे चरण में निशुल्क प्रवेश के लिए 500 बच्चों के आवेदन हुए हैं। आवेदनों का सत्यापन शुक्रवार से ही शुरू हो जायेगा। ताकि समय से लॉटरी खुल सके और बच्चो को प्रवेश दिलाया जा सके। आरटीई के तहत प्रवेश के लिए इस बार चरणों आवेदन लिए गये हैं।

राजधानी में करीब 19 हजार बच्चों का चयन हुआ है। इसमें प्रवेश 12 हजार से अधिक बच्चों का पूरा हो चुका है। बाकी बचे बच्चों के प्रवेश इसी चौथे चरण में चयनित बच्चों के के साथ पूरे कर लिए जायेंगे।

पहला न मिले तो दूसरा विकल्प चुने

आरटीई के तहत चयनित बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन के समय पांच विद्यालयों का विकल्प अभिभावकों को देना होता है। ऐसे में बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने कहा कि यदि सीटे न होने या फिर अन्य किसी कारण से पहले विद्यालय में बच्चे को प्रवेश नहीं मिला पता है तो दूसरे व तीसरे विकल्प वाले विद्यालय का भी चयन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो अभिभावक पहल विकल्प न मिलने पर विद्यालय छोड़ दे रहे हैं इससे बच्चों का नुकसान होता है।

विदेशी छात्रों को भा रही भारतीय संस्कृति

जीशान कदीर, लखनऊ

प्रो. अमर पाल

▸▸ 130 विदेशी छात्रों में से 70 से अधिक छात्रों ने चुना भारतीय संस्कृति विषय

अमृत विचार : 11 देशों से आए विदेशी छात्र डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति के दर्शन कर रहे हैं। बीए एलएलबी (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के 70 से अधिक इन विदेशी छात्रों का पसंदीदा विषय भारतीय संस्कृति बन चुका है।

विवि के कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह का कहना है कि बीए एलएलबी (आनर्स) प्रथम वर्ष के 130 छात्रों में 70 से अधिक छात्रों ने इतिहास पाठ्यक्रम के भारतीय संस्कृति विषय में अपनी रुचि जताई है।

विधि विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि छात्र आस्ट्रेलिया, कनाडा, वाशिंगटन, चीन, लंदन, स्विट्जरलैंड, न्यूजीलैंड, दुबई, कतर, कोलंबिया, मलेशिया के रहने वाले हैं। विभागाध्यक्ष की ओर से फिलहाल इन्हें अंतः कक्षाएं दी जा रही है। वाह्य कक्षाओं का आयोजन भी कराया जाएगा, ताकि विदेशी छात्र देश की संस्कृति से जुड़ी पद्धतियों को ठीक से जान और समझ सकें।

क्लैट परीक्षा से मिला विदेशियों को पढ़ाई का मौका : कुलपति का कहना है कि बीए एलएलबी (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के कुल 130 छात्रों का विश्वविद्यालय में प्रवेश क्लैट परीक्षा के तहत हुआ है। दाखिला पाए ये सभी छात्र नियमित कक्षा में सम्मिलित होकर अपना अध्ययन पूरा कर रहे हैं।

100 शोधार्थियों को भा रही डिजिटल लाइब्रेरी : कुलपति ने बताया कि इस समय विवि में 100 शोधार्थी अध्ययनरत हैं। छात्रों को डिजिटल लाइब्रेरी की किताबें काफी भा रही हैं। लाइब्रेरी में 45 से अधिक हाई डिजिटल कंप्यूटर हैं। इनके माध्यम से ऑनलाइन डिजिटल पुस्तकों को भी छात्र पढ़ सकते हैं।

▸▸ 16 सीटों के सापेक्ष अब तक 61 आवेदन

नए सत्र की एनआरआई कैटेगरी से जुड़े विदेशियों के दाखिले के लिए 16 सीटें आवंटित की गई हैं। इसके बावजूद अभी तक 61 विदेशी छात्र आवेदन कर चुके हैं। बताया कि आवेदन करने वालों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

▸▸ क्या है एनआरआई कैटेगरी

एनआरआई कैटेगरी का मतलब गैर-निवासी भारतीयों से है। भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) और भारत के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के लिए शैक्षणिक संस्थानों में विशेष आरक्षण या आवंटन अलग से दिया गया है।

शिक्षकों के पारस्परिक तबादले के बाद अब समायोजन की तैयारी

राजधानी के चारों जोन के विद्यालयों में कहीं ज्यादा तो कहीं कम शिक्षक

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के पारस्परिक तबादले के बाद अब उनके समायोजन की तैयारी की जा रही है। इसके प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगा दी है।

प्रदेश के प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती अनियमित है। नियमों के तहत 30 से 35 बच्चों पर एक शिक्षक होना चाहिए। लेकिन, कई ऐसे विद्यालय हैं, जहां छात्र और शिक्षक के अनुपात में बहुत अंतर है। इसमें नगर क्षेत्र के विद्यालयों की स्थिति ज्यादा खराब है। स्थिति यह है कि जहां शिक्षकों की ज्यादा जरूरत है वहां कम हैं और जहां कम शिक्षकों जरूरत है, वहां ज्यादा शिक्षक हैं।

विद्यालयों में शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सुधारने के लिए समायोजन की तैयारी हो रही है। जल्द ही प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।
–कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

368 पर 11 और 322 बच्चों पर तीन शिक्षक : राजधानी के जोन-2 में सिक स्कूल अमरई गांव में 368 बच्चे हैं और यहां 11 शिक्षक तैनात हैं। इसी जोन में बेसिक स्कूल चांदन में 322 बच्चों पर दो शिक्षक हैं।

छात्रों और शिक्षकों की स्थिति

जोन 1

स्कूल	छात्र	शिक्षक
बेहटवा	10	2
शांतिनगर	16	1
हिंद नगर	73	4
रामदास खेड़ा	11	1
गहरू	4	0
औरंगाबाद	98	5
न्यू गुदौरा	34	2
आशियाना	32	2
आजाद नगर	11	2
बल्दीखेड़ा	67	2
मेंहदीखेड़ा	18	1
प्रेमवती वार्ड	5	0
मिजापुर	50	3

जोन 2

स्कूल	छात्र	शिक्षक
सेमरा गौढी	148	5
शंकरपुरवा	180	1
पुरनिया	86	3
तकरोही	157	0
त्रिवेणी नगर	134	4
पानी गांव	237	7

जोन 3

स्कूल	छात्र	शिक्षक
कंधारी बाजार	8	2
35 पीएसी वा.	281	7
नरही	100	3
गाजीपुर बस्तौली	402	9
घसियारी मंडी	13	1
घोसियाना	54	2
जियामऊ	124	5
लाहौर गंज	35	4
बाजार झऊलाल	27	2
चिक मंडी	53	3
बादशाह नगर	65	2

जोन चार

स्कूल	छात्र	शिक्षक
पुलगामा	48	4
आर्यनगर	71	2
हसनपुर	59	3
यहियागंज	27	2
पीरनगर	585	2
बरी कला	18	1
धनेहर खेड़ा	23	1

एकेटीयू में साक्षात्कार को लेकर रजिस्ट्रेशन कराते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

एकेटीयू : टीसीएस ने 320 छात्रों को परखा

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) ने 320 छात्रों का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार के दौरान कंपनी की 60 सदस्यीय टीम उपस्थित थी।

एकेटीयू में आयोजित साक्षात्कार के दौरान तीन-तीन के पैनल में कंपनी के अधिकारियों ने छात्रों से बातचीत की। छात्रों से टेक्निकल नॉलेज, इंटरनेट, कम्प्यूटर क्लाउडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित सवाल पूछे गये। इसके अतिरिक्त व्यक्तित्व का परीक्षण विशेषज्ञों की ओर से किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने छात्रों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात की। कुलपति ने बताया कि विवि का लक्ष्य अधिक से अधिक छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट कराना है। कंपनी की ओर से चयनित छात्रों का परिणाम जल्द ही घोषित किया जाएगा।

इस अवसर पर कंपनी के एचआर हेड नॉर्थ विकास गुप्ता और उनकी टीम के साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से सहा. कुलसचिव सुनील पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आयुष

आस्था

रिया मिश्रा

शाहिना सदफ

शिवांग

सुभांशु

छात्र बोले : ऐसे अवसर सभी को मिलें

कैंपस प्लेसमेंट में शामिल छात्रा शाहिना सदफ का कहना है कि जरूरी नहीं है कि हर किसी को पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिल जाए। इस तरह के कार्यक्रम हर माह होते रहें तो निश्चित रूप से हर छात्रों को रोजगार मिल जाएगा। शिवांग ने बताया कि निजी कंपनियां अच्छा पैकेज देती है। इस तरह के प्लेसमेंट छात्रों के लिए हितकर हैं। सुभांशु का कहना है कि कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया लगातार छात्रों के लिए लाभकारी बन रही है। आस्था का कहना था कि चयन होने के बाद मिलने वाली धनराशि से वो शोध कर सकेंगी। आयुष ने कहा, व्यवस्था बेहतर है। वहीं रिया मिश्रा इसे माह में दो बार आयोजित करने पर बल देती हुई मिलीं।

सफलता के लिए व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

अमृत विचार : सफलता का मानक शैक्षणिक उपलब्धियां ही नहीं वरन इसके लिए इंसान का दृष्टिकोण व्यापक होना चाहिए। दूसरों को दोष देने के बजाय आत्म निरीक्षण करना चाहिए। उक्त विचार सेंट्रल कमांड के जनरल आफिसर कमांडिंग इन चीफ एनएस राजा सुब्रमणि के हैं।

गुरुवार को लखनऊ स्थित उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फारेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) की ओर से आयोजित व्याख्यान सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में वे संस्थान के विद्यार्थियों से मिले थे।

एनएस राजा सुब्रमणि को स्मृति चिन्ह देते निदेशक डा.जीके गोस्वामी। अमृत विचार

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि सफलता अनुभव नहीं देती, असफलता काफी कुछ सिखाती है। कार्यक्रम के अंत में डॉ.जीके गोस्वामी ने व्याख्यान सत्र में शामिल अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा, सहित संस्थान के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

यूपी किक बॉक्सिंग ट्रेनर डिप्लोमा कोर्स 21 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ओलंपिक सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगा डिप्लोमा कोर्स

अमृत विचार : किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की देखरेख में यूपी किक बॉक्सिंग ट्रेनर डिप्लोमा कोर्स का आयोजन 21 और 22 जून को किया जाएगा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बताया कि किक बॉक्सिंग के कोचिंग के नए तरीकों व नए नियमों से परिचित कराने के लिए ये डिप्लोमा कोर्स तैयार किया गया है। इस कोर्स का संचालन अवध रेजीडेंसी (अवध जिमखाना के पास) स्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक सभागार में सुबह 11 बजे से किया जाएगा।

एसोसिएशन के महासचिव अरविंद शेरवालिया ने बताया कि इस कोर्स में उत्तर प्रदेश के 50 से अधिक प्रशिक्षक भाग लेंगे और इसके उत्तीर्ण अभ्यथिर्यों को डिप्लोमा प्रमाणपत्र व कोच लाइसेंस दिया जाएगा। जिसके बाद वे प्रदेश में कहीं भी कोचिंग देने के पात्र होंगे।

पार्क रोड स्थित शिक्षा निदेशालय पर धरने पर बैठे तदर्थ शिक्षक। अमृत विचार

सेवा बहाली के लेकर धरने पर बैठे तदर्थ शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन शिक्षा निदेशक को सौंपा

अमृत विचार : तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले जीविका बचाओ आंदोलन न्याय संकल्प को लेकर तदर्थ शिक्षक गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर धरने पर बैठे। इसके बाद सेवा बहाली और वेतन भुगतान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन शिक्षा निदेशक को सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि 1993 से लेकर 9 नवंबर 2023 तक राजकोष वेतन प्राप्त करते रहे 3000 तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं 9 नवंबर 2023 को समाप्त कर दी गईं। इस पर तदर्थ शिक्षकों ने सरकार से सेवा बहाली की गुहार लगाई। ज्यादातर अधिकारी सपा से पोषित हैं, इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री को गलत तथ्य बता कर भ्रमित करने का कार्य किया।

प्रदेश महामंत्री सुशील शुक्ला ने कहा कि सेवा बहाली, वेतन भुगतान और जनपद जौनपुर में शासनादेश से अच्छादित सात तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान कराना हमारी प्रमुख मांगें हैं।

आदर्श के खेल से एसएमआर फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच आदर्श वर्मा (46 रन, 4 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत एसएमआर क्रिकेट क्लब ने एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में एसएमआर क्लब ने ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी को 59 रनों के अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएमआर क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 266 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। आदर्श वर्मा ने 46, ओम ठाकुर ने 38 और सम्राट तिवारी ने 66 रन बनाये। ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी की ओर से विशाल चौहान ने 3 और महेंद्र पी शुक्ला ने 2 विकेट चटकाये। जवाब में ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी की टीम 35 ओवर में सभी विकेट खोकर 208 रन ही जोड़ सकी। सत्यम पाण्डेय ने 48 और आर्यन यादव ने 37 रनों की पारी खेली। एसएमआर क्लब की ओर से आदर्श वर्मा ने 4 विकेट लिए। तुषार वर्मा को 3 और अशद हुसैन को 2 विकेट मिले।

रुद्रांश का कमाल, ब्लू सेमीफाइनल में

अमृत विचार : रुद्रांश वार्ष्णेय (3 विकेट, 55 रन) के शानदार खेल की बदौलत अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू ने क्वार्टर फाइनल में गुरुकुल क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सीएसएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान गुरुकुल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.1 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 122 रन बनाए। अभिषेक सिंह ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। रुद्रांश वार्ष्णेय ने 7 ओवर में एक मेडन के साथ 29 रन देकर 3 विकेट की सफलता प्राप्त की। अमन यादव को 2 और अभिनव मौर्या, आयुष यादव व श्लोक तिवारी को 1-1 विकेट की सफलता मिली।

जवाब में अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू ने 28.4 ओवर में 4 विकेट पर 123 रन बनाकर मैच जीतते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम की शुरुआत भी काफी खराब रही। कार्तिकेय कौशल और आदित्य यादव की सलामी जोड़ी बिना रन बनाए पवैलियन लोट गई। फिर

रुद्रांश वार्ष्णेय

▸▸ गुरुकुल क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हराया

रुद्रांश वार्ष्णेय ने मोर्चा संभालते हुए 74 गेंदों पर 7 चौके से 55 रन बनाकर अर्धशतक पूरा करते हुए टीम को संभाला। गुरुकुल क्रिकेट अकादमी से राजवीर सिंह को 2, रहमान खान व शौर्य प्रताप सिंह को 1-1 विकेट की सफलता मिली। मैन ऑफ द मैच अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू के रुद्रांश वार्ष्णेय चुने गए। दूसरा क्वार्टर फाइनल 21 जून को सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी बनाम एसडीएस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला जाएगा।

लखनऊ के सानिध्य ने दर्ज की खिताबी जीत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ के सानिध्य धर द्विवेदी ने कोलकाता में आयोजित नेशनल सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के अंडर-16 आयुवर्ग में खिताबी जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में उन्होंने पश्चिम बंगाल के कुमार साहनी को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 3-6, 6-0, 6-3 से हराया।

सानिध्य ने पहला सेट 3-6 से गंवाने के बाद दमदार वापसी की और कोर्ट को बेहतर ढंग से कवर करते हुए अगले दो सेट 6-0, 6-3 से अपने नाम कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कोच उजैर अहमद आजमी के निर्देशन में ट्रेनिंग करने वाले युवा खिलाड़ी ने कोलकाता में हुई प्रतियोगिता में तेज सर्विस और दमदार ग्राउंड स्ट्रोक से किसी भी प्रतिद्वंद्वी को टिकने नहीं दिया और खिताब पर कब्जा जमाया।

बीओबी ने टेनिस खिलाड़ी सुमित को बनाया ब्रांड एंडोर्सर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा ने उभरते हुए भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को अपना ब्रांड एंडोर्सर बनाए जाने की घोषणा की। बैंक उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सपोर्ट करता है जिससे वे विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर सके।

26 वर्षीय सुमित नागल वर्तमान में सबसे उच्च रैंकिंग वाले भारतीय एकल टेनिस खिलाड़ी हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल में भी जगह बना ली है। जनवरी 2024 में सुमित ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में एक ग्रैंड स्लैम पुरुष सिंगल्स मैच में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले 35 वर्षों में पहले भारतीय खिलाड़ी बने।

टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल

सुमित बैंक ऑफ बड़ौदा के उन प्रमुख एंडोर्सर्स की शानदार सूची में शामिल हो गए हैं। जिसमें बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और क्रिकेट की युवा आइकन शेफाली वर्मा शामिल हैं।

एलआईसी की उत्तर मध्य क्षेत्रीय टीम चयनित

अखिल भारतीय एलआईसी गेम्स के लिए उत्तर मध्य बैडमिंटन और टेबल टेनिस टीम की चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर टेबल टेनिस की आठ और बैडमिंटन की आठ सदस्यीय टीम का चयन किया गया। टेबल टेनिस के पुरुष फाइनल में लखनऊ के जबरजीत सिंह ने लखनऊ के ही पराग अग्रवाल को हराया। महिला वर्ग के फाइनल में बरेली की हिमानी महरोत्रा ने जीत दर्ज की। उन्होंने आगरा की मनीषा को पराजित किया। पुरुष वर्ग में कानपुर के दिलीप सेन तीसरे और अलीगढ़ के जयप्रकाश चौथे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में देहरादून की मनीषा तोमर तीसरे और गोरखपुर की प्रीति बरनवाल चौथे स्थान पर रही।

एक नजर

वाहन की टक्कर से घायल युवक की मौत

अमृत विचार, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत हो गई। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, मूलत: बाराबंकी जिले के जबरी बेहटा निवासी सद्दीक अली (33) अपनी ससुराल सिसेंडी, थाना मोहनलालगंज निवासी साले इमरान अली के घर पर रह रहे थे। बुधवार को बाइक से कहीं जा रहे थे। जेल रोड पर मोहरी कला के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गम्भीर घायल हो गए। पुलिस ने सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड से गिरकर मजदूर की मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा क्षेत्र में निर्माणाधीन कानपुर एलिवेटेड रोड से गिरकर घायल मजदूर ने इलाज के दौरान ट्रॉमा में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक चांदन बिहार निवासी बुद्धिनाथ (30) बंथरा स्थित निर्माणाधीन लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड रोड पर मजदूरी कर रहा था। बुधवार सुबह बंथरा में बनी के पास पिलर नंबर 242 पर काम करते समय पैर फिसलने से 25 फीट ऊंचाई से रोड पर गिरकर गंभीर घायल हो गया था। साथियों ने उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मजदूर के परिवार में पत्नी सरिता के अलावा दो बच्चे हैं।

जालसाजों का दूसरा शिकार था एकेटीयू

पूछताछ में खुलासा, 200 करोड़ हड़प चुका गिरोह, साइबर क्राइम थाने की टीम जुटा रही ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुजरात के श्रद्धा एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट समेत तीन संस्थाओं के खाते में भेजी रकम

अमृत विचार: एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ रुपये उड़ाने वाले जालसाज गिरोह का यह कारनामा पहला नहीं है। इसके पहले गिरोह ने गैर प्रांत की एक संस्था को दो सौ करोड़ रुपये का चूना लगा चुके हैं। साइबर क्राइम थाने की टीम गिरोह की इस हेराफेरी की डिटेल जुटा रही है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव ने बताया कि एकेटीयू से जालसाजी से पहले गिरोह के जिन सदस्यों ने 200 करोड़ की हेराफेरी की, उनमें फिल्म प्रोड्यूसर राजेश बाबू और कपिल शामिल थे। रकम को खपाने के लिए गुजरात के श्रद्धा एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट समेत तीन संस्थाओं के बैंक खातों का प्रयोग किया गया था। यह रकम एक संस्था के काला धन को सफेद करने के लिए खाते में जमा कराई गई थी।

खाते में मंगाते, हवाला से करते भुगतान : साइबर टीम के मुताबिक रकम खाते में आने के बाद महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे, थाणे, नागपुर जैसे एक दर्जन शहरों में हवाला के जरिये भुगतान किया गया था। रकम देने वाली संस्थान को चैरिटी करने का प्रमाण पत्र भी दिया गया। ताकि उनको आयकर विभाग और ईडी जैसी संस्थान की कार्रवाई का सामना न करना पड़े।

पांच लाख देवेंद्र ने कर दिए खर्च : रकम खाते में पहुंचने के बाद देवेंद्र जोशी ने पांच लाख रुपये निकाले और उसके दूसरे दिन एक करोड़ रुपये उदय पटेल के बंधन बैंक के खाते में ट्रांसफर किए। इसके कुछ देर बाद ही उदय के एसबीआई खाते में 50 लाख रुपये और जमा कराए। साथ ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मुंबई शाखा में एक करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। इनमें से पुलिस ने श्रद्धा ट्रस्ट और उदय पटेल के खाते की सारी रकम को एकेटीयू के खाते में वापस करा दिए। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कमुंबई शाखा में पहुंची रकम से 20 लाख रुपये की कार खरीदी गई। उसे दूसरे दिन ही हैदराबागद भेज दिया गया।

खाता फ्रीज होते ही करने लगा हंगामा : 12 जून को श्रद्धा ट्रस्ट के खातों में ट्रांसफर किए गए 120 करोड़ रुपये की निकासी पर रोक लगाने का पत्र भेजा गया। पत्र मिलते ही बैंक ने रकम की निकासी पर रोक लगा दी। साथ ही डेढ़ करोड़ उदय पटेल के खाते और 1 करोड़ मुंबई में ट्रांसफर की बात बताई। पुलिस सभी खातों को फ्रीज करा दिया। दूसरे दिन बैंक पहुंचने पर देवेंद्र को खाता फ्रीज होने की जानकारी मिली तो उसने आनन-फानन करीब एक दर्जन वकीलों को बुला लिया और बैंक में काफी देर तक हंगामा किया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह वहां से निकल गया।

राजेश और कपिल करते हैं गिरोह में भर्ती : यह गिरोह हर बार नए सदस्यों को योजना में शामिल करता है। एकेटीयू के खाते से रकम उड़ाने के लिए राजेश ने अनुराग श्रीवास्तव, जय कुमार उर्फ एनके सिंह, शैलेष कुमार सिंह रघुवंशी, केके त्रिपाठी, दस्तगीर और गिरीश को शामिल किया। वहीं, कपिल ने ट्रस्ट के खाते और ट्रस्ट के संचालक देवेंद्र जोशी, उदय पटेल और महाराष्ट्र के कुछ लोगों को शामिल किया।

गिरोह में टप्पेबाज से लेकर प्रोड्यूसर तक

एकेटीयू से 120 करोड़ की हेराफेरी करने वाले गिरोह के पकड़े गए सात सदस्य सभी अलग-अलग क्षेत्र से हैं। इसमें दो सदस्य देवेंद्र जोशी और उदय पटेल ट्रस्ट संचालित करते हैं। वहीं शैलेश कुमार सिंह रघुवंशी पेशे फार्मासिस्ट और ठेकेदार है। राजेश बाबू भोजपुरी फिल्म प्रोड्यूसर है। वहीं, गिरीश चंद्र, दस्तगीर आलम और केके त्रिपाठी टप्पेबाजी करते हैं।

सात और नाम सामने आए, दो टीमें गुजरात और महाराष्ट्र रवाना

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव ने बताया कि एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ की हेराफेरी में गिरफ्तार सात आरोपियों के अलावा सात और लोगों के नाम सामने आए हैं। इसमें गुजरात के कपिल के अलावा देवेंद्र जोशी के दो सहयोगी, एक उदय पटेल का साथी और यूपी के जयकुमार उर्फ एनके सिंह, अनुराग श्रीवास्तव और सुहेल हैं। सुहैल के नाम से ही 20 लाख की कार खरीदी गई। इसके अलावा आठ अन्य लोग भी शामिल हैं जिनकी तलाश में दो टीम गुजरात के सूरत और महाराष्ट्र के मुंबई जा रही हैं।

96 लाख रुपये का नहीं मिल रहा हिसाब बैंक ऑफ महाराष्ट्र नहीं दे रहा ब्योरा

अमृत विचार, लखनऊ : एकेटीयू के खाते से उड़ाए गए 120 करोड़ में से करीब 96 लाख रुपये का पता नहीं चल सका है। पुलिस को इस रकम के बारे में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मुंबई शाखा ने कोई जानकारी नहीं दी है। बैंक के उच्चाधिकारी टालमटोल कर रहे हैं। न तो रकम के बारे में कोई जानकारी दे रहे हैं और न एकेटीयू के खाते में वापस कर रहे हैं। इसे लेकर साइबर क्राइम थाने की टीम लगातार पत्राचार कर रही है। हालांकि पुलिस 119 करोड़ रुपये वापस कराने का दावा कर रही है। वहीं, हेराफेरी की रकम में कितनी नकदी निकली गई और कितने की खरीदारी हुई इसका पता चल चुका है।

आरोपियों की तलाश में पुलिस हिमाचल प्रदेश पहुंची

इस मामले में फरार मुख्य आरोपियों कपिल और अनुराग श्रीवास्तव के करीबियों व परिजन के नंबर बंद आ रहे है। तलाश में गुरुवार को भी कई जगह दबिश दी गई। पुलिस की एक टीम हिमाचल प्रदेश भी भेज दी गई है। वहीं साइबर थाने की पुलिस इस गिरोह के मुम्बई व हैदराबाद के सम्पर्क भी पता कर रही है। इसके अलावा फर्जीवाड़े में गिरफ्तार हुए इनके सहयोगी उदय पटेल, देवेन्द्र प्रसाद प्रभाशंकर, गिरीश चन्द्र, शैलेश कुमार, राजेश बाबू, दस्तगीर आलम और कृष्णकांत के जेल में भी बयान लिये जायेंगे।

यात्रियों से वसूली पूरी धनराशि लेकिन टिकट दिया कम का

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बहराइच जा रही रोडवेज बस की जांच में हुआ खुलासा, परिचालक बर्खास्त
- परिचालक धीरेंद्र कुमार की धरोहर धनराशि जब्त कर ली गई

अमृत विचार: कैसरबाग बस अड्डे बहराइच रवाना हुई बस में यात्रियों से पूरा किराया वसूला गया लेकिन उन्हें टिकट कम धनराशि का जारी किया गया। जांच में हुए खुलासे के बाद इस मामले में रोडवेज ने संविदा परिचालक को हटा दिया।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार कैसरबाग बस स्टेशन से रोडवेज की बस 43 यात्रियों को लेकर बहराइच के लिए रवाना हुई। परिचालक ने सभी से किराए की धनराशि वसूल की और एक यात्री के अलावा सभी को कम धनराशि का टिकट पकड़ा दिया।

रोडवेज मुख्यालय के जांच दल ने बीती बुधवार रात बाराबंकी टोल प्लाजा पर रोडवेज बस जांच की तब इसका खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि बस कंडक्टर ने यात्रियों को कम दूरी का टिकट देकर रोडवेज को प्रति यात्री 17 रुपये कम का टिकट दिया। बस में सवार 42 यात्रियों से पैसे पूरे लिए, लेकिन टिकट 17 रुपये कम का दिया गया। इससे 714 रुपये परिचालक की जेब में पहुंच गए। कैसरबाग डिपो की बस नंबर यूपी 77 एएन 2212 बहराइच के लिए

43 यात्रियों को लेकर निकली थी। मुख्यालय के प्रवर्तन दल ने बाराबंकी टोल पर इस की चेकिंग की। चेकिंग दल के मुताबिक परिचालक ने 42 यात्रियों का टिकट कम दूरी का बनाया था। यात्रियों से पूछताछ में पता चला कि यात्रियों का टिकट कमता स्थित अवध बस स्टेशन से बनाया गया था। कैसरबाग से कमता के बीच जब यात्रियों ने परिचालक से टिकट मांगा तो उसने कहा कि अभी देता हूं।

कैसरबाग बस डिपो के एआरएम अरविंद कुमार ने बताया कि संविदा परिचालक को मुख्यालय की रिपोर्ट पर बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही परिचालक धीरेंद्र कुमार की धरोहर धनराशि जब्त कर ली गई है।

सार-संक्षेप

पीजीआई के फायर सिस्टम इंचार्ज की हालत बिगड़ी, मौत

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रहने वाले पीजीआई फायर सिस्टम के इंचार्ज की हालत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मूलत: जनपद प्रयागराज निवासी अंशुमान मिश्रा (46) आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एम में अकेले किराये के मकान में रहते थे। वह पीजीआई अस्पताल के फायर सिस्टम में इंचार्ज थे। बुधवार शाम ड्यूटी से लौटने के बाद बेहोश होकर गिर गये। मकान मालिक ने पड़ोसियों ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान देर शाम उनकी मौत हो गई।

फल माल के पीछे झाड़ियों में नशे में धुत मिली महिला

अमृत विचार, लखनऊ : लोहिया पथ पर फन माल के पीछे गुरुवार सुबह एक महिला अचेतावस्था में झाड़ियों के पास पड़ी मिली। महिला के कपड़े अस्त-व्यवस्त थे। पुलिस ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान होश में आने के बाद महिला की मां अपने साथ लेकर चली गई। महिला और उसकी मां ने आरोप से इनकार किया है। महिला की मां ने बताया कि बेटी न्यूरो की बीमारी से ग्रसित है। उसका पति से अलगाव हो चुका है। दो बच्चे हैं और नशे की आदी है। महिला रहीमनगर क्षेत्र की रहने वाली है। वह रहीमनगर से कब और किसके साथ फन मॉल के पास पहुंची? इसका जवाब नहीं दे सकी।

सीढ़ी से गिरे युवक और छत से गिरकर बुजुर्ग की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : मलिहाबाद और मदेयगंज क्षेत्र में छत से गिरने से मजदूर और बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजन ने आरोप से मना किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। मलिहाबाद पुलिस के मुताबिक, गौसा गांव निवासी पंकज (36) मजदूरी करता था। मंगलवार को नशे के हालत में सीढ़ी से गिर गया। सिर में गंभीर चोट आने से परिजन ट्रामा सेंटर ले गये। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार में पिता मिश्रीलाल, पत्नी निर्मला और एक बेटी है। उधर, मदेयगंज स्थित बड़ी पकरिया शिवनगर निवासी राधेश्याम (80) मंगलवार को छत पर चक्कर आने से आंगन में गिर गये। परिजन ने इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

अर्धनग्न हालत में मिला युवक का शव

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाना अंतर्गत बेगरिया में गुरुवार शाम करीब पांच बजे एक युवक (26) का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुबग्गा प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि गुरुवार शाम पुलिस कंट्रोल रूम पर बेगरिया में अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी। शव अर्धनग्न हालत में पड़ा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 26 वर्ष है। उसकी शिनाख्त के लिए गुमशुदगी रिकॉर्ड के साथ ही साथ शहर के अन्य थानों से भी संपर्क किया है। सोशल मीडिया के जरिए मृतक की फोटोग्राफ अन्य थानों में भेजी है।

किशोरी पर धर्मांतरण का दबाव बनाने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना पुलिस ने किशोरी को बहलाकर भगा ले जान और धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ बुधवार देर शाम को मामला दर्ज किया गया था रश्मिखंड निवासी 16 वर्षीय किशोर एक इवेंट कम्पनी में काम करती है। इसी कम्पनी में मोहनलालगंज निवासी मौसिम भी कार्यरत है। मंगलवार दोपहर किशोरी घर से निकली, पर वापस नहीं आई। भाई ने मौसिम पर बहन को निकाह के लिए साथ ले जाने और मतांतरण का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए बजरगंज दल कार्यकर्ताओं से मदद मांगी। बुधवार रात मौसिम को पकड़ कर बजरगंज दल कार्यकर्ताओं ने आशियाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

कर्ज चुकाने के लिए किया लूट का प्रयास, दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : कर्ज में डूबे युवकों ने आरएसएस की राष्ट्रीय सेवक समिति के प्रांत संपर्क प्रमुख सावित्री सिंह के घर में घुसकर लूट का प्रयास किया था। पुलिस ने इस वारदात का खुलासा गुरुवार को करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों में आशियाना का बृजेश प्रताप सिंह और कृष्णानगर का विनोद कुमार शामिल है। पूछताछ दोनों ने बताया कि विनोद ई-रिक्शा चलाता है। उस पर बहन की शादी के बाद से बहुत कर्ज हो गया था। वह अक्सर सावित्री सिंह को घर के कुछ दूर एक कास्मेटिक में समान छोड़ने और ले जाने आता था। विनोद ने डिलीवरी का काम करने वाले दोस्त बृजेश के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। 12 जून को लूट के लिए पहुंचे लेकिन सावित्री ने चीख-पुकार मचा दी, जिससे भागना पड़ा। दोनों के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

हूटर व लाल-नीली बत्ती लगाने वाले 78 पर कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : गाड़ियों में हूटर और लाल-नीली बत्ती का प्रयोग करने वालों की खैर नहीं है। ऐसे लोगों के खिलाफ मुख्यमंत्री के आदेश पर 25 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को यातायात और थाने की पुलिस ने ऐसे 78 लोगों के गाड़ियों से हूटर और बत्तियां उतरवाईं। वहीं, सभी का चालान काटा। एडीसीपी यातायात अजय कुमार के मुताबिक गुरुवार को कुल 3257 वाहनों का चालान काटा गया। इसमें हूटर व प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले 55, लाल-नीली बत्ती वाली 23, काली फिल्म लगी 54 वाहनों से उतरवाई गई। उन्होंने बताया कि अनुबंधित वाहनों के अलावा भारत सरकार व पुलिस के मोनोग्राम का प्रयोग करने वाले 26, बिना हेलमेट दो पहिया चलाने वाले 1351, नो पार्किंग में खड़ी 288, त्रुटिपूर्ण नंबर प्लेट वाले 170, रेड लाइट जंप करने वाले 487, गलत दिशा से चलने वाले 229, तीन सवारी चलने वाले 79 दो पहिया वाहनों का चालान काटा गया।

जंगल में मिला अधेड़ का शव

अमृत विचार, निगोहां : नगराम थाना क्षेत्र के कुबहरा जगंल में अधेड़ का शव मिला। इंस्पेक्टर विवेक कुमार चौधरी के मुताबिक, जांच में पता चला कि बंशीलाल (50) निवासी दयालपुर, थाना निगोहां बुधवार शाम बाइक से घर से निकला था। इसके बाद से लापता था। गुरुवार शाम पांच बजे कुबहरा जंगल में उधर पहुंचे चरवाहों ने उनका शव औधे मुंह शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कपड़ों की तलाशी में मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान की।

प्रधानपति पर चाकू से हमला, ट्रॉमा में भर्ती

संवाददाता, मोहनलालगंज

अमृत विचार: मोहनलालगंज क्षेत्र में प्रधानपति पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने व गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे आसपास के गांवों के प्रधानों ने इंस्पेक्टर पर उचित कार्रवाई नहीं करने व अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। फिलहाल एसीपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक, बैरीसालपुर की प्रधान अनुपम ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया गुरुवार को रानीखेड़ा निवासी रमेश उन्हें देख बिना वजह गाली गलौज करने लगा। उन्होंने पति मनोहर को फोन कर बुलाया तो जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी भाग गया। इसके बाद पति पंचायत भवन स्थित कार्यालय पर चले गये। पीछे से पहुंचे आरोपी ने पति पर चाकू से

एसीपी राधा रमन सिंह से इंस्पेक्टर की शिकायत करते प्रधान।

- प्रधानों ने इंस्पेक्टर पर लगाया अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप
- एसीपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दर्ज हुआ जानलेवा हमले का मामला

ताबड़ तोड़ हमला कर दिया। पति लहूलुहान होकर गिर गये। चीख सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। आनन-फानन-पति को सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। उधर, मामले में आरोपी रमेश पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर आसपास के गांवों के प्रधान कोतवाली पहुंच गये। प्रधानों का आरोप था कि गंभीर मामला होने के बाद भी इंस्पेक्टर जांच करने मौके पर नहीं पहुंचे। विरोध करने पहुंचे प्रधानों से इंस्पेक्टर की नोंकझोंक हुई। इसके बाद प्रधानों ने एसीपी राधा रमन सिंह से इंस्पेक्टर द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने की शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुये एसीपी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। उनके आदेश पर इंस्पेक्टर ने आरोपी रमेश के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

लापता सफाई कर्मी का शव मिला, बेटे ने की पहचान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गाजीपुर क्षेत्र में पुलिस को मिला था मरणासन्न, ट्रॉमा में हुई थी मौत
- बेटे ने बीमारी से मौत होने की कही बात, आरोप से किया इकार

अमृत विचार: वजीरगंज निवासी लापता सफाई कर्मी का शव मोर्च्युरी में मिला। बेटे ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर शिनाख्त की। गाजीपुर पुलिस ने मरणासन्न हालत में उसे ट्रॉमा में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया था। बेटे ने बीमारी से मौत की बात कहते हुये आरोप से इंकार किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

पुलिस के मुताबिक, वजीरगंज के बाल्मीकि बस्ती निवासी दिनेश(52) इंदिरा नगर में सफाई कर्मी थे। उनके बेटे अंकित का कहना है कि मंगलवार सुबह पिता घर से ड्यूटी पर निकले थे। देर रात तक नहीं लौटने पर खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिले।

बुधवार शाम गाजीपुर थाने गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचा। वहां बताया गया गाजीपुर स्थित सेक्टर 19 के पास रोड के किनारे मरणासन्न मिले अधेड़ को पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। अंकित ट्रॉमा पहुंचा तो पता चला कि इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई थी। शव मोर्च्युरी में रखवाया है। अंकित ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच शव की शिनाख्त पिता दिनेश के रूप में की। अंकित ने आरोप से इंकार किया है। बताया कि पिता बीमार रहते थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। परिवार में पत्नी सुनैना और तीन बच्चे अंकित, श्रवण व प्रियंका हैं।

कार में मिला सफाई कर्मी का शव

अमृत विचार, लखनऊ : हसनगंज के निरालानगर में बुधवार को कार में सफाई कर्मचारी रोहित नायब (21) का शव मिला। परिजन ने कार का शीशा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक नशे के कारण मौत होने की बात सामने आई है। निरालानगर के लाल कॉलोनी निवासी रोहित नायब कर्मचारी राज्य बीमा निगम में सफाई कर्मी थे। दोस्त रोहिल कुमार के मुताबिक रोहित बुधवार दोपहर में दोस्तों के साथ कार से घूमने निकले थे। शाम पांच बजे रोहित वापस आ गए और घर जाने के बजाय पास में ही कार खड़ी कर उसी में सो गए। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने देखा तो कार में वह बेहोशी की हालत में पड़े थे। परिवार वाले निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर हसनगंज के मुताबिक रोहित बंद कार में नशा कर रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत कारण स्पष्ट हो सकेगा।

पानी भरने के विवाद में बाइक फूंकी

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार स्थित पटेलपुरम सेक्टर-एक में बुधवार को पड़ोसियों में पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष ने नाराज होकर हलवाई की बाइक में आग लगा दी। सीतापुर सिधौली निवासी हलवाई राम कुमार पटेल पुरम में किराए पर रहते हैं। बुधवार को वह नल पर पानी भरने के लिए गए थे। जहां पड़ोसी रमेश से कहासुनी हुई। विवाद के दौरान रमेश के बेटे राकेश, राधेश्याम, रामकुमार व परिवार के सदस्य आ गए। जिन्होंने रमेश पर लाठी से हमला किया। विवाद के दौरान घर के बाहर खड़ी रमेश की बाइक में आग लगा दी। जिसके किसी तरह से बुझाया गया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि रमेश की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

महिला ने दरोगा पर थप्पड़ मारने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोसाईगंज थाना क्षेत्र की अमेठी पुलिस चौकी का मामला

अमृत विचार : पानी भरने को लेकर हुए विवाद में फरियाद के लेकर गोसाईगंज चौकी पहुंची महिला ने दरोगा पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह से न्याय की गुहार लगाई है। एडीसीपी का कहना है कि मामला संज्ञान में है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

अमेठी के कजियाना वार्ड में रहने वाले मनोज कुमार की पत्नी शिव कुमारी का उसकी जेठानी और परिवार के अन्य सदस्यों से पानी भरने को लेकर 17 जून को विवाद हुआ था। शिव कुमारी के मुताबिक, आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। इसकी शिकायत लेकर अमेठी पुलिस चौकी पहुंची। जहां चौकी प्रभारी पीएन पांडेय ने कोई बात नहीं सुनी और उसे थप्पड़ मार दिए। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। गुरुवार दोपहर मैसेज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ। इसको लेकर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है, लेकिन किसी पीड़ित ने लिखित में शिकायत नहीं की है। प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

चक्कर आने से गिरा मजदूर, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र में मजदूरी के दौरान चक्कर आने से गिरे युवक की मौत हो गई। उधर, ठाकुरगंज क्षेत्र में अज्ञात अधेड़ का शव मिला। संबंधित पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, मूलतः अंबेडकर नगर निवासी संतोष (40) निलमथा में रहकर मजदूरी करता था। बुधवार दोपहर वह निलमथा क्षेत्र में मजदूरी करने गया था। काम करते समय चक्कर खाकर गिरकर बेहोश हो गया। साथी उसे सिविल अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। संतोष के परिवार में पत्नी विमला और चार बच्चे हैं। उधर, ठाकुरगंज क्षेत्र के बालागंज स्थित वरदानी मंदिर के पास एक कॉम्प्लेक्स के बाहर एक (50) साल के अधेड़ का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया कि शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

वन विभाग के कर्मचारी का शव मिला

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर सेक्टर-19 में सड़क किनारे मंगलवार को मिला शव वन विभाग के चतुर्थश्रेणी कर्मचारी दिनेश (52) का था। वह सोमवार से लापता था। परिजन गाजीपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो मौत की जानकारी हुई। वजीरगंज के गोलागंज निवासी दिनेश इन्दिरानगर स्थित वन विभाग कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत थे। बेटे अंकित ने बताया कि मंगलवार को दिनेश ड्यूटी पर गए थे पर लौटकर नहीं आए। परिचितों और रिश्तेदारों से पूछताछ की पर उनका कुछ पता नहीं चला। गाजीपुर थाने में पहुंचे तो पता लगा कि इन्दिरानगर सेक्टर-19 में मंगलवार को दिनेश बेहोशी की हालत में मिले थे। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की पहचान पिता दिनेश के रूप में की। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

सार-संक्षेप

कमलेश तिवारी के हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पैदल मार्च निकालते हिन्दू समाज पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

हिंदू समाज पार्टी ने निकाला पैदल मार्च

अमृत विचार, लखनऊ : हिंदू समाज पार्टी के सदस्यों द्वारा गुरुवार को कमलेश तिवारी हत्या कांड के मुख्य आरोपी सैयद तनवीर हाशमी की गिरफ्तारी के विरोध में पैदल मार्च निकाला गया। पार्टी के सदस्यों ने पार्टी कार्यालय खुर्शेदबाग से पैदल यात्रा निकाली। उत्तर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी ने कहा कि कमलेश तिवारी के मुख्य हत्यारे सैयद तनवीर हाशमी की गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो। पैदल मार्च में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पर दिया।

18 से 70 वर्ष के लोग सीखेंगे रंगमंच की बारीकियां

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में चल रहीं संगीत नृत्य और नाटक की कार्यशालाओं की श्रृंखला में गुरुवार को दर्पण रंगमंडल के सहयोग से एक और कार्यशाला शुरू हो गई। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के विकास गौतम के निर्देशन में नाट्य विधा से जुड़े सभी पक्षों की जानकारी दी जाएगी। एक महीने की इस प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में एक नाटक तैयार किया जाएगा जिसका मंचन संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में 22 जुलाई को किया जाएगा। इस कार्यशाला में 18 से 70 वर्ष की उम्र के लोगों ने प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया है। कार्यशाला में पहले दिन 20 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अरुंधती, शेख शौकत पर कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : लेखिका अरुंधति राय और राजनीतिक विश्लेषक डॉ. शेख शौकत हुसैन पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने के खिलाफ भाकपा (माले) ने गुरुवार को परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन कैसरबाग थाना इंस्पेक्टर को सौंपा। भाकपा माले की जिला नेतृत्वकारी टीम के सदस्य कुमार मधुसूदन मगन ने कहा कि इस तरह के दमन को देश बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में किसान नेता छोटे लाल रावत, ऐपवा नेत्री कमला गौतम, आइसा के शिवम, न्यायिक मानवाधिकार परिषद के महासचिव अंकित राज, राम सेवक रावत, रमेश शर्मा, मो. कलीम खान, सतीश राव, मंजू गौतम, अनिल कुमार, नीरज कनौजिया आदि मौजूद रहे।

कुकिंग प्रतियोगिता में महिलाओं ने बनाए पकवान

अमृत विचार, लखनऊ : सुरभि कल्चरल ग्रुप की ओर से 13 जून से 27 जून तक ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता चल रही है। इस प्रतियोगिता में महिलाएं रोजाना नये-नये पकवान बना रही हैं। गुरुवार को स्वीट डिश (मीठे पकवान) का दिन था। स्वीट डिश बनाने वाले प्रतिभागियों की बात करें तो दौदा खेड़ा से वंदना ने लौकी के पेड़े, मानक नगर से अर्चना शुक्ला ने कद्दू की बर्फी, आजाद नगर से पूजा गुप्ता ने मल्टीगैन पाव, जयप्रकाश नगर से आरती शुक्ला ने कलाकंद, चित्रगुप्त नगर से सुरभि कौर ने सिंघाड़े के आटे के लड्डू, मधुबन नगर से अलका श्रीवास्तव ने सूजी नट्स केक, चंदर नगर से गरिमा चौरसिया ने शुगर फ्री ओट्स डेट्स नट्स आइसक्रीम, कनौसी ओशो नगर से साधना कुशवाहा ने बेसन का पेड़ा, मधुबन नगर से अलका श्रीवास्तव ने लौकी की बर्फी, चंदर नगर से अंजली शर्मा ने नारियल की बर्फी और राजाजीपुरम से उपासना गुप्ता ने चने की दाल की बर्फी तैयार की।

पॉलीथिन बहिष्कार के लिए चला जनजागरण अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : वृक्ष कल्याणम और भारत विकास परिषद ने संयुक्त रूप से गुरुवार को भूतनाथ बाजार में पर्यावरण संरक्षण के लिए पालीथिन बहिष्कार जनजागरण अभियान चलाया। सबको पढ़ाओ, बिजली पानी बचाओ, पेड़ लगाओ और पालीथिन को न कहो का सन्देश देने वाली तख्तियां हाथ में लेकर दोनों संस्थाओं से जुड़े सदस्य बिपिन कांत, सरिता शर्मा और डीएस शुक्ला के मार्गदर्शन में पालीथिन से होने वाले नुक्सान के बारे में लोगों को बताते हुए चले। इस जनजागरण अभियान के दौरान नीलम, इला, सुमन, पुष्पांजलि, पुष्पा, विभा, सुधा और शैल आदि ने बाजार में पॉलीथिन का थैला लेकर जा रहे लोगों से पालीथिन का थैला लेकर उन्हें कपड़े का थैला दिया।

शीतल और दिव्या को दोहरी स्वर्णिम सफलता

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर व जूनियर समन्वय तैराकी चैंपियनशिप के पहले दिन धमाकेदार प्रदर्शन कर कई पदकों पर कब्जा किया। लखनऊ खेल छात्रावास की शीतल और दिव्या ने प्रतियोगिता में दोहरी स्वर्णिम सफलता हासिल की। लखनऊ मंडल की सृष्टि ने भी दो स्वर्ण पदक जीते। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और यूपी तैराकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिद्धार्थनगर के तरणताल में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस चैंपियनशिप के पहले दिन बालिका चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में लखनऊ को रजत मिला। इस टीम में सृष्टि, दक्षिता, वंशिका, लावण्या शामिल रही।

जल योग से मिलता है बीमारियों से छुटकारा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जगह-जगह लगे शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महानगर स्थित शहीद भगत सिंह तरणताल में जलयोग शिविर का आयोजन किया गया। रमेश कुमार सैनी, दिनेश चन्द्र गुप्ता, अवधेश शुक्ला, अरुण पाण्डेय, भरत वर्मा, डॉ. मोहम्मद कामरान और आरिफ ने लोगों को जल योग की महत्ता से परिचित कराया।

उन्होंने बताया कि साधारण योग की तुलना में जल योग करने से स्वास्थ्य को दोगुना लाभ होता है, लेकिन जलयोग में बहुत ही एकाग्रता और मानसिक संतुलन की जरूरत होती है। जल योग से सम्बंधित शिविर एक महीने तक चलेगा। जल योग से न सिर्फ शरीर में ठंडक रहेगी बल्कि आये दिन होने वाली डिप्रेशन जैसी कई समस्याओं से भी निजात मिल सकेगी।

पिछले 20 साल से जल योग करने वाले दिनेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि जल योग करने से उनका शरीर लचीला हो गया है। घुटने आदि के दर्द से निजात मिल गई है। व्यवसायी अवधेश शुक्ल के अनुसार, जलयोग से न सिर्फ गर्मी से निजात मिलती है बल्कि थकान और तनाव से मुक्त होकर पूरा दिन आराम से गुजरता है। चौक क्षेत्र के व्यवसायी आरिफ़ ने बताया कि उनके लिए जलयोग अत्यंत लाभकारी है। प्रतिदिन कंधे तक भरे पानी में बैठ कर कपालभाति करने से तमाम तरह की बीमारियों को दूर भगाते हैं।

महानगर स्थित शहीद भगत सिंह तरणताल जलयोग करते लोग। अमृत विचार

योग दिवस पर योग प्रशिक्षक देंगे जानकारी

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कोचिंग डिपो, रनिंग रूम, लॉबी, चिकित्सालयों, मनोरंजन संस्थानों व कार्य स्थलों पर 21 जून को 10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके अन्तर्गत प्रात : 07 :30 बजे से 08 :15 तक रेलवे अधिकारी क्लब बन्दरियाबाग और प्रात : 08 :00 बजे से 08 :45 तक रेलवे मनोरंजन संस्थान बादशाहनगर, रेलवे मनोरंजन संस्थान ऐशबाग, अवध रनिंग रूम लखनऊ जं., रेलवे मनोरंजन संस्थान गोंडा तथा एकीकृत क्रू लॉबी, गोरखपुर में योग से सम्बन्धित जानकारियां योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान की जायेगी। इस आयोजन में मंडल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेगें।

जनेश्वर मिश्र पार्क में किया योगाभ्यास

अमृत विचार: भारतीय आदर्श योग संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को जनेश्वर मिश्र पार्क में योगाचार्य एवं भारतीय आदर्श योग संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण दत्त मिश्रा ने मौजूद लोगों को योगाभ्यास कराया। इस मौके पर महिला एवं पुरुष योगाभ्यासियों को प्रोटोकॉल योग अभ्यास कराया गया। योग करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सुबह छह से आठ बजे तक उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी परिसर, विपिन खंड ,गोमती नगर में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें बड़ी संख्या में लोग योग करेंगे। भारतीय आदर्श योग संस्थान के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने प्रोटोकॉल अभ्यास पर कहा कि हम सभी को अपने बच्चों में संस्कार के रूप में योग को स्थापित करना होगा तभी आगे चलकर स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ भारत का निर्माण हो सकेगा। उन्होंने कहा योग के माध्यम से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।

संगठन के महासचिव राजकुमार राज ने कहा योग आत्म बल को बढ़ाता है। योगाभ्यास करने वालों में चंद्रशेखर कुमार ,कृष्ण कुमार गुप्ता, गोपाल गुप्ता, राधेश्याम चौरसिया, विनोद कुमार यादव, कर्नल डॉ. आलोक सिन्हा, कमलेश कुमार पाठक, मगन मिश्रा ,डॉ. डीके सिंह ,आरबी सिंह, संगीता सिंह, शोभना द्विवेदी, रीता पांडे, कल्पना भद्रा, शशि मणि त्रिपाठी, इसरार खान, ऋषभ मिश्रा, मधु पांडे,आनंद पांडे, गौरव जाजू आदि शामिल रहे।

जनेश्वर मिश्रा पार्क में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करते भारतीय आदर्श योग संस्थान के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

▸▸ बड़ी संख्या में जुटे महिला चिकित्सक और व्यापारी

एक सुर में लेंगे योग से निरोग रहने का संकल्प

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सभी विश्वविद्यालयों में विविध आयोजन किये जा रहे हैं। एक दिन पूर्व लखनऊ विवि, पुनर्वास विवि सहित अन्य विश्वविद्यालयों में विविध आयोजन किये गए।

विश्व योग दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से एक दिन पूर्व डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में योगाभ्यास और प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। कुलपति ने बताया कि विश्व रिकार्ड के लिए डिजिटल प्रमाणपत्र योजना के अंतर्गत राजभवन की ओर से विश्वविद्यालय के लिए निर्धारित 4700 से अधिक 6299 का आंकड़ा प्राप्त किया।

पुनर्वास विवि में योगाभ्यास के दौरान कुलपति व अन्य। अमृत विचार

कार्यशाला में योग करते सुएज इंडिया के कर्मचारी। अमृत विचार

सुएज इंडिया ने किया कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार : 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुएज इंडिया ने स्वयं एंव समाज के लिए योग थीम कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर परियोजना के निदेशक राजेश मठवाल ने थीम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की भूमिका के बारे मे बताया। इसके साथ ही कर्मचारियों को योगासन ,ध्यान और प्राणायाम करके शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यशाला में 100 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

ट्रेंच केबल में आग से घंटों गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर के विपिनखंड पावर हाऊस के सामने 11 केवी और 33 की लाइन ट्रेंच के केबल में लगा लगने से बुधवार रात कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति 9 घंटे तक ठप रही।

गोमतीनगर के विपिनखंड पावर हाऊस के सामने ट्रेंच के केबल में आग लग गई थी। इससे विशाल खण्ड, विपुल खण्ड, विनय खण्ड, उजरियावं सहित कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। दूसरे पावर हाऊस से सप्लाई चालू कराने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नही मिली। दयाल फीडर अर्थ फाल्ट पर 33 केवी के साथ 12 बजे ट्रिप हो गया। 33 केवी सप्लाई को 12: 33 बजे चालू किया गया। 12: 47 बजे शोध फीडर 33 केवी सप्लाई ट्रिप हो गई। तमाम प्रयास के बाद उसे चालू किया गया। नादान महल रोड फीडर में सुबह 8:45 पर ओवर करेंट और अर्थफाल्ट पर ट्रिप हुआ फीडर की पेट्रोलिंग कराई गई। भूमिगत केबल फॉल्ट पाया गया। शाम 5 बजे मरम्मत कर फीडर चालू किया गया। 10 मिनट बाद केबल में दूसरी जगह फॉल्ट हो गया। वही आशियाना के शक्ति पावर हाऊस केडी-1 में 630 का ट्रांसफार्मर जलने से घंटों सप्लाई बाधित रही।

ट्रांसफार्मर में लगी आग, 12 घंटे गुल रही बिजली

अमृत विचार : सिस गोमती के ठाकुरगंज इलाके में बुधवार को ट्रांसफार्मर में आग लग गई। इससे पाटानाला और डोर वाली गली में खलबली मच गई। आसपास के घरों में लगे एसी जल गए। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पानी से आग को काबू नहीं कर पाईं। फोम डलवाकर आधे घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। इलाके में करीब 12 घंटे सप्लाई बाधित रही। पाटानाला चौकी के सामने रात करीब 11:45 बजे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड और उपकेंद्र अधिकारियों को सूचना दी। पूरे क्षेत्र की सप्लाई कर दिया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने डिलीवरी हॉर्स पाइप लगाकर दो तरफ आग को बुझाना शुरू किया लेकिन आग काबू में नहीं आई। फोम ब्रांच के जरिए फोम डलवाने के आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। बुधवार दोपहर ट्रांसफार्मर हीट होने की सूचना पावर हाउस को दी गई,लेकिन कोई जांच करने नहीं आया। आग लगने के दौरान अगल-बगल के घरों में लगे एसी तक जल गए। अधिशासी अभियंता चौक रमन वासनिक ने बताया कि अभी कुछ इलाके की सप्लाई को सामान्य नहीं किया जा सका है। देर रात तक सामान्य कर दिया जाएगा।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक :– 177/ई0ई0–6/एल0जे0एस0/2024–25 दिनांक 20/06/2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 27/6/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 27/6/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Supply & Fixing of by pass system & other electrical/ Civil works for newly bore mini tubewell at near Kabristan, Maszid Wali Lane, Rajjabganj, Gadhi Peer Khan Ward, LKo	6200.00	Rs350.00	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त–1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन–6
जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

माहेश्वरी समाज ने बुजुर्गों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माहेश्वरी समाज ने अपने वार्षिक उत्सव में मेधावी विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेष सचिव गृह राकेश मालपानी रहे।

खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ महेश्वरी, सराफा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद माहेश्वरी मौजूद रहे। माहेश्वरी समाज ने 75 वर्ष के वरिष्ठजन डॉ. वीके जाजू, द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी, ओमप्रकाश लखोटिया, शिव कुमार केला, डॉ. सुभाष चंद्रा, सुरेश गगरानी, सुभाष बलदुआ, कुसुम लता माहेश्वरी, रमा सोमानी, कमलेश महेश्वरी, सुषमा शारदा, मनोरमा शारदा और पुष्पा जाजू को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। इस वर्ष 50 वीं स्वर्णिम वैवाहिक वार्षिकी पूरी करने वाले दम्पति श्रीमती एवं श्री द्वारका प्रसाद माहेश्वरी को राधा कृष्ण की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया।

अति विशिष्ट क्षेत्र में डॉ. राजीव माहेश्वरी (बलदुआ), आभा आनंद, विशिष्ट क्षेत्र के लिए डॉ. उमंग माहेश्वरी एवं अदिति माहेश्वरी को समाज द्वारा सम्मानित किया गया। सीतापुर से आमंत्रित देव किशन चांडक, हरदोई माधोगंज से नवल माहेश्वरी, पूर्वी उत्तर प्रदेश के मंत्री रविंद्र गांधी, का भी सम्मान किया गया। इस वर्ष समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का भी सम्मान हुआ। इंटर की आकांक्षा माहेश्वरी को महिमा माहेश्वरी स्मृति पुरस्कार, कार्तिकेय माहेश्वरी को सुधीर माहेश्वरी स्मृति पुरस्कार, आर्यन माहेश्वरी एवं हाई स्कूल के दिव्यांशु माहेश्वरी को सुधीर माहेश्वरी स्मृति पुरस्कार, एवं देवांश माहेश्वरी को समाज द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

अतुल गटटानी स्मृति पुरस्कार समाज के सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता माहेश्वरी युवा परिषद के अध्यक्ष सुनील लोया को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विनम्र माहेश्वरी ने किया। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज लखनऊ के विनोद प्रकाश, लक्ष्मीकांत, रमन, राधेश्याम जाजू, दीपक सादानी, संजय काबरा, मनीष बलदुआ, नितिन माहेश्वरी, गोविंद भुराडिया, विजय प्रकाश असावा, निखिल माहेश्वरी, पंकज तोशनीवाल, राजीव बंग, निर्भय माहेश्वरी, हनुमान लोया, सुशील लोया, गौरव बलदुआ, आशीष माहेश्वरी, सताकशी नंदन, महिला मंडल से किरण माहेश्वरी, मनीषा चोला मौजूद रहीं।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट।

संख्या: 631 / जि0आ0अ0/चित्रकूट / अपील व आ0सू0 / 2024–25/ दिनांक. 20 जून 2024

अपील/आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अराजक तत्वों / कतिपय व्यक्तियों द्वारा अपने निजी लाभ के लिए अवैध मदिरा का निर्माण/बिक्री की प्रबल सम्भावना रहती है। इस प्रकार अवैध तरीके से बनी शराब जन स्वास्थ्य के दृष्टि से हानिकारक हो सकती है। अवैध तरीके से बनी शराब मिथाइल अल्कोहल भी हो सकती है। इसके अल्प मात्र के सेवन से ही आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अत: आपसे अपील की जाती है कि यदि शराब का सेवन करना है तो अधिकृत शराब की दुकान से ही क्यू0आर0 कोड युक्त शराब खरीदें। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर तत्काल सूचना दे:–

जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट–9454465680
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–1, कर्वी–9454466340
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–2, मऊ–9454466341
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–3, मानिकपर–9838295635
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–4, राजापुर– 8090190059

उक्त के अतिरिक्त प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर–14405 तथा व्हाट्सप नम्बर 9454466019 पर भी अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री की सूचना दे सकते है, सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रख जायेगा।

(अखिलेन्द्र बहादुर सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड-रायबरेली

पत्रांक– 165/ल0सिं0/म0ग0न0/ विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 10.06 2024

पंजीकरण हेतु विज्ञिप्त संख्या

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड रायबरेली के जनपद रायबरेली तथा जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में मध्यम गहरे नलकूपों के छिद्रण हेतु फर्मो का पंजीकरण किया जाना है। अत: एल्यूवियल स्ट्रेटा में आर0आर0 बिट से 14 इंच व्यास के 80 मीटर गहराई तक छिद्रण हेतु उपयुक्त क्षमता का कम्प्रेशर (100पी0एस0आई0/365सी0एफ0एम0) दुलाई हेतु वाहन सहित अन्य सहायक उपकरणों के धारक फर्मो के पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र निम्नलिखित अभिलेखों सहित निर्धारित रूप पत्र पर मुहर बन्द लिफाफे में दिनांक 02.07.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड (658/18, सिद्धार्थ विहार, राजकीय कर्मचारी कालोनी के पीछे) रायबरेली में स्वंय अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन पत्र में उपकरणों की विशिष्टयों के साथ–साथ निम्नलिखित सत्यापित प्रमाण–पत्र को संलग्न करना अनिवार्य होगा। समस्त वांछित प्रपत्रों के जांचोपरान्त ही पंजीकरण प्रपत्र दिये जायेंगे।

1. छोटे रिंग मशीन / मैकेनाइज्ड बोरिंग मशीन / कम्प्रेशर / ट्रेक्टर के स्वामित्व प्रमाण की छायाप्रति।
2. सम्बन्धित वाहनों / मशीनों की फोटो एवं पंजीयन प्रमाण पत्र।
3. अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में धरोहर के रूप में सामान्य जाति हेतु रू0 1.00 लाख एन0एस0सी0 / राष्ट्रीय कृत बैंक की एफ0डी0आर0 की मूल प्रति।
4. जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र (पी0डब्ल्यू0डी0टी0–4/आई0डी0टी0–1) एवं हैसियत प्रमाण पत्र (पी0डब्ल्यू0डी0टी0–5/आई0डी0टी0–2) जो आतिथि वैद्य हो की छायाप्रति।
5. पैन, फर्म का भूगर्भ जल पोर्टल पर पंजीकरण तथा जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति।
6. शपथ पत्र रू0 100.00 के स्टैम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित हो की मूलप्रति।
7. यदि फर्म द्वारा विभाग में विगत वर्षो में मध्यम गहरी बोरिंग का कार्य किया गया है तो फर्म को सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
8. फर्मो द्वारा सील बन्द लिफाफा पंजीकरण प्रपत्रों के साथ अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्बन्धित जनपद के बॉक्स में डाले जायेंगे।

सम्बन्धित फर्मो को इस बात का विशेष ध्यान देना होगा कि उनके द्वारा मशीनों एवं अन्य उपकरणों के सम्बन्ध में जो सूचना संलग्न की जायेगी, उसका सत्यापन करने के उपरान्त ही पंजीकरण की कार्यवाही की जायेगी। निर्धारित प्रपत्र एवं अन्य शर्ते अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड–रायबरेली तथा सहायक अभियन्ता कार्यालय उन्नाव / रायबरेली में दिनांक 24.06.2024 से 01.07.2024 तक किसी भी कार्य दिवस (अवकाश को छोड़कर) में रू0 225.00 (जी0एस0टी0 सहित) बैंक ड्राफ्ट अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड रायबरेली के पक्ष में देय हो को जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक 02.07.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें तथा अपरान्ह 3.00 बजे के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। दिनांक 02.07.2024 को अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

UP – 206313 दिनांक 19.06.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
(ल0 सिं0) खण्ड–रायबरेली

साधो-जग दर्शन के मेले में छा गए कबीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कबीर जयंती के मौके पर उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में तीन दिवसीय आयोजन साधो-जग दर्शन का मेला की शानदार शुरुआत गुरुवार की शाम को हुई। संत कबीर अकादमी, कबीर ट्रस्ट और उड़ान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन का उद्घाटन इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश, नागेन्द्र, संगीता जायसवाल, वीणा राना और शिवालिका ने कबीर की पेंटिंग के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के राघवेन्द्र सिंह ने रहिमन पानी राखिये से लिए नाटक पानी पर प्रेम लिखना का मंचन किया। इस नाटक में गांव और शहर का बदलाव, गोमती नदी और पानी में लगातार होती कमी और आपसी सद्भाव को दिखाया गया।

कबीर पर हुए इस आयोजन के साथ लोगों ने खुद को जुदा हुआ महसूस किया क्योंकि लोक जीवन में कबीर आज भी रचे बसे हैं। डॉ. पूनम ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि मुहावरे, कविताओं और कहावतों में कबीर के हवाले से ही आज भी खरी बात कही जाती है।जिद्दी धुन और कबीरा जंक्शन के गीतों की प्रस्तुति प्रख्यात गायक कमलाकांत, महिंदर और राहुल ने प्रस्तुत किये। ड्रम पर विशाल, खुशबू और तबले पर राकेश संगत कर रहे थे। साधो जग बौराना, मन मस्त हुआ जैसे गीतों ने श्रोताओं को झूमने को विवश कर दिया। उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को योग और जीवन पर एक विशेष सत्र अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार, योगगुरु और लाइफ कोच अनिल कुमार लेंगे। विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव समाज कल्याण, कवि एवं गायक डॉ. हरिओम अपनी संगीत यात्रा के बारे में जानकारी देंगे।

कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़, रायबरेली

पत्रांक : 631/अधि0अधि0/न0पं0शिव0/ई–टेन्डरिंग/सू0प्रका0/2024–25 दिनांक – 20/06/2024

ई निविदा सूचना

नवसृजित नगर पंचायत शिवगढ़, जनपद रायबरेली में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्य को कराये जाने हेतु शासनादेश संख्या–3/2017/1067/78–2–2017–42 आई टी/2017 अनुभाग–2 दिनांक 12–05–2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/ कान्ट्रैक्टर्स / वेल्डर्स को सूचित किया जाता है, कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में स्वीकृत धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है. जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है:–

टेण्डर शेड्यूल (www-e-tender.up.nic.in पर)

क्र0 सं0	नगर पालिका परिषद रायबरेली	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अंतिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release	22-06-2024 11:00 AM	
2	Tender Download	22-06-2024 11:00 AM	12-07-2024 5:00 PM
3	Bid Submission	22-06-2024 11:00 AM	12-07-2024 5:00 PM
4	Bid Opening	15-07-2024 11:00 AM	
	Bid Opening Place	Office Nagar Panchayat Shivgarh Raebareili	

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा मूल्य खाता संख्या: 41873080136 व IFSC CODE- SBIN0018415 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा शिवगढ रायबरेली में जमा किया जा सकता है। नियम, शर्ते एवं अन्य जानकारी सम्बंधित वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in अथवा कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ, जिला रायबरेली में किसी भी दिन कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

राजभान शुक्ल (अधिशासी अधिकारी)
नगर पंचायत शिवगढ़
रायबरेली

सुमन (अध्यक्ष)
नगर पालिका शिवगढ़
रायबरेली

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यदतप्तं प्रणमति न तत् सन्तापयन्त्यपि।
यश्च स्वयं नतं दारुं न तत् सन्नमयन्त्यपि॥

जो धातु बिना गरम किए मुड़ जाती है, उन्हें आग में तपने का कष्ट नहीं उठाना पड़ता। जो लकड़ी पहले से झुकी होती है, उसे कोई नहीं झुकाता।

संपादकीय

टकराव उचित नहीं

संवैधानिक व्यवस्था में राज्यपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज जब हम सहकारी संघवाद और देश की प्रगति के हित में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक संघवाद पर जोर दे रहे हैं तो राज्यपाल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एक ओर वह केंद्र सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करता है, दूसरी ओर राज्य का संवैधानिक प्रमुख भी है। हालांकि देश में राजभवन और राज्य सरकार के बीच टकराव का इतिहास भी रहा है। यह स्थिति तभी बनती है जब केंद्र व राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दल की सरकार होती है। ऐसे में कई राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में काम करते नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार और राजभवन के बीच लगातार तनातनी बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि राजभवन में तैनात कलकत्ता पुलिस की टुकड़ी के कारण उन्हें अपनी सुरक्षा को खतरा होने की आशंका है। उनका यह बयान पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश देने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और भाजपा नेता हिंसा पीड़ितों के साथ 13 जून को राजभवन जा रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें रोका था। सुवेंदु को पुलिस ने धरने की इजाजत भी नहीं दी थी। इसके बाद राज्यपाल ने सोमवार को कोलकाता पुलिस को राजभवन खाली करने को कहा था और राजभवन के उत्तरी गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच बनाने की योजना बनाई। हालांकि पुलिस अभी भी गवर्नर हाउस में ड्यूटी पर है। इसी तरह गत वर्ष पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा की गई 10 विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति को खारिज कर दिया था, ये विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं, जिसे लेकर काफी विवाद पैदा हुआ था।

गौरतलब है कि राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सवाल उठता है कि क्या संवैधानिक पद की गरिमा को बनाए रखने का दायित्व उस पर बैठे व्यक्ति का है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि संवैधानिक पदों की गरिमा को बरकरार रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। महत्वपूर्ण है कि जहां एक ओर राज्यपाल राज्य के नाम मात्र प्रमुख के रूप में कार्य करता है वहीं वास्तविक शक्ति लोगों द्वारा चुने गए राज्य के मुख्यमंत्री के पास होती है। इसलिए राज्यपाल और राज्य सरकार का टकराव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यही टकराव लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हानि पहुंचाता है।

फेरोमोंस, हार्मोंस की फिजियोलॉजी ने दिए सूत्र

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैं : रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं)।

मनुष्य समेत सभी जीवों में गंध को पहचानने के लिए संवेद संग्राही अर्थात रिसेप्टर्स मौजूद होते हैं। गंध अर्थात एक रसायन, एक मॉलिक्यूल अर्थात कुदरत में मौजूद केमिकल एलिमेंट्स या तत्व एक खास स्ट्रक्चर बनाकर व्यवस्थित रहते हैं। दुनिया में हरेक पदार्थ का क्षरण होता है अर्थात् 'डिके' होता है। इस प्रोसेस में ही पदार्थ के निर्माण में मौजूद तात्विक ढांचे मॉलिक्यूलर एंड एलिमेंटल स्ट्रक्चर का क्षय होता है अर्थात टूट-फूट होती है। पदार्थ की इस प्रकृति को जैन और हिन्दू 'आगमों' में दार्शनिक तरीके से बताया गया है, लेकिन प्राकृत, संस्कृत और यहां तक कि हिंदी भाषा में इन आगमों के स्ट्रक्चरल टेक्स्ट को बताने वाली कृतियों की भाषा ऐसी है कि संस्कृत और प्राकृत का उच्च ज्ञान न रखने वाले को कुछ खास पल्ले नहीं पड़ता। अगर इंग्लिश ट्रांसलेशन उपलब्ध है तो भी टेक्स्ट के प्रवाह और निहतार्थ की गंध पढ़ने वाला ले नहीं पाता। गंध जिसे हम दुर्गंध और सुगंध में भी परसेप्शन अनुसार महसूस करते हैं, का क्रमिक विकास प्राणी में किसलिए हुआ? जाहिर है एल्व्युशन की प्रक्रिया में जीवों में इनका आकार, प्रकार आकृति और व्यवहार एवं लिविंग एनवायरनमेंट कैसा भी हो, स्वःरक्षा के लिए ही हर प्रकार की गंध की पहचान के लिए प्राणी के मस्तिष्क और ऑल फैक्ट्री सिस्टम (गंध टोही प्रणाली) में 'रिसेप्टर्स' का विकास हुआ। आश्चर्यजनक है कि दुनिया में हर प्रकार की अर्थात लाखों प्रकार की गंध को पहचानने की क्षमता मनुष्य रखता है। गंध को पहचानने वाले रिसेप्टर्स की उत्पत्ति जीव की अपनी रक्षा के लिए हुई, यह तो ठीक है, लेकिन इस विशिष्ट संदर्भ में 'रक्षा' को डिफाइन करना जरूरी है। मूलतः भोजन की तलाश और इसकी उपयुक्तता की पहचान के अलावा अपनी नस्ल को बढ़ाने के लिए जीवों में 'सेक्स्युएल इंस्टिंक्ट' भी पैदा हुई। यह एक खास तरह के हार्मोंस और फेरोमोंस के सहारे आगे बढ़ती है। नर से मादा के मिलन के लिए हॉर्मोन यानी कि एक प्रकार से 'फीरोमोंस' ही दोनों में आकर्षण की मुख्य भूमिका अदा करते हैं। फेरोमोंस तेज गंध वाले रसायन होते हैं, जो मनुष्य शरीर में अधिकांश तौर से बाजू के नीचे की कक्षा में 'ग्लैंड्स' के रूप में और जननांगों में अव्यवस्थित होते हैं। पसीने के साथ ये फेरोमोंस हवा में उड़कर नर और मादा



दोनों की नासिका में मौजूद ग्राहियों अर्थात् रिसेप्टर्स द्वारा ट्रैप कर लिए जाते हैं जिसके बाद इन्हें तेजी से मस्तिष्क द्वारा 'इंटरप्रेट' किया जाता है। यह काम स्पीड से संपन्न होता है जैसे कि इलेक्ट्रो-केमिकल ट्रांसमिशन के जरिये इस संदेश की गति एक सेकंड में एक मीटर तक हो सकती है। बलात्कारियों पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने एक बार सुक्षाव दिया था कि बलात्कारी पुरुष के शरीर में ऐसे एंटी-फेरोमोंस रसायन इंजेक्ट किए जाएं ताकि उसके दिमाग में जबरन यौन संपर्क करने की इच्छा ही जाग्रत न हो, लेकिन ह्यूमन राइट कमीशन वालों ने इसे अत्याचार कहा।

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैंः रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं), प्राइमर (यौवन और मासिक धर्म चक्र को प्रभावित करते हैं) और सिग्नलर्स (सूचना प्रदान करते हैं)। सभी जंतुओं के हार्मोनेस और फेरोमोंस एक जैसे रासायनिक संरचना के नहीं होते। हम यहां सिर्फ 'ममेलियन फीरोमोंस' की बात कर रहे हैं। ममेलियन, अर्थात् ऐसे जंतु जो अपने बच्चों को स्तनपान कराते हैं चाहे यह मनुष्य (दोपाया) है या बंदर, गाय है या चमगादड़। इन्सेक्ट फेरोमोंस अलग बनावट के होते हैं। अभी तक 64 किस्म के हार्मोंस की पहचान वैज्ञानिकों ने की है।

सन् 2017 के 'सैल' जर्नल के एक अंक में छपे शोधपत्र में बताया गया है कि 'इंटर-ऑर्गन' कम्युनिकेशन जैसे कि मांसपेशियों और हड्डियों के बीच आपसी संवाद में भी हार्मोंस की बड़ी भूमिका बनी रहती है। शरीर पर जख्म होने के बाद स्थान विशेष को दुरुस्त किए जाने में भी हार्मोंस की कोई भूमिका है, ऐसा सोचकर विज्ञानियों के काम की काफी जानकारी हासिल की है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ (यूपीएफ) औद्योगिक रूप से तैयार किए गए उत्पाद हैं जिनमें सिंथेटिक तत्व भी होते हैं, लेकिन न्यूनतम संपूर्ण खाद्य घटक इनमें रहें ऐसी तसल्ली भी कर ली जाती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स (यूपीएफ) या ऐसी ही प्रकृति के आहार की वजह से प्रतिरक्षा विकृति से जुड़ी बीमारियों जैसे आंत्र सूजन रोग और संभावित ऑटोइम्यून बीमारी के बढ़ते जोखिम से इनके जुड़े होने की बात हाल के शोधकार्य से मालूम हुई है।

अब तो चूहे और कीट भागने के लिए इंडस्ट्रियल फेरोमोंस का उपयोग किए जाने की बात भी शोधकर्मी बताने लगे हैं। उदाहरण के लिए बिल्ली और चूहे के परस्पर लुका-छिपी का मामला लें। कहते हैं जिस घर बिल्ली है उस घर से चूहे गायब हो जाते हैं। बिल्ली को देखकर चूहे गायब नहीं होते या मन में डर समाने से भी गायब नहीं होते। इसका रहस्य है न्यूरो-फिजियोलॉजीकल द्रव स्राव। इसमें बिल्ली या बिलाव घर के कोणों में अपने मूत्र के जरिए ऐसे रसायनों का छिड़काव करता है, जो एक तरह ही प्रोटीन हैं। इन्हें हम आम भाषा में गंध और दुर्गंध कह सकते हैं। इस केमिकल सिग्नेचर का नाम है 'फेरोमोन'। इसकी तीखी गंध चूहे के नथुनों में जब घुसती है इसके मस्तिष्क में मौजूद रिसेप्टर्स इसे पकड़ कर इस पदार्थ की रचना को समझने की चेष्टा करते हैं और फिर 'फ्लाइट' अर्थात्, 'भाग लो' के, मॉड में तुरंत आकर अपनी जान बचाने के जुगाड़ में लग जाते हैं। बीएमसी बायोलॉजी (ब्रिटिश मेडिकल जर्नल से संबंधित प्रकाशन) के सन् 2018 के एक अंक (16:48) सारा ए.रॉबर्ट्स एवं इनके पांच सहयोगियों ने जो शोधपर्चा इसमें प्रकाशित किया है। इससे ही यह जानकारी मिली है। यूं, फेरोमोंस पर रिसर्च तो दशकों से हो रही है, लेकिन सन् 1959 में पहली बार मार्टिन ल्युशिये और पीटर कार्लसन ने इनकी अवधारणा प्रस्तुत की थी।

प्रकृति ने हर जीव को अपनी रक्षा के लिए कुछ न कुछ तरह के अस्त्र-शस्त्र (जैसे सींग और नाखून एवं दंत, प्रकाश फेंकना, साइज़-शेप एंड फॉर्म जैसे कि व्हेल मछली, काटना आदि) दिए हैं। शिकार पकड़ने, संतान पैदा करने, बचाव करने और शरीर की कुछेक प्रक्रियाओं को रेगुलेट करने में भी फेरोमोंस और हार्मोंस की बड़ी भूमिका मालूम की गई है। इस मामले में बिल्लियों, दुर्गंधयुक्त केमिकल पदार्थ का छिड़काव करने वाले जानवर और इंसेक्ट्स से भी कुछ आगे की सोच रखते हुए इन गंध और दुर्गंधयुक्त एवं सुगंधित केमिकल को केमिकल इंडस्ट्री आर्टिफीसियल तरीके से या सिंथेसाइज करके बनाना किसी भी दिन शुरू कर सकती है। वनस्पति आधारित, तैलयुक्त रिपेलेंट तो बनाए ही जा चुके हैं। हम बिल्ली या हाथी अगर नहीं पाल सकते तो बाजार से इन गंधयुक्त पदार्थों (रिपेलेंट्स एंड ओडोरेंट्स) को ले लेकर उन स्थानों पर छिड़क सकते हैं जहां से इन्सेक्ट, कॉकरोच जैसे वर्मिन्स और चूहे घर में प्रवेश कर सकते हैं।

सिर्फ ऊपर वाली जानकारी को लेकर बात आगे न हो, ऐसा नहीं है। फेरोमोंस और हारमोंस का आधुनिक चिकित्सा तंत्र में बहुत इस्तेमाल होता है। ग्रोथ होर्मोन, एंडोक्राइन हारमोंस, हीट एंड कोल्ड स्ट्रेस में हार्मोन उपचार, मधुमेह जैसे चयापचयी व्याधि के लिए इन्सुलिन हार्मोन, संतानोत्पत्ति योग्य बनाने के लिए हार्मोन ट्रीटमेंट जिसके लिए ग्रोथ हॉर्मोन और गोनाडोट्रोपिन्स का इस्तेमाल होता है और मोटापे को दूर करने के लिए कुछ माने में हॉर्मोन चिकित्सा और कुछ की नई किस्म पर क्लिनिकल इन्वेस्टीगेशन्स हो चुकी है। संबंधित रिसर्च साहित्य विस्तृत और जटिल है, लेकिन हार्मोन उपचार बहुत ही सावधानी से और बहुत ही अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म के सन 2011 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित 'ग्रोथ हार्मोन इन द मैनेजमेंट ऑफ़ फीमेल इनफर्टिलिटी' में इस ओर इशारा किया गया है। इसे असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी के जरिये संतान पैदा करने वाली महिला को अत्यंत सावधानी से दिया जाता है। बौनेपन का इलाज करने के लिए अगर ग्रोथ हार्मोन की मात्रा जर्राभर अधिक हो जाए तो शारीरिक विकास चालू होने के बाद अंगों की ग्रोथ पर अंकुश लगाना नामुमकिन हो जाता है।

प्रसंगवश

जनमत कैसे बदल जाता है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यूपी रोडवेज की बस में आगरा जा रहा था। बस में जो लोग थे, वे सभी पढ़े-लिखे हों, ऐसा भी नहीं, गरीब भी थे, अमीर भी थे, अलग-अलग धर्म और जातियों के थे, लेकिन उन सबको आगरा जाना था। इसलिए ध्येय एक था, उस ध्येय ने उनका एक सम्मिलित मानस बना दिया।

एक सवारी टिकट संख्या से अधिक थी। कंडक्टर बार-बार कह रहा था कोई सवारी बिना टिकट हो तो टिकट ले लो। वह बार-बार सवारी गिन रहा था। कोई नहीं बोला तो वह सबकी टिकट चैक करने लगा। एक अजनबी से आदमी के पास टिकट नहीं थी। बस की सभी सवारियों ने उस आदमी के प्रति गुस्सा जाहिर किया और कहा कि टिकट पहले क्यों नहीं लिया?

समष्टि मन ने उसके टिकट न लेने की निंदा की और कंडक्टर का समर्थन किया, लेकिन परिस्थिति बदली तो समष्टि मन भी बदल गया। बस कंडक्टर तो आपे से ही बाहर हो गया, उसने बीच रास्ते में उसे उतर जाने को कहा, तब लोगों ने कहा कि भाई, टिकट बना दो, जंगल में न उतारो। इस जंगल में यह कैसे करेगा? किंतु उस आदमी के पास पूरे पैसे ही नहीं थे। वह आदमी दयनीय सी मुद्रा में था और बस कंडक्टर अपनी बस कंडक्टरी पर आ गया। पद तो पद होता है न, पद का मद भी होता है। वह उसे उतारने पर ही अड़ गया, जो लोग थोड़ी देर पहले उस अजनबी से आदमी पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे, उसे भला-बुरा कह रहे थे। वे अब उसी आदमी के समर्थन में आ गए। लोगों ने कहा कि तू अब यहां से टिकट बना दे, किंतु बस कंडक्टर ने कहा कि दिल्ली से ही किराया लूंगा। लोगों ने कहा- ठीक है, पैसे हम देते हैं। जनमत का दबाव बना तो बस कंडक्टर ने उसी जगह से टिकट बना दी। लोकमानस संवेदनशील होता है। ऐसा नहीं है कि लोग नहीं समझते। लोग नैतिक और अनैतिक को समझते हैं, जो लोग जनता को मूर्ख समझते हैं, वे आदमी को ही नहीं जानते। आदमी की समष्टि यदि मूर्ख है तो वे लोग आदमी भी हैं या नहीं? समष्टि मानस इसी प्रकार से काम करता है।

अपने कोर वोट को भी संभाले रखे भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद भी कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके।

चर्चा है कि भाजपा मतदाताअभिनंदन यात्रा निकाल रही है। निकाले मगर उत्तर प्रदेश में यदि वह ऐसी यात्रा निकालती है तो हास्यास्पद है। यहां तो भाजपा को विगत सामान्य निर्वाचन के मुकाबले करारी हार मिली है। यहां यह सब कुछ करने के बावजूद अपने पूरे कैडर का आम जनता से जो कनेक्ट टूटा है उसे जोड़ने के लिए उतार देना चाहिए। क्योंकि विधानसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लगता है कि भाजपा के थिंक टैंक में कहीं कुछ मेजर डिफेक्ट आया हुआ है जिसे एक जाने माने राजनीतिक विश्लेषक के शब्दों में कहें तो भाजपा के साफ्टवेयर में कोई वायरस आ गया है।

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके। मेरे विचार से यह सब छोड़कर भाजपाइयों को अब अपनी निंद्रा त्यागकर सीधे रणभूमि में उतर जाना चाहिए अन्यथा आसार अच्छे नजर नहीं आ रहे। क्या दलित वोट महज अफवाहों के चलते दरक गया? ऐसा अविश्वास आखिर उनमें आया क्यों? इसलिए ही तो कि भाजपाई उनसे डिस्कनेक्ट हो चले थे। उनका सामीप्य खो बैठे थे। भाजपाइयों को हर स्तर पर अपनी आरामतलबी अब छोड़नी होगी। एक बड़ा वोट बैंक उनसे दरकता गया और इसका उन्हें भान तक नहीं हुआ, जबकि एक नहीं डबल इंजन सरकारें यहां काबिज रहीं।

आरएसएस भी कहने का बड़ा संगठन है, मगर सच मानिए यहां उत्तर प्रदेश में उनकी राजनैतिक मौजूदगी कहीं दिखती नहीं। भले ही मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण दैवीय आपदाओं में दिख जाता है, किंतु वे राजनीतिक स्तर भी सक्रिय रहे हों, कम से कम उत्तर प्रदेश में तो दिखा नहीं। वे कौन लोग हैं उनके चेहरे-मोहरे कैसे हैं, अपने हैं या विजातीय हैं किसी भी आम आदमी से पूछ लीजिए उसे कुछ पता नहीं है। अब भले ही उनके पदाधिकारी कैसे-कैसे वक्तव्य जारी करते फिरें।

कुछ स्थापनाओं की तो इस चुनाव में भद पिट गई। जैसे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास बस एक जुमला ही साबित होकर रह गया। गहरा विश्वासघात हुआ है उनके द्वारा जो लाभार्थी योजनाओं का सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। उनका विश्वास भाजपा को न कभी हासिल हुआ है और न होगा। यह बात और सबको तो पता है मगर मोदी जी ही गांठ बांधे बैठे हैं। इस मुगालते से अलग होकर ही नई रणनीति का श्रीगणेश करना होगा। भाजपा को इंडी गठबंधन से भी अधिक फीसद वोट मिला है, मगर इसके बावजूद हार देखनी पड़ी है जिससे एक बात तो बड़ी राहत है कि भाजपा का एक बड़ा वोट बैंक आज भी इंटैक्ट है। बस उसे बिछड़ों को सहेजना भर है, जो उसके कोर वोट बैंक के सापेक्ष बहुत कम है और यह टास्क बहुत मुश्किल नहीं है। अभी के बिछड़ों को तनिक से मान मनौवल और भरोसे से वापस लाया जा सकता है। इसके पहले कि विपक्षी कोई नया कुचक्र न रच दें। साथ ही भाजपा को अपने कोर वोट को भी संभाले रखना होगा। ब्राह्मणों को खास तौर पर। उन्हें लगातार यह लगता रहता है कि यह सरकार उनकी निरंतर उपेक्षा करती रही है। वे केवल और केवल सनातन और हिन्दुत्व के चलते भाजपा का दामन थामे हुए हैं।

मुझे समझ आता है कि इतनी करारी हार के बाद भी भाजपा नेतृत्व अभी भी जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर हवाई किले बनाने में लगा हुआ है। मतदाता अभिनंदन यात्रा काहे निकाल रहे हो भाई। किस खुशी में? इन थोथे उपक्रमों से आम वोटर झांसे में आने वाला नहीं। विपक्ष ऐसी यात्रा निकालता तो उचित भी था। वह मौन होकर अपनी-अगली रणनीति में जुटा है और आप हवाई कारनामों में समय जाया कर रहे हैं।

सोशल फोरम

देश की वर्तमान स्थिति

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस
महानिरीक्षक उप्र.

भारत की अर्थव्यवस्था की सुधरती स्थिति के कारण आज वह विश्व में पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। यदि यह वृद्धि ऐसी ही होती गई तो आने वाले वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर होगी। ऐसी भविष्यवाणी प्रधानमंत्री कर रहे हैं। बुधवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री जी ने देश के 9.25 करोड़ गरीब किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। सरकार 82 करोड़ व्यक्तियों को मुफ्त राशन पहले से ही बांट रही है। विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था तथा 142 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में यदि इतने व्यक्तियों को सरकारी भीख पर जीवनयापन करना पड़े तो फिर ऐसी अर्थव्यवस्था का क्या करना जो कुछ कारपोरेट घरानों में कैद है? देश की राजधानी दिल्ली में पेयजल के गंभीर संकट के समाधान में केंद्र, दिल्ली सरकार, सर्वोच्च न्यायालय असफल हो गए हैं, नीरो जेल में बैठकर वंशी बजा रहा है। आम चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में अतिक्रमण हटाने हेतु बुलडोजर गरज रहा है। अवैध निर्माण हटना चाहिए साथ ही साथ जिन अधिकारियों ने धन लेकर यह अवैध मकान बनवाए, उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। क्या किसी सरकार में साहस है कि वह इन अवैध अतिक्रमण पर एक साथ बुलडोजर चलाकर उसे हटाए तथा दोषियों को दंड दे? बिहार के अररिया जनपद में बकरा नदी में 12 करोड़ रुपए की लागत से बना तथा उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा पुल ढह गया। पिछले वर्ष भी एक पुल ऐसे ही ढहा था। लगता है बिहार में पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। अब फिर से जांच कर दोषी को दंडित करने की घोषणा होगी। देखें 'सुशासन बाबू क्या फरमाते हैं? नीट की परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर देश में छात्र उद्वेलित हैं और गहराई से इसकी जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी इसका संज्ञान ले चुका है। देखें, क्या परिणाम होता है। वैसे विगत वर्षों में विभिन्न महत्वपूर्ण परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से अब लगने लगा है कि हम सफल परीक्षा संचालित करा ही नहीं सकते। प्रत्येक परीक्षा के बाद कुछ लोग पकड़े जाते हैं, लेकिन फिर वही ढाक के तीन पात।

-फेसबुक वॉल से

वैश्विक स्तर पर रोजगार और पूंजी निर्माण का साधन है योग

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं।

आध्यात्मिक उन्नति या शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता व महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत व मुक्तकंठ से स्वीकार किया है। अवैदिक जैन और बौद्ध दर्शनों में योग का महत्व सर्वमान्य है। कुछ समय पहले तक जिस योग को ऋषि-मुनियों की साधना और स्वस्थ जीवन का आधार समझा जाता था। आज की तारीख में योग सबसे तेज गति से बढ़ने वाला कारोबार भी बन गया है। देश-विदेश में लोगों पर योग का ऐसा जादू चढ़ा है कि यह अब एक बड़ी इंडस्ट्री बन चुका है।

योग भारत की सबसे प्राचीन विधा है और इसे वैश्विक मान्यता भी मिल चुकी है। योग को समूचे विश्व के लिए भारत का अनुपम उपहार कहा जा सकता है। महात्मा गांधी भी स्वस्थ जीवन के लिए योग को जरूरी मानते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को आज पूरी दुनिया में एक नई दृष्टि से देखा जाने लगा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के यूएन के निर्णय से यह साफ है कि एक बार फिर भारतीय वैदिक परंपरा की यह जीवन पद्धति विश्व पटल पर स्वीकार की जा रही है और इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के तौर पर भी देखा जाना चाहिए। साफ है योग वह जरिया बन गया है जिससे प्राचीन काल से समृद्ध रही भारतीय सभ्यता-संस्कृति का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है। दरअसल योग एक विचार नहीं, बल्कि भारतीय जीवन पद्धति है जिसमें भारतीय जीवन मूल्य समाहित हैं। पश्चिम के देशों में योग का विस्तार तेजी से हो रहा है। 1990 के दशक में पश्चिम के देशों में हुए वैज्ञानिक शोधों से यह निकलकर आया कि लाइफ स्टाइल के कारण उत्पन्न बीमारियों के कारगर इलाज के लिए योग अचूक है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा और इसका प्रसार होने लगा। दुनिया में 100 श्रेष्ठ नौकरियों की सूची में योगा प्रशिक्षक भी शामिल है। भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं। योग टीचर को अच्छी नौकरी माना जाता है। अमेरिका में एक अनुभवी योग टीचर की सालाना कमाई करीब 42 लाख रुपये तक होती है। योग का बाजार भारत में 490 अरब रुपए का हो चुका है। एक अंतर्राष्ट्रीय मार्केट शोध के अनुसार भारतीय बाजार जल्दी ही 875 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। विदेशों में खासकर अमेरिका (12 अरब डॉलर, करीब डेढ़ लाख योग कारोबारी), ब्रिटेन (1.15 अरब डॉलर), चीन (6.6 अरब डॉलर) एवं आस्ट्रेलिया (62.1 करोड़ का व्यवसाय) में यह एक उद्योग का रुप ले चुका है। योग परिधान पर दुनिया का बाजार करीब 31.1 अरब डॉलर का है, जबकि योग मैट का कारोबार 13 अरब डॉलर है। योग में वेलनेस टूरिज्म, योग रिट्रीट आदि से 915 अरब डॉलर का कारोबार है। योग की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर हिंदी सीखने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। भाषा सीखाने वाले डूओलिंगों के अनुसार दुनियाभर में विभिन्न भाषाओं को सीखने वालों में सर्वाधिक लोग हिंदी सीखना चाहते हैं। भारत के बाहर पहले योग विश्वविद्यालय की लॉस एंजिलिस में स्थापना की गई है।

भारत में योग और आयुर्वेद से जुड़े प्रोडक्ट्स का बाजार 12 हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। एक सर्वे के अनुसार योग करने वालों की तादाद में 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। योग से जुड़े उत्पाद बनाने वाली कंपनियां भी तेजी से बढ़ी हैं। आज योग का बहुत बड़ा बाजार है जिससे लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में योग सीखने वाले लोगों की संख्या करीब 25 करोड़ है। इसके साथ ही योग टीचर्स की मांग सालाना 35 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। देश में योग ट्रेनिंग का कारोबार करीब 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है। योग साधना का माध्यम भी है और कमाई का साधन भी है। योग दिवस शुरू होने का अमेरिका में योग बाजार पर कितना बड़ा प्रभाव पड़ा है इसकी बानगी इन आंकड़ों में दिखती है। 2008 के एक आंकड़े के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ लोग योग करते थे, लेकिन 2016 में यह बढ़कर 3.67 करोड़ पर पहुंच गया। जिस रफ्तार से योग करने वाले बढ़े, उसी रफ्तार से योग सीखाने वाले स्कूल भी अमेरिका में खुले। 2008 में सिर्फ 818 योग स्कूल थे अब ये 4000 का आंकड़ा पार कर गया है। आज की तारीख में अमेरिका में योग का बिजनेस करीब दो लाख हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। सबसे खास यह है कि अमेरिका में 37 प्रतिशत योग करने वाले 18 साल से कम उम्र के हैं।

योग एलाइंस की रिपोर्ट के अनुसार, 2016 में अमेरिका में 3 करोड़ 60 लाख लोग योग से स्वस्थ रहने के तरीकों को अपना रहे हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत अमेरिकी योग के बारे में जानते हैं, जबकि 2012 में 70 प्रतिशत को ही इसके बारे में जानकारी थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी योग के मुरीद हैं। उन्होंने कहा योग अमेरिका में आध्यात्मिक अभ्यास की एक सार्वभौमिक भाषा, धर्म और संस्कृतियों की कई रेखाओं को पार कर गया है और लाखों अमेरिकी योग को अपने स्वास्थ्य और समग्र ध्यान में सुधार करने के लिए अपना रहे हैं। ईरान, पाकिस्तान और अरब समेत कुल 47 इस्लामिक देशों ने भी योग के महात्म्य को समझा और इसे स्वीकार किया। कुल मिलाकर यह स्वास्थ्य के साथ-साथ पूंजी निर्माण का बेहतर साधन बन चुका है।

यज्ञ, टोटके और आशिष से बारिश

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भीषण गर्मी से त्रस्त लोग ऊपर मेघों के लिए देख रहे हैं। कहीं-कहीं बारिश शुरू भी है। भाग्य अपना-अपना। मेघों का आगमन दैवाधीन है, फिर भी मानव अपनी सामर्थ्यानुसार कुछ प्रयत्न भी करता ही है। ऐसे प्रयत्नों में धार्मिक अनुष्ठान पहले नंबर पर आते हैं। मेघों के स्वामी इंद्र देव हैं। उनकी प्रसन्नता अभीष्ट होती है। वेदों में इन्द्र की स्तुतियां की गई हैं। यज्ञ से भी वृष्टि होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि "प्राणी अन्न पर निर्भर हैं, अन्न वृष्टि से होता है, वृष्टि बादलों से और बादल यज्ञ से'। हालांकि उस विधि विधान से यज्ञ कराने वाले मिलना मुश्किल है।

संत के आगमन से भी वृष्टि हो सकती है। अंग देश (वर्तमान भागलपुर) के रामायणकालीन राजा रोमपाद ने अपने देश की अनावृष्टि समाप्त करने के लिए विभांडक ऋषि के पुत्र ऋष्यशृंग को अपने राज्य में बुलवाया था। उन्होंने इस कार्य हेतु वैश्याएं नियुक्त की थीं। ऋषि ने यज्ञ भी करवाया था। वृष्टि हुई थी, पर आज के संत तो प्रायः भौतिकता में लिप्त हैं। संगीत शास्त्र के मेघ और मल्हार राग भी मेघों को वशीभूत करते हैं। गांव गिरांव में टोटके होते हैं। लेदा मांगने वाले आते हैं। गर्मी में उघारे बदन वे गरम जमीन पर लोटते-पोटते हैं, लोग उन पर पानी डालते हैं। वे गाते हैं, "ल्यादा ल्यादा पानी दे, पानी दे गुरधानी दे। गगरी है छूंछी, बैल पियासे, कारे मेघा पानी दे। ल्यादा ल्यादा पानी दे"। यही नहीं, यदि अतिवृष्टि हो तो उसके भी टोटके हैं। स्त्रियां तवे पर जलता अंगार रखकर ऊपर बादलों की ओर फेंकती हैं। इस सबके अतिरिक्त आशीर्वाद और शुभकामना से भी मेघ वशीभूत होते देखे गए हैं। "मेघदूत" में कालिदास के विरही यक्ष ने रामटेक पर्वत से अलकापुरी में रह रही अपनी नव विवाहिता पत्नी के पास मेघों को अपना संदेशवाहक दूत बनाकर भेजा है। यक्ष ने कहा है कि "हे मेघ! यदि तुम मेरा यह संदेश मेरी प्रिया तक सफलतापूर्वक पहुंचा दोगे, तो तुम्हें तुम्हारी प्रेयसी बिजली का वियोग कभी नहीं होगा'।

संतों ने काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण व हिंदू राष्ट्र की भरी हुंकार

राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के 86वें जन्मोत्सव में राजनेताओं व साधु-संतों का रहा जमावड़ा, सम्मेलन में पहुंचे मध्य प्रदेश के सीएम

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राममंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव में मणिराम दास छावनी के सभागार में गुरुवार को आयोजित संत सम्मेलन के दौरान राजनेताओं व साधु-संतों का जमावड़ा रहा। इस दौरान काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण व हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर संतों ने हुंकार भरी। सभी ने एक स्वर में कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ है। सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए मथुरा और काशी में मंदिर का निर्माण बहुत ही आवश्यक है।

सम्मेलन में पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि श्रीराम अयोध्या में मुस्कुरा रहे हैं। अब मथुरा में श्रीकृष्ण को मुस्कुराना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति तब तक अधूरी नजर आती रहेगी जब तक काशी व मथुरा में मंदिर का निर्माण नहीं हो जाता। महंत नृत्यगोपाल दास के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। अब उनके नेतृत्व में मथुरा में भी मंदिर का निर्माण होगा। मध्य प्रदेश में नई शिक्षा नीति में बदलाव करते हुए भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा में शामिल किया गया है।

नेपाल से आए जगद्गुरु रामकृष्णाचार्य ने कहा कि राममंदिर का संकल्प पूरा हो चुका है। अब हिंदू राष्ट्र की ओर देखना चाहिए। भारत वर्ष को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की जरूरत है। गौ माता की रक्षा होनी चाहिए। महाराष्ट्र के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि राम की धरती सनातन संस्कृति का केंद्र बिंदु है। कार्यक्रम का संचालन महंत डॉ. रामानंद दास ने किया। अध्यक्षता राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु वासुदेवानंद सरस्वती ने की। समारोह में आए संतों का सम्मान उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने किया। संत समिति के अध्यक्ष अविचल दास, जगद्गुरु धराचार्य, जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य, महंत गौरीशंकर दास, महंत रामशरण दास, महंत डॉ. भरत दास, महंत वैदेही वल्लभ शरण, जितेंद्रानंद सरस्वती, कृषि मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विहिप के दिनेश चंद्र, शरद शर्मा सहित कई राज्यों से संत-धर्माचार्यों की मौजूदगी रही।

महंत नृत्य गोपाल दास से आशीर्वाद लेते हुए धीरेंद्र शास्त्री। अमृत विचार

हिंदू राष्ट्र बनने तक शांति से नहीं बैठेंगे : धीरेंद्र शास्त्री

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा श्रीधाम में आने का सौभाग्य मिला है। मणिराम छावनी के महाराज के जन्मोत्सव में आशीर्वाद लिया हूं। उन्होंने कहा कि जैसे अयोध्या में भव्य दिव्य राम मंदिर बना है। वैसे ही काशी और मथुरा में भी भव्यता होगी और धर्म विरोधियों की पटखनी मिलेगी। हिंदुत्व कभी हारता नहीं। वह सीखता है। जब तक भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बन जाता है तब तक हम शांति से नहीं बैठेंगे।

जाति के नाम पर दीवारें खड़ी की जा रहीं : प्रमोद कृष्णन

कलकी पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णन ने कहा 500 वर्षों के संघर्ष, हजारों लोगों के बलिदान के बाद यह शुभ घड़ी आज न आती यदि पीएम मोदी न होते। हमारे सनातन धर्म को कमजोर किया जा रहा है। हमारे बीच जाति के नाम पर दीवारें खड़ी की जा रही, जिसे रोकना होगा। चिराग जलाकर ढूंढने से भी सनातन नजर नहीं आएगा। संतों के आह्वान पर महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सभी पौधे जरूर लगाएं।

इतिहास फिर से लिखने की जरूरत : डॉ. सुब्रमण्यम

पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा, संस्कृत भाषा को राज्यभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। देश के हर प्रांत में संस्कृत भाषा को लाना होगा। जो इतिहास लिखा गया वह भी गलत है। इतिहास को फिर से लिखने की जरूरत है।

सहस्त्रधारा घाट पर मां सरयू का जन्मोत्सव शुरू

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : अयोध्या में सात दिवसीय श्रीअवध सरयू महोत्सव गुरुवार से शुरू हो गया। सहस्त्रधारा घाट पर साधु-संतों की मौजूदगी में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मां सरयू का जन्मोत्सव ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तिथि 22 जून को मनाया जाएगा। मां सरयू की दिव्य झांकी सजाई जाएगी। 5151 बत्तियों से महाआरती की जाएगी। कार्यक्रम का 26 जून को समापन होगा। कार्यक्रम में मौजूद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि मां सरयू का अवतरण रामजी से पहले हुआ।

एक नजर

आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई 29 जून को

संवाददाता, सुलतानपुर : आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में हुई गवाही

संवाददाता, सुलतानपुर : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अभियोजन के दूसरे गवाह तत्कालीन दरोगा अनिल सिंह का साक्ष्य व जिरह की कार्रवाई विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में हुई। बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने बताया कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए तत्कालीन कांस्टेबल पंकज द्विवेदी को तलब करते हुए अगली तारीख 26 जून नियत की है। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है। अब इस पर आगे की कार्रवाई करनी बाकी है।

लखीमपुर में आंधी से दो किशोरों समेत 3 की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले में बुधवार की देर शाम आई तेज आंधी आफत बन गई। थाना ईसानगर क्षेत्र में दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर एक किशोर व एक महिला की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। थाना नीमगांव क्षेत्र में दीवार के नीचे दबकर 16 साल के किशोर जान चली गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा दो पशु भी काल कलवित हुए हैं। कई जगह पेड़ों के गिर गए। इससे वाहन, बिजली लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गई।

बुधवार की देर शाम करीब आठ बजे जिले का मौसम अचानक बदल गया। काले घन घोर बादलों और कड़क रही बिजली के बीच चली तेज आधी ने जन सामान्य को हिलाकर रख दिया। आंधी में थाना ईसानगर के गांव मोहनपुरवा के मजरा शंकरपुर में मौजीलाल के घर की दीवार भरभराकर ढह गई, जिससे उसके नीचे दबकर उनकी पत्नी गायत्री देवी (50) की मौत हो गई। गांव गोड़वा गनेशपुर निवासी 75 वर्षीय परसादी लोध पुत्र झगरू अपने 15 वर्षीय पोते अजय कुमार पुत्र राम मंतर के साथ तालाब के किनारे झोपड़ी में मछलियों की रखवाली करने के लिए लेटे हुए थे। तेज आंधी व बारिश के कारण पड़ोस में स्थित सरकारी ट्यूबवेल की दीवार अचानक भर भराकर गिर गई। दीवार के मलबे में दबकर अजय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परसादी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। करीब छह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा।

18 घंटे से लापता बालिका का शव खेत में मिला

दुष्कर्म के बाद हत्या की जताई जा रही आशंका, घर से महुआ बीनने निकली थी बालिका

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। घर से महुआ बीनने निकली बालिका लापता हो गई। काफी तलाश के बाद उसका कोई सुराग़ नहीं लगा। गुरुवार की सुबह तकरीबन 18 घंटे बाद उसका शव गन्ने के खेत में पतावर से ढका हुआ देखा गया। उसके मुंह में भी पतावर ठूंसी गई थी। शव देख कर दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इसका पता होते ही एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी व सीओ हरियावां मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति की सात वर्षीया बेटी गांव के प्राथमिक विद्यालय की छात्रा थी। वह बुधवार को घर से महुआ बीनने के लिए निकली थी, उसके बाद वापस नहीं लौटी। उसके बाद से तलाश की जा रही थी। गुरुवार की सुबह गांव के पश्चिम नाले के बगल वाले गन्ने के खेत में पतावर से ढका हुआ उसका शव देखा गया। उसके मुंह में भी पतावर ठुंसी हुई थी, कुछ चोंटे भी दिखाई दी। इसका पता होते ही वहां काफी भीड़ लग गई। भीड़ में शामिल लोग दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या किए जाने की अटकलें लगा रहे थे।

घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

मीडियाकर्मियों को रोकने लेकर पुलिस ने दी सफाई

गन्ने के खेत में छात्रा का शव पड़ा होने का पता होते ही वहां मीडिया भी पहुंची, लेकिन पुलिस ने उसे आगे बढ़ने से रोक दिया गया। जिस पर चक-चक होने लगी, उसी बीच पुलिस की मीडिया सेल ने अपनी सफाई में कहा कि भीड़ की वजह से की जा रही जांच में रुकावट पैदा हो रही थी, इसी वजह से वहां बढ़ती भीड़ से दूर रहने को कहा गया था, मीडिया को नहीं रोका गया था।

जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार

सुलतानपुर, अमृत विचार: युवती को साथ रहने के लिए धमकाने के मामले में दो आरोपियों को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जानलेवा हमला करने व आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ा दी है। प्रभारी सीजेएम मुक्ता त्यागी ने दोनों आरोपियों को तीन जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है।

कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती के पिता ने बीते 15 जून को खैराबाद मोहल्ले के निवासी शेख मोहसिन व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। आरोप है कि वादी की पुत्री को साथ रहने के लिए आरोपी ने धमकी दी।

उधमपुर से बारामूला तक नवनिर्मित रेलवे लाइन का हुआ सफल परीक्षण

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: भारत सरकार ने सफलतापूर्वक 272 किमी. उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना (यूएसबीआरएल) के तहत उधमपुर से बारामूला तक कश्मीर घाटी को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने वाली लंबी रेलवे लाइन बिछाई है। इस परियोजना को 2002 में राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया था। यूएसबीआरएल परियोजना में 38 सुरंगें संयुक्त लंबाई 119 किमी शामिल हैं, सबसे लंबी सुरंग (टी-49) की लंबाई 12.75 किमी है और यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। इन पुलों में प्रतिष्ठित चिनाब ब्रिज कुल लंबाई 1315 मीटर है और इसे दुनिया का सबसे ऊंचा आर्क रेलवे ब्रिज माना जाता है। रेलवे बोर्ड, उत्तर रेलवे और कोंकण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नवनिर्मित चिनाब ब्रिज के व्यापक निरीक्षण के बाद, आज नवनिर्मित मेमू ट्रेन (8 कोच) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसे संगलदान से रियासी तक सफलतापूर्वक पहुंचाया गया।

ट्रायल के दौरान रेलवे लाइन से गुजरती मेमू। अमृत विचार

छेड़खानी के विरोध पर तेजाब डालने की धमकी

कानपुर, अमृत विचार: रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक पैराशूट फैक्ट्री कर्मी पर वहीं पर काम करने वाली युवती ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। विरोध करने पर आरोपी ने तेजाब डालने की धमकी दी है। पीड़िता की मां ने एफआईआर दर्ज कराई है।

कानपुर देहात निवासी महिला के अनुसार बेटी पैराशूट फैक्ट्री में अप्रेंटिस ट्रेनिंग पर है। वहां सेक्शन पी 4 कर्मचारी आर के शर्मा एक्जामनर है। वह अक्सर उनकी बेटी की फोटो खींचता है और पीछा कर छेड़खानी करता है। विरोध करने पर आरोपी उसकी अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर देने की धमकी देता है।

सार-संक्षेप

लोगों की सेवा का माध्यम है भंडारा

रघुनाथ रामेश्वरम मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

लखनऊ, अमृत विचार : भंडारे की परम्परा एक सामूहिकता का भाव है। यह समाज के अपरिचित लोगों की सेवा का भी माध्यम है। सरस्वतीपुरम, खरगापुर के रघुनाथ रामेश्वरम मंदिर में पिछले कई वर्षों से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना दिवस एवं वसंत पंचमी के अवसर पर साल मे दो भंडारों का आयोजन किया जाता है। वसुंधरा फाउंडेशन के तत्वावधान में राकेश श्रीवास्तव के परिवार द्वारा बुधवार को 26वें भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था की सचिव मीनू श्रीवास्तव ने बताया कि निश्चित तिथि को होने के कारण स्थानीय लोग इसकी उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हैं। इस अवसर पर अशोक श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव, रविन्द्र गांधी, उमेश कुमार सिंह, अवधेश कुमार शुक्ला, आलोक सिन्हा, रमाकांत श्रीवास्तव, रामनारायण, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

रेलवे महाप्रबंधक ने भीमसेन रेलखंड का किया निरीक्षण

मानिकपुर-खैरार-भीमसेन रेलखंड का निरीक्षण करने पहुंचे रेलवे महाप्रबंधक।

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे रविन्द्र गोयल ने मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के साथ गुरुवार को मानिकपुर-खैरार-भीमसेन रेल खंड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण की शुरुवात मानिकपुर से बांदा के मध्य 'विंडो ट्रेलिंग' माध्यम से की। इस दौरान उन्होंने मार्ग में आने वाले रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्ट्लेशनो, सिगनल, ओएचई, प्लेटफॉर्म पर सफाई आदि का चलती हुई गाड़ी मे लगे निरीक्षण यान का निरीक्षण किया।

शिवगढ़ में ढेकवा को हराकर लखनऊ बना चैंपियन

मुख्य अतिथि राज दीक्षित के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार : नगर पंचायत के ढेकवा में आयोजित जय बनवारी वीर बाबा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में लखनऊ ने रामशरन इलेवन ढेकवा को 8 रन से पराजित कर कप नाम किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट पर 98 बनाए। जवाब में ढेकवा टीम 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 91 रन ही बना सकी। लखनऊ ने ढेकवा को 8 रन से पराजित कर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द सीरीज ढेकवा टीम के अमन सिंह को दिया गया। वहीं बेस्ट बैट्समैन का खिताब लखनऊ के कार्तिक को, बेस्ट बॉलर का खिताब ढेकवा के युवराज को, बेस्ट दर्शक का अवार्ड प्रेमशंकर शर्मा को दिया गया।

बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

उन्नाव, अमृत विचार : पुरवा कोतवाली अंतर्गत छह साल की बच्ची से हुए दुष्कर्म के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने 4 जनवरी-2023 को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी घर के पीछे संजय व मोनू गुप्ता के कमरे के सामने खेल रही थी। तभी मोनू गुप्ता का साला आलोक उर्फ पूती पुत्र सुरेश निवासी गांव सरवन खेड़ा थाना गजनेर जिला कानपुर देहात ने उसे अकेला पाकर दुष्कर्म किया था।

अयोध्या का गैंगस्टर महाराष्ट्र से गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। अयोध्या कोतवाली के गिरोहबंद अधिनियम में वांछित एक चोर गिरोह के सरगना को प्रयागराज की एसटीएफ ने महाराष्ट्र के पालघर से गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पकड़े गए अरोपी से मोबाइल, आधार कार्ड और 290 रुपये बरामद हुए हैं।

वर्ष 2021 में अयोध्या कोतवाली और कैंट थाना क्षेत्र में बंद घरों का ताला व खड़ी गाड़ियों का शीशा तोड़कर चोरी का मामला प्रकाश में आया था। दर्ज मामलों की विवेचना में मूल रूप से बिहार प्रांत के सीतामढ़ी जिले के थाना बेला स्थित नोचा गांव निवासी रहीम अल अंसारी के गिरोह का नाम प्रकाश में आया था। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक, टीम ने 50,000 के इनामी रहीमुल अंसारी को महाराष्ट्र के पालघर स्थित पाटिल पाड़ा चिंचोटी से गिरफ्तार किया है। चोरी और गैंगस्टर में फरार रहीमुल महाराष्ट्र में छिपकर रह रहा था। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ महाराष्ट्र के पालघर क्षेत्र में चोरी आदि के 25 मुकदमे भी दर्ज हैं।

मदरसे की छात्रा से रेप में मौलाना को 10 साल की कैद

कानपुर, अमृत विचार: नौबस्ता हंसपुरम आवास विकास स्थित मदरसे में छात्रा से रेप करने के आरोपी मौलाना को एडीजे 13 की कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दो आरोपी महिलाओं को दोष मुक्त करार दिया। नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी छात्रा गुलशन-ए-फातिमा मदरसे में आलिमा का कोर्स करती थी। पीड़िता के मुताबिक 9 जून 2019 की सुबह 5:30 बजे मदरसे के मौलाना जावेद ने उसके पिता को फोन करके फार्म भरने के बहाने बुलाया था। पीड़िता ने बताया कि अकेले मदरसे जाने से मना किया तो मौलाना घर आकर ले आ गया।

लखीमपुर पहुंची पीलीभीत पुलिस ने शुरू की पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: पीलीभीत से अपहृत कर कार से लखीमपुर में सड़क पर फेंकी गई छात्रा के मामले में पीलीभीत पुलिस की दो टीमें गुरुवार को घटनास्थल पहुंची। टीमों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से जानकारी ली और उनके बयान दर्ज किए। जांच-पड़ताल के बाद टीमें वापस लौट गईं।

पीलीभीत के थाना उत्तरी सेहरामऊ क्षेत्र की एक 17 वर्षीय नर्सिंग की छात्रा 12 जून की शाम करीब पांच बजे पीलीभीत शहर के आसाम चौराहा से मैजिक में सवार होकर घर के लिए निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची थी। अगले दिन उसके पिता ने छात्रा की गुमशुदगी थाना उत्तरी सेहरामऊ में दर्ज कराई थी। बुधवार की सुबह कार सवार छात्रा को शहर से करीब चार किलोमीटर दूर लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर गांव चिमनी के पास बदहवास हालत में फेंक कर भाग निकले थे। छात्रा की हालत काफी गंभीर थी। वह अपना नाम व पता बताने के अलावा आगे कुछ बोल नहीं पा रही थी। सूचना पर पहुंची यूपी पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में मेडिकल परीक्षण के लिए उसे जिला महिला अस्पताल भेजा था। सूचना पर पहुंची थाना उत्तरी सेहरामऊ पुलिस छात्रा को उसके परिवार वालों के साथ वापस पीलीभीत ले गई थी। घटना के बाद समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। गुरुवार को पीलीभीत पुलिस की दो टीमें लखीमपुर पहुंची। टीमें गांव चिमनी पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। लोगों से भी घटना के बाबत जानकारी की।

▸▸ **घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों के दर्ज किए बयान, नर्सिंग छात्रा के अपहरण का मामला**

लापरवाही मिश्रा कॉलोनी से लेकर इंद्रा नगर, जाजमऊ तक कई छोटे-बड़े नाले गिर रहे

एनजीटी की रोक के बाद भी गंगा में गिर रहे नाले

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गंगा का निर्मल व स्वच्छ रखने के लिये केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं चला रखी हैं। इसके बावजूद मिश्रा कॉलोनी से लेकर इंद्रा नगर और जाजमऊ क्षेत्र तक कई छोटे-बड़े नाले सीधे गंगा में गिर रहे हैं। जो गंगा को प्रदूषित कर रहे हैं। वहीं पालिका की ओर से इन नालों के गंदे पानी को बायो रेमिडिएशन से पानी को शुद्ध किया जायेगा। जिससे गंगा का पानी प्रदूषित न हो।

मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ स्थित चंदन घाट तक दर्जनों छोटे बड़े नाले सीधे गंगा में गिर रहे हैं। इसके अलावा मिश्रा कॉलोनी की ओर कई घरों का गंदा पानी सीधे गंगा में बहाया जा रहा है। पालिका ने कई बार ऐसे मकान मालिकों को नोटिसें भी जारी की है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की। जिस कारण सीधे गंदे नाले गंगा में बहाये जा रहे हैं। वहीं चंपापुरवा, गोताखोर के सामने एक बड़ा नाला सीधे गंगा में गिर रहा है। चौबीस घंटे नाले का पानी गंगा में जाने से जल प्रदूषित हो रहा है। वहीं ठीक बगल में मिश्रा कॉलोनी के दर्जनों घरों के नालियों का गंदा पानी भी गंगा में गिर रहा है। लेकिन पालिका के जिम्मेदारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे श्रद्धालुओं की आस्था पर ठेस पहुंच रही है।

विशुन घाट पर नाले का गंगा में जाता पानी। अमृत विचार

बायो रेमिडिएशन से गंदे पानी को किया जायेगा शुद्ध

बायो रेमिडिएशन विधि से गंगा में गिरने वाले नालों में लिक्विड फॉर्म में मौजूद एंजाइम डाले जाएंगे। रिएक्शन से स्लज में बैक्टीरिया ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ा देता है। नाले की जो भी गंदगी होती है, वह लिक्विड फॉर्म में तब्दील हो जाती है।

घाघरा में प्रेमी युगल कूदे युवक का शव बरामद

बिछिया, बहराइच

अमृत विचार। लखीमपुर जिला निवासी प्रेमी युगल ने गुरुवार को सुजौली थाना क्षेत्र स्थित घाघरा नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें नदी में कूदते देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक के शव को नदी से बरामद कर लिया। वहीं खबर लिखे जाने तक युवती के शव की नदी में तलाश की जा रही थी।

सुजौली थाना क्षेत्र स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा कैलाशपुर बैराज स्थित घाघरा नदी में बुधवार को लखीमपुर जिले के पढुवा थानाक्षेत्र के ढकेरवा बाजार निवासी अभिषेक अवस्थी (23) ने अपनी 21 वर्षीय प्रेमिका के साथ छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युगल बैराज पर काफी देर टहलता रहा। इसके बाद उन्होंने नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक के शव को नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवती की तलाश जारी है। सूचना पाकर प्रेमी युगल के बदहवास परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

युवक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह परचून की दुकान से अपना भरण पोषण करता था। मौत से पिता सरोज का रो-रोकर बुरा हाल है।

मुंबई : अनुपम खेर के कार्यालय में हुई चोरी

मुंबई,एजेंसी

- 4.15 लाख रुपये नकद व एक फिल्म की निगेटिव चुरा ले गए चोर, रिपोर्ट दर्ज

बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर के कार्यालय में दो अज्ञात व्यक्तियों ने घुसकर उनकी कंपनी द्वारा निर्मित एक फिल्म के निगेटिव और नकद 4.15 लाख रुपये चुरा लिए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात अंबोली इलाके में वीरा देसाई मार्ग पर स्थित कार्यालय में हुई।

उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह करीब नौ बजकर 45 मिनट पर जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने कार्यालय के ताले टूटे हुए पाए। खेर ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए इस घटना के बारे में बताया। खेर ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि कल रात मेरे वीरा देसाई मार्ग स्थित कार्यालय में दो चोरों ने दो दरवाजे तोड़ दिए और लेखा विभाग से पूरी तिजोरी (जिसे वे शायद नहीं तोड़ पाए) और हमारी कंपनी द्वारा निर्मित एक फिल्म के निगेटिव चुरा लिए, जो एक बॉक्स में थे। हमारे कार्यालय ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने उस फिल्म का नाम नहीं बताया, जिसके निगेटिव चोरी हुए हैं।

3 लाख से कम वार्षिक आय वालों का भी पूरा होगा अपना घर का सपना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार : यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जल्द ही एक भूखण्ड योजना लाने जा रहा है, जिसमें करीब 6 हजार प्लॉट को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।

दरअसल, यीडा क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकासकर्ता के चयन के बाद प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित विभिन्न संपत्तियों के आवंटन के लिए आम

नागरिकों ने दिलचस्पी दिखाई है।

इस योजना में एक व्यक्ति एक ही आवेदन कर सकेगा। किसी भी स्कीम में प्लॉट या फ्लैट पाने वालों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक की आय तीन लाख रुपये से प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यीडा

- जेवर एयरपोर्ट के पास 7.77 लाख रुपये में मिल सकेगा प्लॉट

के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण तेजी से इस योजना की तैयारी कर रहा है।

फिलहाल 30 वर्ग मीटर के भूखंडों की योजना लाई जानी प्रस्तावित है। प्राधिकरण की ओर से कोशिश की जा रही है कि छोटे प्लॉट आम आदमी की पहुंच में हों। 30 वर्ग मीटर के एक भूखंड का कुल प्रीमियम वर्तमान आवंटन दर पर 25,900 रुपये प्रति वर्ग मीटर के अनुसार 7 लाख 77 हजार रुपये होगा। यमुना एक्सप्रेसवे दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ के बीच स्थित है। यह फरीदाबाद से भी कनेक्टिविटी प्रदान करता है।

यीडा कर्मियों को मिलेगी सुविधा

इस योजना में आरक्षण का भी प्रावधान किया जाना प्रस्तावित है। इसमें सर्वाधिक 25 प्रतिशत आरक्षण उन कर्मियों को दिया जाएगा जो यीडा द्वारा आवंटित कार्यरत औद्योगिक इकाइयों में काम कर रहे हैं।

पूर्व विधायक काशीराम सहित छह को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- 12 वर्ष पहले हुए राणा शुगर मिल में लूटपाट और मारपीट के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

अमृत विचार: राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए मामले में पूर्व विधायक व भाजपा नेता काशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को अदालत ने सात-सात साल की सजा और प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना लगाया है।

15 जनवरी 2012 की रात शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल में गन्ना ले जा रहे किसानों का ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था। उसके बाद अगले दिन कुछ लोगों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के कई अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर,भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, भारत, किशनपाल, संजू यादव, मेघराज समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दर्ज कराया गया था। यह प्राथमिकी राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने लिखवाई थी। इसमें आरोपियों पर लूटपाट और मारपीट करने के आरोप लगे थे। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी।

किसी भी समाज में मॉब लिंचिंग की जगह नहीं होनी चाहिए : मदनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष ने मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर जताई चिंता

जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एमएम) के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने अलीगढ़ और रायपुर में भीड़ द्वारा कथित रूप से लोगों की हत्या किए जाने की निंदा करते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार अगर किसी वर्ग के साथ हो रहे अत्याचारों को रोकने की कोशिश नहीं करती है तो उसका दामन उन उत्पीड़ित लोगों के खून से पाक-साफ नहीं कहा जा सकता।

संगठन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, राज्यसभा के पूर्व सदस्य मदनी ने कहा कि देश के सभी वर्गों के जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है। मदनी ने यह टिप्पणी हाल में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ और छत्तीसगढ़ के रायपुर में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की हालिया घटनाओं के संदर्भ में की। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सभ्य समाज में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने (मॉब लिंचिंग) जैसे बर्बर कृत्य के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। मदनी ने इन घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हम न्याय सुनिश्चित करने के लिए दोषियों के खिलाफ कठोर और तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। उन्होंने अलीगढ़ की घटना की पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि वह जांच में तेजी लाए और यह सुनिश्चित करे कि घटना में शामिल सभी लोगों को बिना किसी विलंब न्याय के कठघरे में लाया जाए तथा पीड़ितों को उचित मुआवाज़ा दिया जाए। अलीगढ़ के मामू-भांजा इलाके में चोरी के शक में मंगलवार रात भीड़ द्वारा फरीद (35) नामक व्यक्ति की बुरी तरह से पिटाई की गई थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस बाबत छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

अभाविप ने फूंका एनटीए का पुतला

नयी दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में व्याप्त अराजकता और लगातार हो रहे पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया।

अभाविप ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में एनटीए का पुतला दहन किया। इस दौरान अभाविप के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने इस पूरे घटना क्रम में संलिप्त नक़ल माफियाओं पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से एनटीए द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में व्यापक स्तर पर अनियमितता, गड़बड़ी तथा पेपर लीक जैसे मामले निकल कर सामने आ रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले नीट - यूजी के पेपर में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी सामने आयी और फिर 18 तारीख को संपन्न हुए यूजीसी नेट की परीक्षा को 19 जून को रद्द करना पड़ा। इस मौके पर अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता तथा पेपर लीक के लगातार मामले आना बहुत ही चिंताजनक है।

संत का दावा- जमीन तले दबा है खजाना, सरकार करा ले खोदाई

कार्यालय संवाददाता,संभल/गुन्नौर

- एसडीएम को पत्र भेजकर की खोदाई कराने की मांग

अमृत विचार : जिले के एक संत ने जमीन के नीचे अकूत खजाना दबा होने की बात कही है। संत का दावा है कि जमीन के नीचे एक ट्रक से भी ज्यादा खजाना दबा है। संत ने एसडीएम को पत्र भेजकर खजाना खोदवाने की मांग उठाई है।

संत ने संभल जनपद में गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव बाघऊ स्थित खेड़ेश्वर मंदिर इलाके के टीले में खजाना होने की बात कही है। मंदिर में रहने वाले संत धर्मदास का दावा है यहां जमीन में खजाना

जमीन में खजाना होने का दावा करते संत धर्मदास। : अमृत विचार

है। स्वप्न में उन्होंने खजाना देखा है। खजाने की खोदाई के लिए संत ने मौके हवन आदि सभी कर्मकांड पूरे करने का दावा किया है। संत धर्मदास का यह भी दावा है कि उन्होंने दिल्ली से मशीन मंगा कर जांच कराई है। जिसमें खजाना होने की पुष्टि हुई है। संत जमीन में खजाना होने के अपने दावे पर कायम रहकर खोदाई की मांग उठा रहा है। संत ने खजाने की खोदाई की मांग को लेकर एसडीएम को भी पत्र भेजा है। वहीं ग्राम प्रधान पति रोहित यादव ने खजाने की जानकारी से इनकार करते हुए कहा कि बाबा जिस जगह खजाने की बात कह रहे हैं उस क्षेत्र में बुजुर्ग कंकड़ पत्थर निकलने की बात पहले से कहते आए हैं। मगर अभी तक किसी ने खजाना देखा नहीं है।

पूर्व सांसद साधु यादव भेजे गए जेल

पटना : परिवहन आयुक्त के कार्यालय में जबरन प्रवेश कर जबरदस्ती एक प्रवर्तन निरीक्षक का स्थानांतरण पत्र जारी करवाने के मामले में सजायाफ्ता पूर्व सांसद साधु यादव ने गुरुवार को बिहार में पटना की एक विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया, जहां से बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया । सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष न्यायिक दंडाधिकारी विभा रानी की अदालत में यादव ने यह आत्मसमर्पण पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर किया है। गौरतलब है कि विशेष अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आदि देव ने 30 मई 2022 को यादव को तीन वर्षों के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी।

यूपी में बेपटरी हो चुकी कानून-व्यवस्था : पाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

अमृत विचार : प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। हर जिले में अपराध बढ़ा है। पुलिस में भी भ्रष्टाचार बढ़ा और ऑडियो-वीडियो के जरिए सामने आ रहा है। जब व्यवस्था ही गड़बड़ है तो गुंडे-बदमाश हूटर बजाते हुए ही सड़कों पर चलेगें। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने यह बातें सपा कार्यालय में गुरुवार को हुई पत्रकार वार्ता में कहीं।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार आरक्षण खत्म करना चाहती है। उसे धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। जिस अनुपात में आरक्षित वर्ग को नौकरी मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही है। लोकसेवा आयोग के डॉक्टरों के पदों में ओबीसी वर्ग में 58 पद और एससी वर्ग में सिर्फ 35 पद पर ही भर्ती की है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पेपर लीक नहीं होते थे और उस समय युवाओं को नौकरी मिलती थी लेकिन भाजपा सरकार में युवाओं का एक तिहाई जीवन पेपर लीक होने से सरकार खत्म कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले भी पेपर लीक हुए और चुनाव के बाद भी पेपर लीक का सिलसिला रुका नहीं है।

मुस्लिमों के आंसू पोंछने क्यों नहीं पहुंचे अखिलेश

- सपा मुखिया के अकबरनगर न पहुंचने पर मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उठाया सवाल

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि लखनऊ में अकबर नगर की बस्ती को 60 साल से ज्यादा समय हो गया है। यहां पर लगभग 1100 घर आबाद थे, मगर प्रदेश सरकार की बुलडोजर नीति ने सब कुछ तबाह कर दिया।

गरीब औरतों, बच्चों और बूढ़ों के आंसू पर भी सरकार ने रहम नहीं खाया। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव से भी सवाल किया कि लोकसभा चुनाव में गरीब मुसलमानों ने सपा-कांग्रेस गठबंधन को वोट दिया, मगर उनके हक में बोलने या कुछ करने से वह क्यों डर रहे हैं। कहा कि सपा मुख्यालय से सिर्फ सात-आठ किलोमीटर दूर अकबर नगर है। एक महीने से चल रही कार्रवाई के बावजूद सपा मुखिया पीड़ितों के आंसू पोंछने अब तक वहां क्यों नहीं पहुंचे।

सरकार बनते ही मुसलमानों का उत्पीड़न शुरू : अदनान मियां

बरेली, अमृत विचार : अलीगढ़ में मुस्लिम युवक के साथ मॉब लिंचिंग, हिमाचल प्रदेश के नाहन में मुस्लिम व्यापारी की दुकान पर हमला, गुजरात के बड़ोदरा में महिला को फ्लैट आवंटित करने का विरोध जैसी घटनाओं पर नबीरा-ए-आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद सरकार बनते ही मुसलमानों पर हमले बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार चुनावी सभाओं में नफरत भरे भाषणों ने सबका साथ, सबका विकास के खोखले नारे को बेनकाब कर दिया। देश की जनता ने भी नफरत फैलाने वालों को उनकी हैसियत दिखा दी। किसी तरह जोड़तोड़ कर हुकूमत बनाने के बाद देश में फिर से वही नफरत का घिनौना खेल शुरू कर दिया गया है। कहा कि मुख्यमंत्री को अलीगढ़ की घटना को गंभीरता से लेने की जरूरत है। क्योंकि इससे प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगा है। अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो आरएसी विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

बंद मकान में मिले बुजुर्ग दंपत्ति के शव

बुलन्दशहर, एजेंसी

- घर की छत पर 50 मृत कबूतर भी पाए गए

जिले के डिबाई क्षेत्र में एक मकान में बुजुर्ग दंपति के शव मिलने से सनसनी फैल गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने गुरुवार को बताया कि क्षेत्र के ग्राम उमरावा में लक्ष्मण सिंह (70) अपनी पत्नी श्यामवती (65) के साथ गांव अकेले रहते थे। गुरुवार सुबह मकान से दुर्गंध आने पर उनके पड़ोसी ने दम्पति के मकान की ऊपरी मंजिल पर जाकर देखा तो पति-पत्नी के शव फूली हुई अवस्था में पड़े दिखाई दिए। ग्रामीणों ने घटना की पुलिस को जानकारी दी। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मकान के ऊपर के हिस्से में लगभग 50 कबूतर भी मृत अवस्था में मिले हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो दिन पहले श्यामवती से नोएडा में नौकरी कर रहे अपने बेटे से फोन पर बात की थी। ग्रामीणों ने बताया कि लक्ष्मण सिंह गैंग्रीन की बीमारी से पीड़ित थे। हालांकि बुजुर्ग दंपति की मौत के कारणों का खुलासा तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

उत्तराखंड

आज उत्तराखंडियत पर मंडरा रहा खतरा : हरीश

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज उत्तराखंड और उत्तराखंडियत दोनों खतरे में हैं। पलायन से गांव निष्क्रिय होते जा रहे हैं। जो सक्षम हैं वह भी पलायन कर रहे हैं।

एक रिजोर्ट में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए हरीश रावत ने कहा कि एनडी तिवारी सरकार में बने भू-कानून में भाजपा सरकार ने संशोधन कर खतरा पैदा किया है। एक समय ऐसा आएगा जब यहूदियों की तरह उत्तराखण्ड की जमीनें भी हाथ से चली जायेगी। कहा कि पहाड़ में आग, पानी और बाघ का भय फैलता जा रहा है। इससे भी बड़ा खतरा जमीनों की अंधाधुंध बिक्री है। जब मिट्टी ही बिक जाएगी तो उत्तराखंड की संस्कृति कहां बचेगी। हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से पराजय के सवाल पर रावत ने कहा कि हरिद्वार का पर्वतीय जनमानस धर्मपरायण है। उसकी धर्मपरायणता का भाजपा ने राजनीतिक शोषण किया है।

आपराधिक मामलों के आरोपी बाहरी लोग राज्य में नहीं खरीद सकेंगे जमीन

ब्यूरो, देहरादून

- बताना होगा आपराधिक विवरण व जमीन खरीदने का उद्देश्य
- कब्जा बर्दाश्त नहीं, ऐसा करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई

अमृत विचार : अब आपराधिक बाहरी व्यक्तियों के लिए राज्य में जमीन खरीदना आसान नहीं होगा। उन्हें जमीन खरीदने के उद्देश्य के साथ ही खुद पर दर्ज मामलों का ब्योरा भी देना होगा। साथ ही राज्य की पुलिस के साथ ही अन्य जांच एजेंसियां भी जमीन खरीदने वाले का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालेंगी।

मुख्यमंत्री धामी ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में उच्चस्तरीय अधिकारियों की बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सघनता से सत्यापन किया जाए। जो भी बाहरी व्यक्ति राज्य में जमीन खरीदना चाहते हैं, उनसे जमीन खरीदने का उद्देश्य, आपराधिक ब्योरा भी मांगा जाए। इसके लिए एक निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र भरवाया जाए। यदि किसी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज हो तो उसका भी स्पष्ट उल्लेख किया जाए। उन्होंने कहा कि सिर्फ घोषणा पत्र पर भरोसा नहीं किया जाए, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी बाहरी व्यक्तियों की सघन जांच करें और आपराधिक रिकॉर्ड खंगालें। यदि किसी के खिलाफ आपराधिक मामला मिले तो चिन्हित कर निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाए।

इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, दिलीप जावलकर आदि मौजूद थे।

बिनसर वनाग्नि मामले में अज्ञात के खिलाफ केस

अल्मोड़ा। बिनसर वनाग्नि कांड के आठ दिन बाद वन विभाग ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें पांच की मौत हो चुकी है। जबकि तीन दिल्ली एम्स में भर्ती हैं। बिनसर अभ्यारण्य में 13 जून को आग लगी थी, जिसे बुझाने में चार वन कर्मी मौके पर जिंदा जल गए थे, वहीं गंभीर झुलसे हुए चार के एयरलिफ्ट कर दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। आठ दिन बाद बिनसर वन्य जीव विहार के वन दरोगा जीवन सिंह बोरा ने तहरीर दी है। कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

बाघ का शव मिलने से हड़कंप

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के झिरना रेंज में बाघ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सीटीआर के गश्ती दल ने बुधवार को झिरना रेंज के कोठिरो बीट में नर बाघ को मृत अवस्था में देखा। मृत बाघ की उम्र 10 से 12 साल है।

गुरुवार को चिड़ियाघर नैनीताल के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. हिमांशु पांगती व रेस्क्यू सेंटर रानीबाग के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. तरूण गर्ग के पैनल ने मौके पर बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया। नर बाघ की मौत प्रौढ़ उम्र के कारण हुई है। उसके

बाघ के शव को जलाते वन कर्मचारी।

अंगों के सैंपलों को आईवीआरआई इज्जतनगर बरेली भेजा गया है। उपनिदेशक सीटीआर दिगन्थ नायक, उपप्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ डॉ. शालिनी जोशी, वन क्षेत्राधिकारी झिरना नन्दकिशोर रूवाली व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बाघ के सभी अंग जलाकर नष्ट कर दिए गए।

पहाड़ों में ठंड का एहसास, हल्द्वानी में चार डिग्री गिरा पारा

उष्ण लहर से लोगों को मिली राहत, गुरुवार सुबह से आसमान में छाए रहे बादल, दिनभर चलती रहीं ठंडी हवाएं

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार : पहाड़ों में हुई बारिश का असर हल्द्वानी तक दिखा। गुरुवार को सुबह के समय बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। जिससे ठंडी हवाएं भी चलीं। दोपहर बाद धूप निकली, लेकिन तापमान में कमी आने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत महसूस हुई।

पिछले 12 दिनों से हल्द्वानी उष्ण लहर और तेज धूप से तप रहा था। पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया था। गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। बुधवार की शाम पहाड़ों में बारिश शुरू हुई। जिसके बाद

गुरुवार को नगर में हुई बारिश के बाद नैनी झील का विहंगम दृश्य। ● अमृत विचार

देर रात हल्द्वानी में भी हल्की बूंदाबांदी हुई और तेज हवाएं चलीं। गुरुवार की सुबह भी मौसम बदला रहा। आसमान में बादल छाए रहे। साथ ही ठंडी हवाएं चलती रहीं। वहीं नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को भी बारिश हुई। जिसका असर हल्द्वानी के मौसम पर भी पड़ा। उष्ण लहर चलना बंद हो गई। दोपहर तक मौसम सुहावना बन गया था। दोपहर बाद धूप निकली, लेकिन विगत

- मौसम के करवट लेने से लोगों ने ली राहत की सांव

दिनों की अपेक्षा काफी राहत थी। बारिश तो नहीं हुई, फिर भी लोगों को गर्मी से कुछ निजात मिली। अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई और यह 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। साथ ही न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में बारिश का अनुमान जताया है। इधर, मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान में सात डिग्री की कमी आई है। बारिश होने से यहां पारा 24.3 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं पिथौरागढ़ में 25 मिमी, बेतालघाट में 21.5 मिमी, शामा में 20 मिमी बारिश हुई है। इसके अलावा अल्मोड़ा, कौसानी, बागेश्वर आदि जगहों पर भी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मानसून आने में करीब एक सप्ताह का समय बचा है। उससे पहले हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी। उधर, नैनीताल में गुरुवार की सुबह भी हल्की बारिश हुई। जिसके बाद दिनभर गुनगुनी धूप खिली रही। देर शाम के बाद हल्की ठंड का भी एहसास हुआ। जिससे 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

धामी पहुंचे गुंजी, आदि कैलाश में करेंगे योग

- सीमांत में आईटीबीपी, बीआरओ व सेना के जवानों से मिले

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पार्वती कुंड आदि कैलाश में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार शाम पिथौरागढ़ जिले के सीमांत क्षेत्र गुंजी पहुंचे। धामी वहां आईटीबीपी, बीआरओ व सेना के जवानों से मिलें।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री धामी को आदि कैलाश में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना है। मुख्यमंत्री गुरुवार शाम पिथौरागढ़ के सीमांत क्षेत्र गुंजी पहुंचे। जहां प्रशासन, सेना, आईटीबीपी व

पिथौरागढ़ के गुंजी में आईटीबीपी जवानों से मिलते मुख्यमंत्री धामी। ● एजेंसी

बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन व अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बाद में मुख्यमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों व प्रशासनिक अफसरों के साथ मीटिंग कर सीमांत क्षेत्र के विकास और समस्याओं पर चर्चा की। उनका कहना था कि हमारे सीमांत क्षेत्रवासी भी सीमाओं के प्रहरी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निदान के निर्देश देते हुए अधिकारियों को कार्य करने के लिए कहा।

अब मुर्गियों पर नहीं होगा तापमान का असर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने तैयार की कुछ विशेष प्रजातियां

अमृत विचार : केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान ने कुछ मुर्गियों की प्रजाति विकसित की हैं। ये मुर्गियां तापमान प्रतिरोधक क्षमता से परिपूर्ण पाई गईं। इनकी अंडा व मांस उत्पादन क्षमता किसी भी तापमान में प्रभावित नहीं हो सकेगी। अब इनमें ये क्षमता किस प्रकार उत्पन्न हुई, इसे जानने के लिए काम किया जाएगा। वैज्ञानिक इन मुर्गियों को तापमान प्रतिरोधक बनाने वाले जीन की खोज कर उसका अध्ययन करेंगे। इस संबंध में संस्थान ने अनुसंधान शुरू कर दिया है।

संस्थान के निदेशक डॉ. एके तिवारी ने बताया कि विकसित की गई प्रजातियों में कैरी धवल, कैरी हितकारी, कैरी श्यामा, कैरी उपकारी जैसी तमाम प्रजातियां है, जो तापमान प्रतिरोधक हैं। इनमें से पहले कुछ चिह्नित प्रजातियों पर अनुसंधान किया जाएगा। ये काम संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. गौतम कुल्लूरू को दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुर्गियों को साइकोमेट्रिक चैंबर में निर्धारित तापमान पर रखा जाएगा। इसके बाद 40-40 दिन व तीन-तीन माह के अंतराल पर उनके खून के सैंपल की जांच कर अध्ययन किया जाएगा। इस शोध से भविष्य में विकसित की जाने वाली प्रजातियों में इस जीन का प्रयोग कर उन्हें हर मौसम की परिस्थितियों के अनुकूल तैयार किया जा सकेगा।

किसानों की आय बढ़ाएगी रुहेलखंडी गाय

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) जल्द ही रुहेलखंडी गायों को पंजीकृत करने जा रहा है। इसके लिए संस्थान में पशु अनुवांशिक संसाधनों की नेटवर्क परियोजना एनबीएजीआर, करनाल के सहयोग से संचालित की जा रही है। इस संबंध में गुरुवार को एक संवाद बैठक हुई। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि यह गाय कम लागत में अधिक उत्पादन देने की क्षमता रखती है। बैठक में संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि नेटवर्क योजना के तहत रुहेलखण्ड के गाय, भेड़ व पोनी को लिया गया है। इस योजना के तहत रुहेलखंडी गाय के पंजीकरण के सभी मानकों को पूर्ण कर लिया गया है। संस्थान जल्द ही इसके पंजीकरण के अंतिम चरण में पहुंच जाएगा।

विदेशी कंपनियों ने मुंह मोड़ा, मदरसों की टूटी कमर

कुर्बानी को लेकर फैली अफवाह के चलते अबकी बार चमड़ा खरीदने नहीं आईं विदेशी कंपनियां

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

▸▸ दान में मिलने वाली खालें बिकती थीं ऊंचे दामों पर

▸▸ अब कोई इन खालों को औने-पौने दाम पर भी लेने को नहीं है तैयार

अमृत विचार : बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी को लेकर विदेशों तक फैली अफवाहों के चलते देश को हजारों करोड़ रुपये से अधिक की चपत लगी है और मदरसों की भी कमर टूटने के कगार पर है। बकरीद पर कुर्बानी होगी या नहीं, दहशत में लोग कुर्बानी कराएंगे या नहीं, ये अफवाह फैलने के बाद यूरोप, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान जैसे देशों के लेदर कारोबारियों ने मुंह मोड़ लिया। जो विदेशी कंपनियां जो भारत से चमड़े का कारोबार करती थीं, अब वे पाकिस्तान और बांग्लादेश से चमड़े का काम करने लगीं जिससे राजस्व का भारी नुकसान हुआ है।

बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी से निकलने वाली खाल को लेने के लिए दो से तीन माह पहले विदेशी कंपनियों के जिम्मेदार पूरे भारत में चमड़ा कारोबारियों, कानपुर के टेनरी वालों और मदरसों संचालकों से संपर्क करते थे और उन्हें करोड़ों रुपये एडवांस देकर कहते थे कि वे बकरीद पर निकलने वाला चमड़ा किसी और को नहीं दें, उन्हें ही दें। नतीजा ये था कि मदरसे को दान में मिलने वाली हजारों खाल में एक एक खाल की 1000 से 2000 रुपये तक में बिकती थी। लेकिन कुर्बानी को लेकर ये अफवाह फैली कि सरकार कुर्बानी नहीं होने देगी जिसके चलते विदेशी कंपनियों ने मुंह मोड़ लिया और इन कंपनियों ने पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों से चमड़ा खरीदना शुरू कर दिया। अब हालात ये हैं कि कुर्बानी से निकलने वाली खाल कोई खरीदने को तैयार नहीं है, 1500 वाला चमड़ा मात्र 20 से 30 रुपये में बिक रहा है।

टेनरी वालों ने भी खींच लिया हाथ

टेनरियों पर सरकार के शिकंजे के चलते 1500 टेनरियों में 150 टेनरियां ही बची हैं, कोई टेनरी बंथरा भाग गई तो कोई पश्चिम बंगाल। जाजमऊ टेनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नैयर जमाल का कहना है कि कुर्बानी को लेकर विदेशी कंपनियों का भरोसा खत्म हो गया है जिससे ये दिक्कत आई है।

विदेश कंपनियों में प्रतिस्पर्धा होती थी जिससे जो चमड़ा 1000 रुपये का होता था, वह 2000 रुपये का बिकता था। इसी रकम से मदरसों का संचालन होता था लेकिन अब वही चमड़ा कोई खरीदने वाला नहीं है, 100-100 रुपये में चमड़ा बिक रहा है। तमाम लोग चमड़े को गड्ढा खोदकर गाड़ रहे हैं। हजारों की संख्या में ऐसे मदरसे हैं जो सरकार से अनुदान नहीं लेते हैं बल्कि ईद बकरीद पर निकलने वाली खैरात, जकात और कुर्बानी की खाल से होने वाली आय से ही बच्चों की शिक्षा, दीक्षा, रहन सहन व अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराते हैं।

-मौलाना हाशिम अशरफी, निदेशक मदरसा अशरफुल मदारिस

अशरफ की पत्नी जैनब के घर पर चला बुलडोजर

वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर बना था घर, लगभग 5 करोड़ बताई जा रही कीमत

संवाददाता, प्रयागराज

जैनब के घर को ध्वस्त करता पीडीए का बुलडोजर।

अमृत विचार : प्रदेश में माफिया के खिलाफ लागातार एक्शन जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब के घर पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान कड़ी भारी पुलिस बल तैनात रहा। यह सम्पत्ति करीब पांच करोड़ की बताई जा रही है।

प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने गुरुवार को अतीक अहमद के भाई अशरफ की ससुराल पर बड़ी कार्रवाई की है। पीडीए ने वक्फ बोर्ड को जमीन पर बनाए गए करोड़ों के मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। 400 वर्ग गज में बना यह आलीशान मकान कानपुर हाईवे से सटा हुआ है। इसलिए इसकी कीमत भी करोड़ों में है। वक्फ बोर्ड की इस ज़मीन को अशरफ़ के ससुराल वालों ने कागज़ों में हेरफेर करके अपने नाम करा लिया था। इस प्रॉपर्टी पर अशरफ़ की पत्नी ज़ैनब और उसके भाई फ़ैज़ी का कब्ज़ा था।

ज़ैनब और उसके भाइयों पर पहले ही वक्फ बोर्ड के केयर टेकर ने मुकदमा दर्ज करा दिया था। इसके बाद राजस्व विभाग ने जांच की तो पता चला कि सल्लाहपुर में अशरफ के साले और ज़ैनब ने वक्फ की ज़मीन पर कब्ज़ा करके दुकान बनवा कर बेच दी और काफी ज़मीनों पर अपने लिए कोठी बनवा ली। वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्ति वापस पाने के लिए प्रशासन से मांग की तो पीडीए का एक्शन शुरू हो गया। वहीं प्रशासन का कहना है कि अशरफ की पत्नी जैनब ने 50 करोड़ से अधिक की वक्फ संपत्ति पर जैनब, जैद मास्टर आदि ने कब्जा कर मकान बनवाया हुआ है। इसे ध्वस्त करने का आदेश हुआ था। यह अवैध निर्माण पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर में वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनाया गया था।

नंवबर 2023 में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

बता दें कि जैनब फातिमा के जिस आलीशान घर पर बुलडोजर चलाया जाएगा। उसकी कीमत पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह घर सात बीघा जमीन पर बना हुआ था। जमीन पर अशरफ की पत्नी जैनब, उसके भाई जैद और सद्दाम ने कब्जा किया हुआ था। वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर नंवबर 2023 में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद दिसंबर 2023 को गैंगस्टर एक्ट में मुनादी कराकर इसे कुर्क किया गया था।

किशोर को जमानत देने में अपराध की गंभीरता प्रासंगिक कारक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट ने किशोर न्याय अधिनियम के तहत जमानत देने की शर्तों को स्पष्ट किया

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत किशोर को जमानत देने की शर्तों को स्पष्ट किया। कोर्ट ने कहा कि किसी किशोर को जमानत देने में अपराध की गंभीरता कोई प्रासंगिक कारक नहीं है। अपराध की प्रकृति और गंभीरता के आधार पर किशोर की जमानत खारिज नहीं की जा सकती है।

किसी किशोर को केवल तीन परिस्थितियों में ही जमानत देने से इनकार किया जा सकता है, जैसे- अगर रिहाई से उसके किसी ज्ञात अपराधी के साथ संबंध होने की संभावना हो या अगर उसे कोई नैतिक, शारीरिक या मनोवैज्ञानिक खतरा हो या अगर उसकी रिहाई से न्याय का उद्देश्य विफल होता हो। कोर्ट ने एक अन्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि उक्त परिस्थितियों के अलावा किशोर को जमानत देने से इनकार करने के लिए अपराध की गंभीरता कोई प्रासंगिक आधार नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की एकलपीठ ने आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत मामले में एक नाबालिग को जमानत देते हुए पारित किया, जिसकी जमानत याचिका अपर सत्र न्यायाधीश, शाहजहांपुर द्वारा खारिज कर दी गई थी। याची के अधिवक्ता ने बताया कि घटना के समय याची की आयु लगभग 16 वर्ष और 6 महीने थी। इसके अलावा चार सह-आरोपियों को न्यायालय द्वारा पहले ही जमानत दी जा चुकी है, साथ ही याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। याची किशोर होने के कारण अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के लाभों का हकदार है। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याची में आपराधिक मनोवृत्ति या आपराधिक मनोविज्ञान नहीं दिखता है। निर्धारित समय-सीमा के अंदर मुकदमा पूरा न होने के कारण उसे अनावश्यक रूप से जेल में रहना पड़ा। इसके साथ ही उक्त अधिनियम की धारा 12(1) में उल्लिखित परिस्थितियां याची को जमानत देने से इनकार नहीं करती हैं। कोर्ट ने इस बात पर ध्यान दिया कि याची की मां उसकी सुरक्षा और भलाई के संबंध में अधिनियम की धारा 12 में व्यक्त वैधानिक चिंताओं को दूर करने का वचन देती हैं। अतः याची को जमानत दे दी गई।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पूर्व आगरा स्थित ताजमहल के समीप योगाभ्यास कर आमजन को योग के प्रति जागरूक करती युवतियां।

बेतवा में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

▸▸ नदी किनारे चप्पल देख चरवाहों को हुई घटना की आशंका

अमृत विचार : बेतवा नदी नहाने गए तीन बच्चे डूब गए। बच्चों के कपड़े व चप्पलें नदी किनारे पड़ी होने पर चरवाहों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। काफी तलाश के बाद तीनों बच्चों के शव नदी में उतराते मिले। जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

पौथिया निवासी हर्षित (10) पुत्र कालका प्रसाद उर्फ कलकी, रोहित (9) पुत्र आशाराम व सौरभ (9) पुत्र केश कुमार तीनों गुरुवार की करीब 11 बजे बेतवा नदी में नहाने गए थे। नहाते समय गहरे पानी में जाने से तीनों नदी में समा गए। उधर काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन ढूंढ़ते नदी किनारे पहुंचे तो वहां पशु चरा रहे चरवाहों ने कपड़े और चप्पल देख डूबने की शंका जाहिर की। थोड़ी देर बाद तीनों बच्चों के शव नदी में उतराते मिले। जिन्हें पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति व पुलिस जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

फरार होने के आधार पर अभियुक्त को दोषी ठहराना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट ने हत्या के 25 साल पुराने मामले में दोषसिद्धि खारिज की

▸▸ याची को संपत्ति बंटवारे को लेकर संदेह के आधार पर बनाया गया था आरोपी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 25 साल पुराने हत्या मामले में दोषसिद्धि को खारिज करते हुए कहा कि केवल आरोपी के फरार होने के आधार पर उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा-8 के तहत आरोपी का आचरण एक प्रासंगिक तथ्य हो सकता है, लेकिन यह किसी व्यक्ति को हत्या जैसे गंभीर अपराध में आरोपी ठहराने का आधार नहीं हो सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने राजवीर सिंह की आपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया, जिसमें अपर सत्र न्यायाधीश, आगरा द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत अभियुक्त को आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अपीलकर्ता पर अपने भाई नेम सिंह की हत्या का आरोप लगाया गया। संदेह के आधार पर उसे आरोपी बनाते हुए कहा गया कि वह संपत्ति के बंटवारे और अपनी मां के नाम पर प्लॉट की बिक्री से प्राप्त राशि को साझा न करने को लेकर अपने भाई से झगड़ा करता था। अगस्त 1999 को अपीलकर्ता को गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर एक खुली जगह से अपराध में शामिल कुल्हाड़ी तथा अपीलकर्ता के कमरे से खून से सने कपड़े भी बरामद किए गए। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर ट्रायल कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अपीलकर्ता के खिलाफ मामला साबित होता है।

हाईकोर्ट में दाखिल अपील के तहत तर्क दिया गया कि आरोपी के घर से कुल्हाड़ी और कपड़ों की कथित बरामदगी भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 के तहत साबित नहीं हुई है। ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए सरकारी अधिवक्ता ने तर्क दिया की अपीलकर्ता घटनास्थल से फरार हो गया था जो उसकी मामले में संलिप्तता का संकेत है। अंत में कोर्ट ने रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्यों का विश्लेषण करते हुए पाया कि ऐसे मामलों में अपराध का मकसद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान मामले में मकसद को पुख्ता और ठोस तरीके से साबित नहीं किया गया था, जिससे अभियोजन पक्ष की कहानी कमजोर पड़ती है। अतः यह कहा जा सकता है कि आरोपी को केवल फरार होने के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

वर्ग पहेली-107

बाएं से दाएं

2. अहीर या ग्वाला।

5. 1. (रामायण) मिथिला नरेश जनक की कन्या जिसका विवाह रामचंद्र से हुआ था, जानकी, वैदेही 2. हल द्वारा जोतने से ज़मीन पर निर्मित रेखाकार गड्ढा 3. हल का फाल 4. कृषिकर्म 5. कृषि की अधिष्ठात्री देवी 6. राजा की व्यक्तिगत कृषि भूमि, सीर 7. प्राचीन काल में सीताध्यक्ष नामक अधिकारी द्वारा प्रजा से एकत्रित अन्न।

6. 1. ख़ून, रक्त, रुधिर 2. केसर, सिंदूर 3. तांबा।

8. लेख, आलेख।

10. 1. आवेग संबंधी 2. जोशीला, बिना सोचे-समझे कुछ कर गुज़रने वाला 3. आवेगशील, अशांत।

ऊपर से नीचे

1. कमी, त्रुटि।

3. 1. सिर में निकाली हुई मांग, स्त्रियों के सिर की मांग 2. हद, सीमारेखा 3. अस्थिसंघात, हड्डियों का जोड़।

4. विकसित, सुसंस्कृत, उन्नत।

7. बहुत दूर तक की बात सोचने वाला, दूरदर्शी, अग्रसोची।

8. 1. कुमार्गी, कुपथगामी 2. आचरणहीन, बुरे चाल-चलन वाला।

9. 1. वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुओं की दुकानें हों, वस्तुओं के क्रय-विक्रय का निश्चित स्थान, हाट, मंडी, (मार्केट) 2. क्रय-विक्रय के लिए एकत्रित हुए लोग। (मु.)-करना : ख़रीददारी करना। -तेज़ होना : सभी वस्तुओं का मूल्य बढ़ना।



वर्ग पहेली -106 का हल

			1 थ	ने	ला	
	2 को	य	ला			
	का		3 ज		4 डु	
	5 बे	उ	सू	ल		लि
6 चो	ली		7 कं	जि	का	
			डु			
8 अ	नु	ना	दी		9 सि	ल

सुडोकू -20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		6				1	
5	4						9	
7			9	3	4			6
6				4	9		3	
		2				4		
	1		7	8				9
9			1	2	5			3
	6						7	5
	3				7		8	

सुडोकू - 19 का हल

3	1	6	8	5	9	4	7	2
2	5	9	4	6	7	8	1	3
8	4	7	2	1	3	5	9	6
4	9	8	5	3	1	2	6	7
6	7	1	9	4	2	3	8	5
5	2	3	7	8	6	9	4	1
1	8	5	6	2	4	7	3	9
9	6	4	3	7	5	1	2	8
7	3	2	1	9	8	6	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी-07.31 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 18.19 तक तत्पश्चात मूल।

मेष — आज छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। कुछ अपने लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। ई-मेल और अन्य दस्तावेजों पर सावधानी पूर्वक जांचकर ही प्रतिक्रिया दें।

वृष — आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेतर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ नवाचारी प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

मिथुन — आज अनावश्यक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध लोगों की भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइन्ट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है।

कर्क — आज प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए।

सिंह — आज किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा कर सकते हैं। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों के दृष्टिकोण से दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

कन्या — आज मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खान-पान की आदतों में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपके सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। मित्रों के साथ कहीं दूर की यात्रा का विचार बनाएंगे।

तुला — आज दिल की बजाय दिमाग से काम करें। अपने काम में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा।

वृश्चिक — आज व्यवहार कुशलता के कारण आप कुछ उलझे हुए मामलों को सुलझा सकते हैं। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशन्सा करेंगे।

धनु — आज कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ संवादहीनता की स्थिति पनप सकती है। जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं।

मकर — आज समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल रखेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

कुंभ — आज परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें।

मीन — आज आपकी वाणी में सौम्यता परिवार में विशेष सम्मान की दिलाएगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का रावण — सुबह : 09.00
जान से प्यारा — शाम : 06.00

&pictures
शूरवीर — सुबह : 11.05
धमाल — रात : 07.30

SONY PIX
इट — सुबह : 10.00
हांस जिमर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
वलाटी — सुबह : 12.02
मायोन — रात : 08.00

colors CINEPLEX
आंखें — सुबह : 08.17
कुछ कुछ होता है — शाम : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश..

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 930 फ्लैग 1040 डीएमओ 830 बोल्ड 1105, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1090 डीएमओ 800।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से पैदा हो सकती है बड़ी समस्या: दास

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। दास ने कहा-हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि

असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है। दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है। पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ऋण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को ऐसी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है।

गेहूं कीमतों में स्थिरता के लिए नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी: सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है।

- **शाह की अध्यक्षता में समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा**

आंकड़े दर्शाते हैं कि, 20 जून तक गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 30.99 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो एक साल पहले 28.95 रुपये था, जबकि गेहूं के आटे की कीमत पिछले साल 34.29 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 36.13 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मंत्रियों ने बैठक के दौरान गेहूं के स्टॉक और कीमतों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा-केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखी जाए और देश के उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप किए जाएं।

आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अड़चन न आई तो म्यामांर, भूटान, घाना, चिली, फिजी, इजराइल समेत आठ देशों और उत्तर प्रदेश के बीच 1000 करोड़ के कारोबार की नींव पड़ जाएगी। यह संभावना एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डीपी सिंह ने बीते शनिवार-रविवार को हुए कान्क्लेव को सफल बताते हुए जताई। कान्क्लेव में करीब 30 देशों के राजदूतों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

गुरुवार को आयोजित सक्सेज सेरेमनी के दौरान डीपी सिंह ने बताया कि इन देशों के बीच प्रमुख रूप से मसाला, चिकन वस्त्र, जरदोजी, श्रमिकों की आपूर्ति, भवन और सड़क निर्माण के लिए कांट्रैक्टर समेत कई बिंदुओं पर निर्यात और आयात पर सहमति बन रही है। एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक अनुबंधों का यह प्रयास उप्र. प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए संगठन की ओर से उठाया गया एक कदम मात्र है। संगठन की ओर यूपी और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार और आयात-निर्यात के लिए मंच

आयोजित सेरेमनी में पत्रकारों से बात करते डीपी सिंह। ● अमृत विचार

- **एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर चल रहा मंथन**
- **मसाले-कृषि उपकरण के साथ श्रमशक्ति के निर्यात पर फोकस**

उपलब्ध कराया गया। परिणाम उत्साहजनक नजर आ रहे हैं।

म्यामांर और भूटान को मसाले की दरकार तो रॉ-मैटीरियल के लिए भारत तैयार: अध्यक्ष बताते हैं कि कोशिश है कि म्यामांर और भूटान समेत दो अन्य देश भारत से मसाले खरीद सकते हैं। वहां से कई वस्तुओं के रॉ-मैटीरियल खरीद के लिए भारत हाथ बढ़ा सकता है। कजाकिस्तान, रूस से जरदोजी वाले चिकन वस्त्र और भदोही के कालीन की मांग पर विचार हो रहा है। यही नहीं फिजी, इजराइल, घाना आदि में मैन पावर की डिमांड है।

खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की मांग

डीपी सिंह ने बताया कि कृषि उपकरणों की मांग है। फिजी, घाना समेत कई देशों को कृषि उपकरणों की खासी जरूरत है। यहां तक खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की जरूरत है। ये देश भारत से बड़ी मात्रा में कृषि उपकरण खरीद सकते हैं।

इजराइल, घाना से श्रमिकों व ठेकेदारों की डिमांड

युद्ध की विभीषिका को देखते हुए इजराइल में सिविल और निर्माण कार्य के लिए विशेषज्ञ ठेकदारों और मैन पावर आपूर्ति के प्रस्ताव पर भी विचार जारी है। सुरक्षा समेत सभी पहलुओं पर विचार होने के बाद ही इस पर आगे बढ़ा जाएगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	92,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,000
गिन्नी (प्रति नग)	55,150-55,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,350
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,000
चांदी तैयार	90,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,200
सोना जेवरात गिन्नी	71,200
चांदी पक्की	884 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,850
चांदी आभूषण	91,000।

स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 70 प्रतिशत घटकर चार साल के निचले स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है। स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है।

- **आंकड़ों के मुताबिक 9,771 करोड़ रुपये रह गया**

यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है। एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं।

अनचाही कॉल एसएमएस पर लगाम के लिए मसौदा जारी

नई दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को प्रचार-प्रसार संबंधी फोन कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने से संबंधित दिशा-निर्देशों के मसौदे पर 21 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित कीं। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए इन दिशा-निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार और सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है।

राष्ट्रीय

मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं प्रधानमंत्री : राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने नीट विवाद को लेकर किया दावा, कहा-सरकार चलाने के लिए करेंगे संघर्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं और सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध रोक देते हैं, लेकिन पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि

शिक्षण संस्थाओं पर भाजपा और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल संसद के आगामी सत्र में पेपर लीक के मुद्दे को उठाएंगे।

उन्होंने कहा-कहा जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी जी ने रूस-यूक्रेन के युद्ध को रोक दिया था। इजरायल और गाजा के बीच युद्ध को को रोक दिया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। राहुल ने दावा किया, अगर मैं कहूं तो प्रधानमंत्री मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं।

शिक्षा और भर्ती प्रणाली को तहस नहस कर दिया : खरगे

कांग्रेस ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार लीक और फ्रॉड के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इस सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है।

छिटपुट घटनाओं का लाखों छात्रों पर असर नहीं पड़ना चाहिए: प्रधान

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को फिर से आयोजित करने की विपक्ष की मांग के बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि गड़बड़ी की छिटपुट घटनाओं से उन लाखों विद्यार्थियों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, जिन्होंने सही तरीके से परीक्षा पास की है। प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान ने विपक्षी दलों से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील की और कहा कि एनटीए के अधिकारियों सहित दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि एनटीए की कार्यप्रणाली की समीक्षा और सुधार के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन जल्द ही किया जाएगा।

तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में स्थित करुणापुरम क्षेत्र में मातम का माहौल है जहां जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और इसके चलते कई बच्चे अनाथ हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जहरीली शराब पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा-कल्लाकुरिची में हुई यह घटना नहीं होनी चाहिए थी और इससे मुझे गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि 'मेथनॉल मिश्रित देशी शराब' पीने से 34 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों की विशेष देखभाल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस स्थिति की समीक्षा के लिए

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से एक रिश्तेदार की मौत पर शोक मनाते लोग। ● एजेंसी

संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस मामले की जांच करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का भी निर्देश दिया। यह आयोग अवैध देशी शराब पीने से हुई लोगों की मौत के कारणों की जांच करेगा और साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर सरकार से सिफारिश करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली शराब बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने जान गंवाने वाले 34 लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की।

एक नजर

सीजेआई और साथी न्यायाधीश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में लेंगे भाग

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के उनके साथी न्यायाधीश शुक्रवार को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह में भाग लेंगे। शीर्ष अदालत की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है, 21 जून 2024 को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, उच्चतम न्यायालय के विस्तारित भवन परिसर के 'सी' ब्लॉक में द्वितीय तल पर स्थित सभागार और 'ए' ब्लॉक के चतुर्थ तल पर स्थित योग एवं मनोरंजन हॉल में रजिस्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

अभिनेता दर्शन की पुलिस हिरासत बढ़ी

बेंगलुरु। बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में बृहस्पतिवार को कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप एवं तीन अन्य आरोपियों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी। धनराज, विनय और प्रदोष तीन अन्य आरोपी हैं जिनकी पुलिस हिरासत बढ़ायी गयी है। तेरह अन्य आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उनमें दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा भी शामिल हैं।

बिहार के उपमुख्यमंत्री ने नीट प्रश्न पत्र लीक विवाद को राजद से जोड़ा

पटना, एजेंसी

- **विजय कुमार सिन्हा ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की**

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी के राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

पटना में संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा ने दावा किया कि राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के साथ लगातार संपर्क में था। उन्होंने कहा कि राजद नेता से जुड़े अधिकारी और मुख्य आरोपी के बीच संबंधों की गहन जांच की जानी चाहिए। यादवेंदु समस्तीपुर जिले का रहने वाला है। सिन्हा ने कहा, तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी सिकंदर के लिए पटना और अन्य स्थानों के गेस्ट हाउसों में ठहरने की व्यवस्था करता था। मेरे पास उन संदेशों का विवरण है जो अधिकारी ने सिकंदर के ठहरने की व्यवस्था करने के लिए संबंधित व्यक्तियों को भेजे थे। उन्होंने कहा कि उनके पास वह मोबाइल नंबर

है जिससे यादवेंदु के ठहरने के लिए संदेश भेजे गए थे। इसकी गहन जांच होनी चाहिए। राजद नेता (तेजस्वी प्रसाद) इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, पूरे घटनाक्रम से पता चलता है कि राजद नेता किस तरह भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं। ऐसी खबरें हैं कि आरोपी रांची में न्यायिक हिरासत के दौरान लालू प्रसाद से जुड़ा था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नीट पेपर घोटाले के सरगना के राजद नेता तेजस्वी यादव से संबंधों को लेकर उठ रहे सवालों पर तेजस्वी की चुप्पी से प्रतीत होता है कि दाल में कुछ न कुछ काला जररू है। उन्होंने कहा-तेजस्वी जी को बताना चाहिए कि आखिर उनके और पेपर घोटाले के सरगना के बीच क्या संबंध हैं।

मप्र में पिता को लीवर देना चाहती है नाबालिग बेटी

इंदौर,एजेंसी

- **उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया फैसला करने का निर्देश**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने राज्य सरकार को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि वह 17 वर्षीय बेटी की सहमति से उसके पिता को यकृत का हिस्सा दान करने से जुड़े अनुरोध पर जल्द से जल्द फैसला करे और तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपे।

अदालत ने शहर के एक सरकारी अस्पताल के प्रबंधन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग लड़की की स्वास्थ्य जांच करके यह बताए कि पिता को लीवर का हिस्सा दान करने के बाद कहीं बेटी को सेहत से जुड़ी कोई समस्या तो नहीं होगी। इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी करने वाले शिवनारायण बाथम (42) ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके गुहार लगाई है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी प्रीति को उन्हें लीवर का हिस्सा दान करने की मंजूरी दी जाए। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ के सामने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान बाथम के वकील ने कहा उनके मुवक्किल को लीवर का हिस्सा जल्द प्रत्यारोपित नहीं किया गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया गया कि यह मामला मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार को भेजा गया है।

अखनूर बस दुर्घटना: जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक निलंबित

जम्मू, अमृत विचार: यूपी हाथरस से शिवखोड़ी जा रही बस गत 30 मई को अखनूर-सुंदरवनी रोड के चौकी चौरा के निकट खाई में जा गिरी थी। इस हादसे में कुल 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे को संज्ञान में लेते हुए जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अधिकारियों ने जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार को निलंबित करके उनको पुलिस हैडक्वार्टर में अटैच कर दिया। इससे पूर्व भी हादसे में लापरवाही को लेकर प्रशासन ने आरटीओ कार्यालय लखनपुर प्रवेश द्वार के एक इंस्पेक्टर सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। इस मामले में आने वाले दिनों में लापरवाही के चलते कुछ और कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है।

कर्नाटक में दो लोग मृत पाए गए, शरीर पर गोलियों के निशान

हासन (कर्नाटक)। कर्नाटक के हासन जिले में बृहस्पतिवार को दो लोग मृत पाए गए। उनके शरीर पर गोली लगने के घाव हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को ऐसा संदेह है कि ये हत्या और आत्महत्या का मामला हो सकता है। हासन पुलिस अधीक्षक एम. सुजीता एम. एस. के अनुसार, दोनों व्यक्ति एक कार से होयसला नगर आए थे और एक भूखंड के पास किसी मुद्दे को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आसपास रह रहे लोगों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी। एक व्यक्ति कार के बाहर मृत पाया गया, जबकि दूसरा वाहन के अंदर मृत मिला।

लू से 114 लोगों की मौत, तापघात के करीब 41 हजार मामले आए

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के एक बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी की वजह से इस वर्ष एक मार्च से लेकर 18 जून तक कम से कम 114 लोगों मौत हुई है और 40,984 लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गर्मी से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है जहां लू और तापघात से करीब 37 लोगों की मौत हई है। इसके बाद

भीषण गर्मी का प्रकोप

बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई है। इस संबंध में एक अधिकारिक सूत्र ने कहा, उपलब्ध आंकड़े राज्यों की ओर से दिए गए अंतिम आंकडे.नहीं हैं। इसलिए यह संख्या बढ़ भी सकती है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बुधवार को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू की जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। उन्होंने लू और तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की।

आंकड़ों के मुताबिक, 19 जून को तापघात से चार लोगों की मौत हो गई। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में हैं, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है और केंद्र को ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पतालों में विशेष इकाइयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लू के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया गया है। इसके तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के अंतर्गत राज्य नोडल अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक मार्च से तापघात के मामलों और मौतों तथा कुल मौतों के आंकड़ों को प्रतिदिन जारी करना शुरू करें, साथ ही गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत उनकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं। परामर्श में कहा गया है कि सभी जिलों में तापजनित बीमारियों (एचआरआई) पर राष्ट्रीय कार्ययोजना का प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

सूर्या की आंधी, बुमराह के कहर से अफगान ध्वस्त

भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया, सूर्या की फिफ्टी, जसप्रीत-अर्शदीप ने झटके 3-3 विकेट

ब्रिजटाउन, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव।

सूर्यकुमार यादव (53) और हार्दिक पांड्या (32) की जूझारु परियों और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ ग्रुप एक के मुकाबले में अफगानिस्तान को हरा दिया है। आज यहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और विराट कोहली की भारतीय सलामी एक बार फिर फ्लॉप साबित हुई।

तीसरे ओवर में फजलहक फारूकी ने रोहित शर्मा (8) को राशिद खान के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। सातवें ओवर में ऋषभ पंत 11 गेंदों में (20) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें राशिद खान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद नौवें ओवर में राशिद ने विराट कोहली (24) का भी शिकार कर लिया। 11वें ओवर

टी-20 वर्ल्डकप

- **हार्दिक ने खेली 32 रनों की महत्वपूर्ण पारी**
- **राशिद खान ने तीन विकेट लेकर दिए 26 रन**

में शिवम दुबे (10) को भी राशिद ने पवेलियन भेजा। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में फजलहक फारूकी ने सूर्यकुमार यादव को आउट कर अफगानिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। सूर्यकुमार यादव ने 28 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (53) रनों की पारी खेली। हार्दिक पांड्या 24 गेंदों में 32 रन और रवींद्र जडेजा सात रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल ने छह गेंदों में 12 रन बनाये। अर्शदीप सिंह दो रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 181 रन का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और फजलहक फारूकी ने तीन-तीन विकेट लिये। नवीन उल हक़ को एक विकेट मिला। 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (11) का विकेट गवां दिया।

उन्हें जसप्रीत बुमराह ने आउट किया। चौथे ओवर में अक्षर पटेल ने इब्राहिम जदरान (8) को आउट कर अफगानिस्तान को दूसरा झटका दिया। पांचवें ओवर में बुमराह ने हजरतुल्लाह जजई (2) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। गुलबदीन नईब (17) कुलदीप यादव ने पवेलियन का रास्ता दिखाया।

अजमतउल्लाह उमरजई और नजीबउल्लाह जदरान ने पारी

जसप्रीत बुमराह।

को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में रविन्द्र जडेजा ने उमरजई (26) को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। 16वें ओवर में बुमराह ने नजीबउल्लाह जदरान (19) को आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। 17वें ओवर में कुलदीप ने मोहम्मद नबी (17) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। 18वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने राशिद खान (2) और नवीन उल हक (शून्य) के विकेट चटकाए। अर्शदीप ने 20वें ओवर की आखिर गेंद पर नूर अहमद (12) को आउट कर अफगानिस्तान 134 रन समेट दिया।

इसी के साथ ही भारत ने सुपर आठ का अपना पहला मुकाबला 47 रन से जीत लिया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन- तीन विकेट लिये । कुलदीप यादव को दो विकेट मिले। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने एक- एक बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

सैमंस जिम्बाब्वे पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने

हरारे, एजेंसी। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप के लिये जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे।

अंविता ने अपने दूसरे ही टूर्नामेंट में खिताब जीता

बेंगलुरू। अंविता नरेंद्र ने अपने दूसरे ही पेशेवर टूर्नामेंट में खेलते हुए गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण का खिताब सात शॉट की बढ़त के साथ जीता। न्यू जर्सी में जन्मीं अंविता पिछले हफ्ते अपने पदार्पण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहीं थी। उन्होंने यहां अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से कुल आठ अंडर 210 का स्कोर बनाया। अंविता ने एमेच्योर खिलाड़ी लावन्या जेडोन को पछाड़ा जो अंतिम दौर में 73 के स्कोर से कुल एक अंडर 209 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं। अपना दूसरा पेशेवर टूर्नामेंट खेल रहीं विधात्री उर्स तीसरे स्थान पर रहीं।

सेरेवी पुरुष, महिला रग्बी 7 टीमों के मुख्य कोच

नयी दिल्ली,। विश्व रग्बी हाल आफ फेम में शामिल वेसाले सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला रग्बी 7 टीमों का मुख्य कोच बनाया गया है। फीजी के सेरेवी क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर 15 प्रति टीम रग्बी खेल चुके हैं। 'किंग आफ सेवंस' कहलाये जाने वाले सेरेवी ओलंपिक में रग्बी सेवंस को शामिल करने के लिये अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विश्व रग्बी के सलाहकार भी रह चुके हैं। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल ने कहा कि रग्बी इंडिया में हम सभी का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना है। हम राष्ट्रीय सेवंस टीमों के मुख्य कोच के तौर पर वेसाले सेरेवी का स्वागत करते हैं।

भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके

अंताल्या (तुर्की)। भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं, लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जायेगी।

बुमराह के मुरीद हैं एम्बरोज

ब्रिजटाउन , एजेंसी

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।

इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिये वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं। एम्बरोज ने इंटरव्यू में कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिये। मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिये सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।

डेविड के सम्मान में काली पट्टी बांध कर उतरी टीम

ब्रिजटाउन। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के सम्मान में अफगानिस्तान के खिलाफ यहां गुरुवार को टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1996 में दो टेस्ट खेलने वाले 52 वर्षीय जॉनसन का यहां गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरकर निधन हो गया। स्थानीय पुलिस ने कहा है कि यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि क्या यह आत्महत्या का मामला था। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरे। सचिन तेंदुलकर सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड जीता

ग्रोस आइलेट, एजेंसी

फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाये, लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिये। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये।

वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत

का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की। साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिये 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया।

धीमी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाये। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आंद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108 .9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए।

क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारे अल्कारेज

लंदन, एजेंसी

विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज की इस ग्रैंडस्लैम की तैयारियों को झटका लगा जब गुरुवार को यहां वह क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए। यहां गत चैंपियन और शीर्ष वरीय अल्कारेज को जैक ड्रेपर के खिलाफ 6-7, 3-6 से सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है और उन्होंने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। अल्कारेज ने पिछले साल क्वीन्स टूर्नामेंट जीतकर विंबलडन की तैयारी करते हुए पहली बार इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट को जीता था। स्पेन के अल्कारेज को हालांकि फ्रेंच ओपन में खिताब जीतने के बाद अब तक ग्रास कोर्ट पर सिर्फ दो मैच खेलने का मौका मिला है।

ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **बांग्लादेश खिलाफ सुपर-8 का मुकाबला आज**
- **टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा चुकी है सीरीज**

कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है। बांग्लादेश ने 2021 में अपनी घरेलू धरती पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था। यहां की परिस्थितियां भी काफी हद तक उपमहाद्वीप से मिलती हैं और ऐसे में किसी भी तरह की ढ़िलाई ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ सकती है।

टीम इस प्रकार है:

ऑस्ट्रेलिया: मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा। रिजर्व: जेक फ्रेजर-मैकगर्क,

मैट शॉर्ट।

बांग्लादेश: नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

इंग्लैंड और द. अफ्रीका के बीच कड़ा मुकाबला आज

ग्रोस आइलेट, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाजों का सामना द. अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी से

सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया।

अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0.90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश लगभग तय हो जायेगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के लिये 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में जीत दिला दी। साल्ट एक बार फिर कप्तान बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाना चाहेंगे।

सर्बिया और स्लोवेनिया ने खेला ड्रा

म्यूनिख, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत सर्बिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में गुरुवार को स्लोवेनिया को 1-1 से बराबरी पर रोका दिया। इसके साथ ही स्लोवेनिया की टीम यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज करने से भी महरूम रह गई।

जेन कार्निकनिक ने 69वें मिनट में स्लोवेनिया को बढ़त दिलाई और ऐसा लग रहा था कि टीम एतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रहेगी लेकिन जोविच ने इंजरी टाइम में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। जोविच के गोल से सर्बिया के दर्शक खुशी से झूम उठे लेकिन उन्होंने मैदान पर चीजें भी फेंकनी शुरू कर दी। गोल होने के बाद खेल शुरू होते ही रैफरी ने मैच खत्म होने का इशारा करने वाली सीटी बजा दी जिसके बाद स्लोवेनिया के खिलाड़ियों के चेहरों पर निराशा साफ देखी जा सकती थी। अपने पहले मैच में डेनमार्क से ड्रॉ खेलने वाली स्लोवेनिया की टीम अपना अंतिम ग्रुप मैच मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी जबकि इसी दिन सर्बिया की भिड़ंत डेनमार्क से होगी।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम के साथ जा सकते हैं लक्ष्मण

नयी दिल्ली, एजेंसी। वीवीएस लक्ष्मण और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनका सहयोगी स्टाफ छह जुलाई से शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकता है जबकि गौतम गंभीर के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल श्रीलंका दौरे से शुरू करने की उम्मीद है। जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा इस हफ्ते के अंत में होगी जो 22 या 23 जून को हो सकती है। गंभीर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन को पछाड़कर इस समय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बनने के प्रबल दावेदार हैं।

बांग्लादेश से दो टेस्ट व तीन टी-20 खेलेगा भारत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी सीनियर पुरुष टीम के 19 सितंबर से 12 फरवरी तक के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अपने कैलेंडर में पांच घरेलू टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा।

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई और कानपुर में दो टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। इन पांच टेस्ट के अलावा भारत को घरेलू मैदानों पर आठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे की पूर्ण श्रृंखला 22 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जायेगी।

बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वनडे से भारत का घरेलू सत्र भी खत्म हो जायेगा क्योंकि इसके बाद टीम चैम्पियंस ट्राफी के लिए रवाना होगी जिसके 'हाइब्रिड मॉडल' में खेले जाने की उम्मीद है क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने की उम्मीद नहीं है। भारत का घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा और दूसरा टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जायेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ

पहला टेस्ट : बेंगलुरु (16-20 अक्टूबर)
दूसरा टेस्ट : पुणे (24-28 अक्टूबर)
तीसरा टेस्ट : मुंबई (1-5 नवंबर)

बांग्लादेश के खिलाफ

पहला टेस्ट : चेन्नई (19-23 सितंबर)
दूसरा टेस्ट : कानपुर (27 सितंबर-एक अक्टूबर)
पहला टी-20 : धर्मशाला (6 अक्टूबर)
दूसरा टी-20 : दिल्ली (9 अक्टूबर)
तीसरा टी-20 : हैदराबाद (12 अक्टूबर)

इंग्लैंड के खिलाफ

पहला टी-20 : चेन्नई (22 जनवरी)
दूसरा टी-20 : कोलकाता (25 जनवरी)
तीसरा टी-20 : राजकोट (28 जनवरी)
चौथा टी-20 : पुणे (31 जनवरी)
पांचवां टी-20 : मुंबई (2 फ़रवरी)
पहला वनडे : नागपुर (6 फरवरी)
दूसरा वनडे : कटक (9 फरवरी)
तीसरा वनडे : अहमदाबाद (12 फरवरी)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

कुआलालंपुर जा रहा विमान तकनीकी गड़बड़ी से लौटा

हैदराबाद, एजेंसी

कुआलालंपुर के लिए हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पिछली रात उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मलेशिया एयरलाइंस के पायलट को इंजन में किसी तकनीकी खराबी का पता चला और वह विमान को यहां वापस ले आया।

हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार उड़ान एमएच 199 ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात पौने एक बजे यहां से रवाना हुई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से कुछ देर बाद वह वापस लौट आयी। सूत्रों ने बताया कि विमान में 138 यात्री सवार थे। विमान को बुधवार देर रात 12 बज कर 15 मिनट पर रवाना होना था। सूत्रों ने बताया कि यह उड़ान तीन बजकर 21 मिनट पर हवाई अड्डे पर लौट आयी।

दुबई जाने वाला विमान आपात स्थिति में उतारा

नागपुर। चटगांव से दुबई जाने वाले यूएस-बांग्ला एयरलाइंस के विमान को इंजन में समस्या के कारण गुरुवार को नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। इस विमान में 175 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने एजेंसी को बताया कि बांग्लादेश के चटगांव शहर से दुबई जाने वाले विमान को इंजन में समस्या के कारण सुबह 10:30 बजे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। उन्होंने कहा कि यात्रियों को दूसरे विमान में बिठाया गया, जो रात 7:45 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना हुआ।

रूस-उत्तर कोरिया समझौते पर भड़का दक्षिण कोरिया

सियोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की, जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा।

राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है।

किस परियोजना में तैयार

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना में कुल 119 किलोमीटर की 38 सुरंगें शामिल हैं। सबसे लंबी सुरंग टी-49 की लंबाई 12.75 किलोमीटर है। यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। परियोजना में 927 पुल (कुल लंबाई 13 किलोमीटर) भी शामिल हैं। इन पुलों में चिनाब पुल भी है। यह एफिल टावर से लगभग 35 मीटर ऊंचा है।

इंजीनियरिंग का नमूना है पुल

चेनाब पुल का निर्माण तीव्र गति की हवा को ध्यान में रखकर किया गया है। इसका डिजाइन 266 किलोमीटर प्रति घंटा की हवा को आसानी से झेल सकता है। चेनाब पुल पर दो ट्रैक बिछाए गए हैं। पुल को इंक्रीमेंटल लॉन्चिंग से लॉन्च किया गया है। इस तरीके से लॉन्च करते हुए इसे एक कर्व में भी धकेला गया है। इस प्रकार का कार्य इंजीनियरिंग का नमूना है।

भारत में तैयार दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च पुल

भारत में तैयार दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च पुल पर रेलवे का ट्रायल चल रहा है। जल्द ही इस पर भारतीय रेल दौड़ती नजर आएंगी। जिससे इस पर यात्रा करने वालों को एक अलग ही अनुभव होगा। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की चेनाब नदी पर बना यह पुल देश के लिए किसी गौरव से कम नहीं है। आइए जानते हैं दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च पुल की खासियतें।

120 सालों तक सेवा में रहेगा

चेनाब पुल की ऊंचाई नदी तल से 359 मीटर है। चेनाब पुल की कुल लम्बाई 1315 मीटर है, जिसमें से 530 मीटर वायाडक्ट यानी जमीन के ऊपर और शेष भाग 785 मीटर चेनाब वैली पर बना है। चेनाब पुल को 120 वर्षों के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मतलब यह है कि पुल एक सदी से भी अधिक समय तक बड़ी आसानी से भारतीय रेलवे में सेवारत रहेगा।

27,000 टन स्टील की खपत

चेनाब पुल में कुल मिलाकर 18 खम्बे हैं, सबसे ऊंचा कंक्रीट पिलर करीब 49.343 मीटर का है और सबसे ऊंचा स्टील पिलर करीब 130 मीटर ऊंचा है। इस ब्रिज में लगभग 27,000 टन से भी ज्यादा स्टील की खपत हुई है। डीआरडीओ की मदद से इस पुल को ब्लास्ट लोड के लिए भी डिजाइन किया गया है। ब्रिज को जोड़ने के लिए विश्व स्तरीय वेल्डिंग का उपयोग किया गया है।

एक नजर

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की

नयी दिल्ली। इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो से फोन कॉल पाकर खुशी हुई।

पेन्सिलवेनिया प्रांत में गोलीबारी, सात घायल

न्यूयॉर्क। अमेरिका में पेन्सिलवेनिया प्रांत के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में सात लोग घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार की शाम को शहर में हुई गोलीबारी में सात लोग घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हमलावर एक वाहन में बैठकर घटनास्थल से भाग गए। फिलहाल घटनास्थल पर कोई हथियार नहीं मिला है। घटना की जांच जारी है।

रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर फिर हमला किया

कीव। रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं जबकि कीव की सेना ने सीमा पार ड्रोन से हमला कर एक बार फिर रूसी तेल सुविधाओं को निशाना बनाया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लगभग 1,000 किलोमीटर की सीमा पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होने की सूचना के साथ युद्ध में दोनों पक्षों ने दूर स्थित बुनियादी ढांचा संबंधी लक्ष्यों को निशाना बनाया है। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने मध्य और पूर्वी यूक्रेन में ऊर्जा सुविधाओं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर नौ मिसाइलें और 27 शाहिद ड्रोन दागे।

किशिदा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

टोक्यो। जापान की विपक्षी कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की कैबिनेट के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर आज ही मतदान होने की उम्मीद है। जापानी प्रसारक एनएचके ने मसौदा दस्तावेज के हवाले से कहा, प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के गुटों के राजनीतिक फंड के बारे में सच्चाई को सामने नहीं लाया है और रिश्वत प्रथा के उभरने की समस्या के बारे में अब तक कुछ नहीं कहा है।

भारतीय चुनाव प्रक्रिया की सराहना

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की

नयी दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में भारत की यात्रा आये सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने देश में लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में नैन्सी पेलोसी, ग्रेगरी मीक्स, मारियानेट मिलर-मीक्स, निकोल मल्लियोटाकिस, अमेरीश बाबूलाल 'अमी बेरा' और जिम मैकगवर्न शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने भारत में हाल ही में संपन्न दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया के पैमाने, निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने भारत-अमेरिका संबंधों को महत्वपूर्ण बताते हुए व्यापार, नई और उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक वैश्विक साझेदारी को और प्रगाढ बनाने के लिए समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने में अमेरिकी कांग्रेस के निरंतर और दोनों दलों के समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। यह साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति सम्मान और मजबूत लोगों से लोगों के संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने वैश्विक भलाई के लिए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने गत जून की अमेरिका की अपनी राजकीय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने का अवसर मिला था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करता अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल।

- **प्रधानमंत्री ने वैश्विक भलाई के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई**

दलाई लामा राजनीतिक प्रस्तावों में सुधार करें : चीन

बीजिंग, एजेंसी। चीन ने गुरुवार को तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा से कहा कि वह वार्ता के लिए अपने राजनीतिक प्रस्तावों पर विचार करते हुए उन्हें पूरी तरह से दुरुस्त करें। इसके साथ ही उसने अमेरिका से कहा कि वह तिब्बत से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता का सम्मान करे, क्योंकि वाशिंगटन एक सख्त तिब्बत नीति कानून पारित करने वाला है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि 14वें दलाई लामा के साथ केंद्र सरकार के संपर्क और संवाद के बारे में चीन की नीति सुसंगत और स्पष्ट है। चीन ने अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की धर्मशाला यात्रा और दलाई लामा (88) के साथ उनकी बैठक पर करीबी नजर रखी। प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ऐसे समय में हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों द्वारा पारित तिब्बत नीति विधेयक पर हस्ताक्षर करने वाले थे।

शेख हसीना आज आएंगी भारत

नयी दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को आ रही हैं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को भारत की राजकीय यात्रा करेंगी। भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में नयी सरकार बनने के बाद यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी। विज्ञप्ति के अनुसार यात्रा के दौरान हसीना प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय परामर्श करने के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

खाने में ब्लेड मामले में ताजसैट्स को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- **भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने ताजसैट्स बेंगलुरु में एक निरीक्षण किया**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने एयर इंडिया की एक उड़ान में खाने के सामान में ब्लेड जैसी वस्तु पाये जाने के मामले में बृहस्पतिवार को ताजसैट्स को सुधार नोटिस जारी किया।

एयरलाइन को खाने के सामान की आपूर्ति ताजसैट्स करती है। बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की उड़ान में एक यात्री को परोसे गए खाने के सामान में ब्लेड जैसी वस्तु मिलने के बाद यह नोटिस जारी किया गया। यह घटना नौ जून की है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ताजसैट्स बेंगलुरु में एक निरीक्षण किया। एयरलाइन को वहीं से खाने के सामान की आपूर्ति की गई थी। एफएसएसएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के वर्धन राव ने कहा कि हमने ताजसैट्स बेंगलुरु में विस्तृत निरीक्षण के बाद उसे एक सुधार नोटिस जारी किया है।

अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- **बिल नेल्सन बोले- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय यात्री को मिलेगा प्रशिक्षण**

नासा प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगी तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर संयुक्त प्रयास करेगी, जिसमें एक भारतीय यात्री को भी शामिल किया जाएगा। नेल्सन का बयान अमेरिका और भारत द्वारा एक तथ्यपत्र जारी किये जाने के बाद आया है। इस तथ्यपत्र में कहा गया है कि दोनों देश अमेरिका में इसरो के अंतरिक्षयात्रियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण शुरू करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह तथ्यपत्र जारी किये जाने से पहले सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और (भारतीय) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच 'आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल)' वार्ता हुई थी। नेल्सन ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, पिछले साल की मेरी भारत यात्रा के बाद आगे बढ़ते हुए नासा मानवता के फायदे के लिए महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका एवं भारत की पहल को बढ़ाती रहेगी। साथ मिलकर हम अंतरिक्ष में दोनों देशों के सहयोग का विस्तार कर रहे हैं तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर संयुक्त प्रयास में इसरो के एक अंतरिक्ष यात्री को शामिल करेंगे।

कागजी सिग्नल फॉर्म पर रोक का आदेश वापस

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **कंचनजंघा एक्सप्रेस हादसे के बाद सियालदह रेल मंडल ने रोक लगाने का लिया था फैसला**

सियालदह रेल मंडल ने गुरुवार को वह आदेश वापस ले लिया, जिसके तहत टी/ए 912 जारी करने पर रोक लगा दी गई थी। टी/ए 912 एक लिखित मंजूरी पत्र है, जिसे स्टेशन मास्टर ट्रेन चालक को सौंपता है, जिससे उसे स्वचालित सिग्नल प्रणाली के विफल होने की स्थिति में लाल सिग्नल पार करने की अनुमति मिल जाती है।

पिछले परिपत्र के जारी होने के एक दिन बाद गुरुवार देर शाम जारी नए परिपत्र में रेल मंडल ने कहा कि पत्र गलत तरीके से जारी किया गया था और इसलिए इसे वापस लिया जाता है। इससे पहले, आदेश में कहा गया था, कल महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी (पीसीएसओ) और अन्य प्रधान विभागाध्यक्ष (पीएचओडी) की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि टी/ए 912 जारी करना अगले आदेश तक निलंबित रहेगा। इसमें कहा गया, सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध है कि वे इस आदेश का सख्ती से पालन करें। पत्र टी/ए 912 को लेकर विवाद तब शुरू हुआ जब यह बात सामने आई कि कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारने वाली मालगाड़ी के चालक के पास स्टेशन मास्टर से नौ लाल सिग्नल को पार करने का अधिकार पत्र था।

समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की शुरुआत

कोलंबो, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से गुरुवार को समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की संयुक्त रूप से शुरुआत की। समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया है। जयशंकर सुबह श्रीलंका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात की।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर हुई प्रगति की सराहना की। जयशंकर ने पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मार्गदर्शन में भारत-श्रीलंका के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से बिजली, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में। हमारे पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों के निरंतर विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध। राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने बताया कि दोनों नेताओं ने श्रीलंका के राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और जयशंकर ने श्रीलंका में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र की पट्टिका का डिजिटल माध्यम से अनावरण किया और औपचारिक तौर पर केन्द्र की शुरुआत की।

- **समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया**

इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का अपहरण

लाहौर, एजेंसी

- **देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने घर से निकले थे गुलाम शब्बीर**

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अपहरण कर लिया है। मीडिया में आई खबरों में गुरुवार को यह जानकारी दी गई।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने खबर दी है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता शाहबाज गिल के बड़े भाई गुलाम शब्बीर का दो दिन पहले अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय अपरहण कर लिया, जब वह इस्लामाबाद जा रहे थे। इस बाबत कान्हा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी उनके बेटे बिलाल ने दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि शब्बीर देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने घर से निकले और इस्लामाबाद की ओर चल दिए। इस बारे में और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। पीटीआई पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं, जब उन्हें कुछ मामलों में दोषी करार दिया गया था। उनके खिलाफ करीब 200 मामले दर्ज हैं।

बॉलीवुड हलचल

भोजपुरी गाना सौतिनिया के सड़िया हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सुपर स्टार राकेश मिश्रा और अभिनेत्री श्यामली श्री का नया भोजपुरी गाना सौतिनिया के सड़िया रिलीज हो गया है। सौतिनिया के सड़िया गाना में राकेश मिश्रा और श्यामली श्री की लाजवाब केमेस्ट्री भी नज़र आ रही है। इस गाने को देसी लोटा एंटरटेनमेंट एंड शूट सॉल्यूशन द्वारा प्रस्तुत किया गया है और इसके निर्माता धुन बजा भोजपुरी हैं। गाना सौतिनिया के सड़िया को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना मस्त है और हमने इसे बेहद खूबसूरती से बनाया है। उम्मीद करता हूं सबों को पसंद आयेगा। उन्होंने कहा कि इस गाने में पहली बार उन्होंने खूबसूरत अदाकारा श्यामली श्री के साथ काम किया है। गाने को बनाने में सबों का योगदान सराहनीय रहा है। जहां तक बात श्यामली का है तो उसकी अदाकारी भी कमाल की है। इस गाने के जरिये उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल को दर्शकों के सामने रखा है। वहीं, श्यामली श्री ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बेहद ख़ास है। गाने में एक महिला की पीड़ा को दिखाया गया है, जब उसको ये पता चलता है कि उसके पीठ पीछे उसका पति किसी परायी स्त्री को साड़ी देकर आ रहा है।

अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धि : प्रभास

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास का कहना है कि महानायक अमिताभ बच्चन के साथ कल्कि 2898 एडी में काम करना उनके लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित साइंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी की प्री रिलीज इवेंट मुंबई में आयोजित की गयी। प्रभास ने बताया कि फिल्म कल्कि 2898 एडी के सेट पर कैसे अमिताभ बच्चन के पहली बार पैर छूने के बाद उन्हें दोबारा ऐसा न करने की सख्त ताकीद गई। वह भी इस चेतावनी के साथ कि यदि ऐसा वह दोबारा करेंगे तो अमिताभ बच्चन भी उनके पैर छू लेंगे। प्रभास ने अपने बचपन के दिनों की याद करते हुए बताया कि कैसे उन दिनों साउथ के हर लंबे आदमी को अमिताभ बच्चन ही कहकर बुलाया जाता था और कैसे उन्होंने अमिताभ बच्चन की तमाम फिल्में तमाम जतन करके देखी हैं।

माही-गोल्डी का लोकगीत पिया काली साड़ी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का नया लोकगीत पिया काली साड़ी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि अपने पति से काली साड़ी लाने की डिमांड करके नसीहत देकर माही श्रीवास्तव काफी खुश हैं। वह ठुमका लगाते हुए अपनी सहेलियों संग खूब मस्ती और डांस करते हुए कहती है कि... जहिया बजरिया सवारिया जी, डाले है पड़ोसन नजरिया जी, आप मेरे हीरो मैं हीरोइन आपकी, पेन्ह के लगूंगी ऐश्वर्या जी, दूनों दिलवा के बात दिलवाले पिया, गोरे देहिया प लागा ताड़ी काले पिया... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत पिया काली साड़ी के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को गोल्डी यादव ने गाया है।

खगोल विज्ञान स्पेन के बास्क सिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा

190 साल पुराना है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट 190 साल पुराना है। यह एक भीषण तूफान है, जो 450 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ता है। स्पेन के बास्क सिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में यह खुलासा किया है।

हमारे सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति ग्रेट रेड स्पॉट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है। किसी भी दूरबीन की पहली नजर इस तूफान पर पहले जाती है और हर कोई इस तूफान के बारे में जानना चाहता है। मगर नया शोध हैरत में डालने वाला है। जिसमें बृहस्पति के रेड स्पॉट की गहनता से जांच परख की है। जिसमें खासकर यह पता चलता है कि यह तूफान सीधे आगे न जाकर भंवर के रूप में एक सीमा के अंदर घूमता है। इस शोध ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह रेड स्पार्ट वह स्थान नहीं है, जिसे खगोलविदों द्वारा 1600 के दशक में पहली बार देखा गया था। नया विशाल नारंगी प्रतिचक्रवात है। 17 जून को शोधकर्ताओं ने कहा कि आज हम बृहस्पति पर जो ग्रेट रेड स्पॉट देखते हैं, यह वह तूफ़ान नहीं है जो खगोलविदों ने 1600 के दशक में देखा था। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह तूफान करीब 190 साल पहले बना था। यह सौर मंडल में सबसे लंबे समय तक रहने वाला भँवररूपी चक्रवाती तूफान है। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। ग्रेट रेड स्पॉट का आकार और रंग पिछले कुछ वर्षों में भिन्न-भिन्न रहा है। 1879 में वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि ग्रेट रेड स्पॉट की चौड़ाई 39,000 किमी थी। मगर अब 14,000 किमी चौड़ा और गोलाकार है। वर्तमान में इसका आकार लगभग पृथ्वी व्यास के बराबर है।

बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान का ताजा चित्र।

उथला व पतला है ग्रेट रेड स्पॉट

नैनीताल : ग्रेट रेड स्पॉट उथला और पतला है। शोधकर्ताओं ने जोवियन वातावरण में पतले भंवरों के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए कंप्यूटर मॉडलिंग का उपयोग किया। तूफ़ान कैसे बना होगा, इस बारे में अध्ययन किया। यह एक विशाल महातूफान छोटे भंवरों के विलय या शायद वायुमंडलीय कोशिका बनाने वाली हवाओं में अस्थिरता का परिणाम हो सकता है।